सुप्रभात
रांची, शनिवार
05.11.2022
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

www.dailykhabarmantra.com कार्तिक, शुक्ल पक्ष, द्वादशी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 112

12 सुप्रीम कोर्ट ने कर्मचारी पेंशन योजना-2014 को वैध ठहराया




## न्यूज डायरी

### चीन का रॉकेट बूस्टर अनियंत्रित, भारत पर खतरा

**नयी दिल्ली।** अंतरिक्ष में चीन का एक रॉकेट बूस्टर नियंत्रण से बाहर हो गया है। वह तेजी से पृथ्वी की ओर बढ़ रहा है। अंतरिक्ष विशेषज्ञों का मानना है कि अगले कुछ घंटों में पृथ्वी पर कहीं भी क्रैश कर सकता है। रॉकेट के टुकड़े भारत, चीन अमेरिका, दक्षिण पूर्व एशिया, अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के कुछ हिस्सों में गिर सकते हैं। स्पेन ने अपना हवाई अड्डा बंद कर दिया है। यह रॉकेट जहां भी गिरेगा, वहां जान-माल का बड़ा नुकसान हो सकता है।

### सीएम आज रामगढ़ को देंगे करोड़ों की सौगात

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन शनिवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में शामिल होने रामगढ़ पहुंचेंगे। सीएम रामगढ़ में करोड़ों की योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। श्री सोरेन रजरप्पा मंदिर में मां का दर्शन कर राज्य की खुशहाली की कामना करेंगे। उनके कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

### एनआइटी जमशेदपुर का दीक्षांत समारोह आज

**जमशेदपुर।** एनआइटी का 12वां दीक्षांत समारोह शनिवार को संस्थान के परिसर में ही आयोजित किया गया है। इसमें बीटेक 2018-22 तथा एमटेक 2020-22 सत्र के छात्रों को डिग्रियां प्रदान की जायेंगी। कुल 1037 विद्यार्थियों को डिग्री मिलेगी। इस बार यूजी सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा हंसा कुमारी तथा पीजी एमसीए की छात्रा दिव्यांशी अग्रवाल को गोल्ड मेडल प्रदान किया जायेगा। हर विभाग के टाप 23 छात्रों को रजत पदक प्रदान किया जायेगा। मुख्य अतिथि टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन होंगे।

### जलेश्वर महतो बोले, ब्राह्मण सर्वोच्च हैं, और हमेशा रहेंगे

**धनबाद।** ब्राह्मणों पर विवादित बयान देने वाले कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो के सुर बदल गये। धनबाद में ब्राह्मण समाज की बैठक में जलेश्वर महतो ने अपने बयान के लिए माफी मांगी। साथ ही कहा कि आप सर्वोच्च हैं और सर्वोच्च रहेंगे। उन्होंने ब्राह्मणों के स्लॉटर हाउस चलाने वाले अपने बयान को गलत माना। उन्होंने अपने बयान पर सार्वजनिक रूप से माफी मांगी। इसके बाद सर्वदलीय ब्राह्मणों ने उनके खिलाफ चलाया जा रहा आंदोलन वापस ले लिया।

### कार-बस की भिडंत में 11 लोगों की मौत

**बैतूल।** मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के झल्लार थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के बस और कार की भीषण टक्कर में कार सवार 11 लोगों की मौत हो गयी। मृतकों में दो दंपत्ति के अलावा मां और उनके दो बच्चें शामिल हैं। दुर्घटना में कार चालक घायल हो गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिला मुख्यालय से करीब 35 किलोमीटर दूर बैतूल-परतवाड़ा मार्ग के झल्लार के पास यह हादसा हो गया। कार में सवार मजदूर, जो बीस दिन से महाराष्ट्र के कलम्भा गये थे, कल रात अपने गांव के लिए रवाना हुए थे। रास्ते में तड़के भीषण टक्कर हो गयी।

गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 48,100 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 61,000 रु./प्रति किलो |

**शर्मनाक** भाजपा की गाड़ियों में बैठ कर छापामारी कर रही इडी, सीबीआइ और आइटी : हेमंत

# आदिवासी सीएम के खिलाफ षडयंत्र

सत्येंद्र मिश्रा



**मेदिनीनगर।** झारखंड की गठबंधन सरकार विकास कार्यों से राज्यवासियों के आंसू पोछने का काम कर रही है। इसका परिणाम आपके सामने है। जब से यह सरकार झारखंड में बनी है, उसी समय से कुछ विरोधी ताकतें सरकार को षडयंत्र कर आस्थिर करने में जुटी है। सरकार के कार्यों से झारखंड लगातार विकास की ओर बढ़ रहा है। बस यही सब सब विपक्षी पार्टियों को पच नहीं रहा है। वे लोग षड्यंत्र के तहत सरकार को गिराने, धमकाने एवं डराने का काम कर रहे हैं। ऐसी धमकी से सरकार डरनेवाली नहीं है। जनता के हित में गठबंधन सरकार काम करते रहेगी। षडयंत्रकारियों को जनता ही सबक सिखायेगी। राजनीतिक रूप से जब ये षडयंत्रकारी फेल हो गये तो सीबीआइ, इडी व अन्य संवैधानिक संस्थाओं के दुरुपयोग पर उतर गयी। साथ ही नैतिकता की बात करते हैं और ईडी, सीबीआई, आईटी भाजपा की गाड़ियों में छापेमारी करती हैं, शर्म आनी चाहिए। आप सबलोग ये देख रहे हैं। शुक्रवार को आइटी अधिकारी भाजपा की गाड़ी से छामा मारने गये। यही लाग जनता की सरकार को डरा रहे है। ये सरकार डरनेवाली नहीं है। सीएम शुक्रवार को पुलिस स्टेडियम में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के उदघाटन समारोह में बोल रहे थे।

**आज समन, कल बुलाया, ऐसा होता है क्या :** अपने संबोधन में आक्रोश के साथ सीएम ने कहा, कोई चोर उचक्के की सरकार नहीं है कि जब जिसको जो मन आये वह कर दे। यह गरीब गुरुबों की सरकार है। आज नोटिस दिया और कल हाजिर हो जायें, ऐसा कहीं होता है क्या। उन्होंने कहा, झारखंड में किसी की तानाशाही नहीं चलेगी। सीएम ने कहा, इडी के द्वारा मुझे समन देकर दी गयी कि पूछताछ हेतु कार्यालय में आ जाओ। यह क्या मामला है कि आज समन दिया तो और कल पहुंच जाऊं। क्या मैं संवैधानिक पदों पर बैठा हुआ नहीं हूं। भाजपा नैतिकता की बात करती है और गुजरात में 150 लोगो की मौत होती है, वहां इस्तीफा नहीं मांगा जा रहा है और यहां एक आदिवासी और दलित से इस्तीफा मांगा जा रहा है।

**शर्म आनी चाहिए :** बेरमो विधायक अनूप सिंह के घर छापामारी करने गये आयकर अधिकारियों में से एक की गाड़ी में भाजपा का स्टीकर लगा होने से सियासी तूफान आ गया। सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू में अपने भाषण में भी इस मुद्दे को उठाया। हेमंत सोरेन ने झारखंड में ईडी, आईटी रेड पर भाजपा और केंद्र सरकार पर जमकर निशाना साधा। सीएम ने कहा, विपक्ष नैतिकता की बात करता है, लेकिन यह कैसी नैतिकता है कि ईडी, सीबीआई और आईटी भाजपा की गाड़ी में छापेमारी करने जाती हैं। शर्म आनी चाहिए विपक्ष को और कितना मुंह काला करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले कभी ममता बनर्जी, को तो कभी सोनिया गांधी, राहुल गांधी, को तो कभी केजरीवाल को, तो कभी मनीष सिसोदिया, को ईडी एवं सीबीआई से डराने का काम करते हैं।

**सामंती सोचवालों को पहचानें :** श्री सोरेन ने कहा कि सामंती सोच रखने वालों को पहचान कर रखें।

(शेष पेज 11 पर)

### 15 नवंबर के बाद पुलिस जवानों की भर्ती, किसानों को भी मिलेगा पैसा

मुख्यमंत्री कहा कि 15 नवंबर के बाद राज्य में बड़े पैमाने पर पुलिस जवानों की भर्ती होगी। शिक्षा समेत अन्य विभागों में भी नियुक्ति होनी है। किसानों को राहत देने के लिए 15 नवंबर के बाद सभी प्रखंडों में कैंप लगाये जायेंगे। राज्य के 31 लाख किसानों को तीन तीन हजार रुपये दिये जाने हैं। सुखाड़ को देखते हुए सरकार ने ये कदम उठाया है। राज्य स्थापना दिवस के दिन कई मॉडल स्कूलों की भी शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा, राज्य सुखाड़ से जूझ रहा है, अगले पांच वर्ष तक गठबंधन की सरकार रहती है तो राज्य के हर खेत तक पानी पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि अधिकारी और दलालों का पहले गठजोड़ था, जिसे खत्म कर दिया है। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम को लेकर पोर्टल के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। सभी जगह उत्साह का माहौल है। 20 वर्षों तक ऐसा माहौल नहीं देखने को मिला था।

### उन्हें आदिवासियों से कोई संवेदना नहीं

सीएम ने कहा, षडयंत्रकारियों को झारखंड के आदिवासियों के प्रति कोई संवेदना नहीं है। केंद्र की भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। नमक सौ रुपये किलो बिक रहा है। ये सभी लोग आदिवासियों के बीच घड़ियाली आंसू बहाने का काम करते हैं। जात धर्म के नाम पर समाज में जहर घोलने का और आग लगवाने का काम करते हैं। पूरे समाज को बाटने में लगे रहते हैं और दुहाई देते हैं गुजरात मॉडल की। गुजरात में एक पुल गिर जाने से लगभग 150 लोगों की मौत हो जाती है, वहां टिकट काटने से लेकर मेंटेनेंस तक का काम भाजपा के ही लोग कर रहे थे। वहां इस्तीफा नहीं मांगा जा रहा। पर यहां एक आदिवासी सीएम को डरा धमका कर हटाना चाह रहे हैं, यही उनकी नैतिकता है। यह सब झारखंड की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी।

# जमीन सौदागरों अमित और विष्णु अग्रवाल पर शिकंजा

## आर्मी जमीन घोटाले में झारखंड-बंगाल में इडी का छापा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** ईडी की टीम ने शुक्रवार को आर्मी जमीन घोटाला मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल व विष्णु अग्रवाल के विभिन्न ठिकानों पर रेड डाला। जमीन सौदागरों के खिलाफ इडी ने 12 से अधिक ठिकानों पर छापा मारा है। दरअसल, रांची के बरियातू स्थित सेना के कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन की खरीद-बिक्री मामले में मनी लांड्रिंग के तहत जांच कर रही ईडी ने नया एक्शन शुरू किया है। इसके अलावा बरियातू जमीन की रजिस्ट्री करने वाले दो सब रजिस्ट्रार के यहां भी छापा मारा गया है। व्यवसायी अमित अग्रवाल फिलहाल न्यायिक हिरासत में है। उन्हें ईडी ने अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख रुपये देकर फंसाने के मामले में जांच के बाद गिरफ्तार की थी। अमित अग्रवाल पर ईडी को शक है कि उसने बड़े नेताओं-नौकरशाहों के काले धन को सफेद बनाने के लिए जमीन की खरीद-बिक्री में भी निवेश किया है। यही वजह है कि ईडी ने अब रांची के कई अन्य बड़े जमीन की खरीद-बिक्री मामले को मनी लांड्रिंग के नजरिये से अनुसंधान के अधीन रखा है।

### जांच में फर्जी दस्तावेज पर खरीद-बिक्री का हुआ था खुलासा

सेना के कब्जे वाली जमीन की खरीद-बिक्री का है तो इसमें फजीर्वाड़ा का खुलासा आयुक्त की जांच रिपोर्ट में पहले ही हो चुका है। उक्त रिपोर्ट में यह बात सामने आ चुकी है कि प्रदीप बागची नामक व्यक्ति ने फर्जी रैयत बनकर जगत बंधु टी इस्टेट प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक दिलीप कुमार घोष को उक्त जमीन बेच डाली थी। जमीन की खरीद-बिक्री के लिए रजिस्ट्री में प्रदीप बागची ने जिन होल्डिंग नंबर से संबंधित दो अलग-अलग कागजातों को लगाया था। वह जांच में फर्जी मिले थे। इसके बाद रांची नगर निगम की ओर से भी बरियातू थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी ।रांची में भारी पैमाने पर जमीन की खरीद-बिक्री के मामले में भी अमित अग्रवाल की भूमिका को ईडी तलाश रही है। अमित अग्रवाल फिलहाल अधिवक्ता राजीव कुमार को 50 लाख रुपये के साथ गिरफ्तार करवाने के मामले में दर्ज मनी लांड्रिंग मामले में न्यायिक हिरासत में है। ईडी को शक है कि संताल के क्षेत्र में 1000 करोड़ के अवैध खनन में मिले काले धन को अमित अग्रवाल ने जमीन की खरीद-बिक्री में खपाया है।

**आइटी-इडी रेड से बढ़ी सरगर्मी, सीएम बोले- भाजपा के इशारे पर छापा**

# कांग्रेस विधायक अनूप व प्रदीप के आवास समेत नौ ठिकानों पर छापामारी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में कांग्रेस के दो विधायकों जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह और प्रदीप यादव समेत रांची, बोकारो और गोड्डा समेत राज्य में 9 जगहों पर आइटी और इडी ने छापामारी की। यह कार्रवाई कोयले घोटाले से जुड़े मामले में की गयी। शुक्रवार को एक साथ हुई इस कार्रवाई झारखंड में हड़कंप है। दोनों विधायको के घर और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों पर भी छापा मारा गया। छापामारी के बाद टीम दस्तावेज खंगाल रही है। सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि उनके विधायकों के खिलाफ छापेमारी भाजपा के इशारे पर हो रहा है। इससे गठबंधन सरकार डरनेवाली नहीं है।

**राज्य में चढ़ा राजनीतिक पारा :** झारखंड में ईडी और आयकर विभाग की यह बड़ी कार्रवाई है। ईडी के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को समन भेजे जाने के बाद राज्य में राजनीति तेज है। आयकर की छापेमारी को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता राजीव रंजन ने कहा कि ये भाजपा की साजिश है।

(शेष पेज 11 पर)




### आइटी टीम की गाड़ी पर भाजपा का स्टीकर

अनूप सिंह के बेरमो स्थित आवास पर रेड करने पहुंची आइटी की टीम की गाड़ी(जेएच 01एल 5626) पर भाजपा का स्टीकर होने से चर्चा तेज हो गयी गयी है। जब यह गाड़ी बेरमो विधायक के घर पहुंची तो भाजपा का स्टीकर लगा हुआ था। आइटी टीम अधिकारियों ने आनन-फानन में स्टीकर निकालवा दिया, तबतक सोशल मीडिया पर इसका वीडियो तेजी से शेयर हो रहा है।

### भाजपा की बात नहीं मानने पर रेड होगी: अनूप

आयकर विभाग की रेड को लेकर कुमार जयमंगल सिंह ने कहा कि मेरे बेरमो आवास और पटना आवास पर आयकर विभाग की छापेमारी चल रही है। कोलकाता में पैसे के साथ पकड़े जाने के बाद कांग्रेस के तीन विधायकों को जेल जाना पड़ा था। उन तीनों विधायकों के खिलाफ अरगोड़ा थाना में जयमंगल सिंह ने ही मामला दर्ज कराया था। इस मामले में जय मंगल ने कहा है कि जो लोग भाजपा की नहीं सुनते हैं उनको टारगेट किया जाता है। जिस वक्त आयकर विभाग की टीम पहुंची अनूप सिंह अपने घर पर मौजूद नहीं थे। घर पर सिर्फ उनकी मां मौजूद थीं। बेरमो में कुछ और लोगों के ठिकानों की तलाश आईटी की टीम कर रही है। इनमें बड़े कारोबारियों के नाम शामिल हैं।

# रिम्स में मरीजों की मैली चादर देख भड़के बन्ना, लगायी क्लास

### मंत्री ने निशुल्क हृदय जांच शिविर का किया उद्घाटन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** रिम्स में निःशुल्क हृदय जांच शिविर का उद्घाटन करने शुक्रवार को पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता मरीजों के गंदे चादर देखकर भड़क उठे। उन्होंने कहा कि इस तरह की व्यवस्था से मरीज का इलाज कम संक्रमण ज्यादा होने की संभावना है। इससे पहले वे सीटीवीएस विभाग में भर्ती मरीजों को देखने पहुंचे थे और उन्होंने पाया कि अधिकतर मरीज के पेट में बिछी चादर गंदे हैं जिसके बाद उन्होंने वहां मौजूद रिम्स के पदाधिकारियों की जमकर क्लास ली। बन्ना गुप्ता ने कहा की 5 प्रतिशत ऐसे डॉक्टर है जो रिम्स की उन्नति में बाधक हैं। वह रिम्स का नाम बदनाम कर रहे हैं।

उन्होंने इशारे में रिम्स के सीटीबीएस विभाग की ओर इशारा करते हुए कहा यहां डॉक्टरों की लड़ाई में मरीजों की परेशानी हो रही है और रिम्स की बदनामी हो रही है। इसके बाद उन्होंने सीटीवीएस विभाग के डॉक्टर के साथ बैठक कर मामले को सुलझाने का प्रयास भी किया। उन्होंने कहा कि किसी तरह की अनियमितता अब बर्दाश्त नहीं की जायेगी।

**मरीजों का मुफ्त होगा इलाज :** स्वास्थ्य मंत्री ने निःशुल्क हृदय जांच शिविर का उदघाटन करते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्यभर से आये मरीज मुफ्त में अपना इलाज करा सकेंगे। पिछले 15 से 20 वर्षों में हृदयाघात से जुड़ी बीमारी के मरीज लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने राज्य के कोने-कोने से आये कई मरीजों से मुलाकात की।

(शेष पेज 11 पर)

### दो डॉक्टरों पर गिरी गाज

स्वास्थ्य मंत्री ने सीटीवीएस विभाग के वरीय चिकित्सक डॉ राकेश चौधरी को सस्पेंड करते हुए विभागीय कार्रवाई की अनुशंसा की है। वहीं कार्डियोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ प्रकाश कुमार को शो कॉज करते हुए 1 महीने का वेतन काटने का निर्देश दिया। स्वास्थ्य मंत्री के रिम्स से जाते ही कार्डियोलॉजी के डॉ प्रकाश और डॉ हेमंत नारायण के बीच मेन गेट पर तीखी बहस हुई। हालांकि, अधीक्षक डॉ हिरेंद्र बिरुआ दोनों ही डॉक्टरों को समझा कर अंदर ले गये। पहले भी दोनों डॉक्टर के बीच मारपीट की घटना हुई थी।

# झारखंड विस स्थापना दिवस पर कुमार विश्वास आयेंगे

### पद्मश्री मधु मंसुरी व मुकुंद 23 को गीत-संगीत से झुमायेंगे

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** झारखंड विधानसभा स्थापना दिवस पर 23 नवंबर को प्रख्यात कवि व चिंतक कुमार विश्वास को सुन सकेंगे। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने शुक्रवार को विधानसभा सभागार में पत्रकारों से बातचीत में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विस स्थापना दिवस के मौके पर 23 को सांस्कृतिक कार्यक्रम में पदमश्री मुकुंद नायक व मधु मंसुरी भी गीत-संगीत की महफिल को रौशन करेंगे। 23 को ही विधानसभा में संघ और राज्यों के संबंधों पर एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें देशभर के लॉ यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और संविधान विशेषज्ञ हिस्सा लेंगे। यह कार्यक्रम नेशनल यूनिवर्सिटी स्टडी रिसर्च एंड लॉ के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

(शेष पेज 11 पर)

**OFFICE OF THE DEPUTY COMMISSIONER, RANCHI**
**(BRANCH-DISTRICT SOCIAL WELFARE)**

**Very Short NOTICE INVITING OF EOI**

**Subject :- Invitation of Expression of Interest for running of rehabilitation centers Halfway Homes under DDRS (Deendayal Disabled Rehabilitation Scheme).**

District Administration, Ranchi invites Special EOIs from reputed agencies/ NGOs/ VO's for running rehabilitation centers for mentally treated patients (Halfway Homes) in Ranchi District.

| | | |
|---|---|---|
| 1 | EOI No | |
| 2 | Name of Work | Running Rehabilitation Center (Halfway Homes/ Long Stay Homes) for treated mental patients in Ranchi District. |
| 3 | Last Date of Submission of EOI | 12-11- 2022 (11:00 AM) |
| 4 | Date of Opening of EOI | 12-11- 2022 (12:00 PM) |
| 5 | Place of Submission/for getting Required Information | District Social Welfare Office, Ranchi Collectorate Block B, 1st Floor Room No. 113. |
| 6 | Place of Opening of EOI | Office of Deputy Development Commissioner, Ranchi Vikash Bhawan, Ranchi M: E: |

Complete EOI Document is available on official website of district www.ranchi.nic.in

District Administration, Ranchi reserves the right to have negotiation with any or all, accept or reject any or all the EOI Proposals and annul this process at any time without assigning any reason whatsoever be.

DSWO, Ranchi — Deputy Development Commissioner, Ranchi — Deputy Commissioner Ranchi

PR 281438 (Social Welfare,Women and Child Development) 22-23 (D)


# अमित अग्रवाल मामले में कोर्ट ने इडी से मांगा जवाब



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** कैश कांड में फंसे कारोबारी अमित अग्रवाल की ओर से दाखिल क्रिमिनल रिट याचिका पर झारखंड हाईकोर्ट में सुनवाई हुई। हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस संजय द्विवेदी की कोर्ट में इस मामले की सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। अब अमित अग्रवाल की याचिका पर अगली सुनवाई 30 नवंबर को होगी।

बता दें कि शीर्ष अदालत (सुप्रीम कोर्ट) से राहत नहीं मिलने के बाद अमित अग्रवाल ने झारखंड हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कारोबारी अमित अग्रवाल ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाईकोर्ट में क्रिमिनल रिट याचिका दाखिल की है। याचिका में उन्होंने इडी द्वारा उनके खिलाफ की जा रही कार्रवाई को गलत बताते हुए इन्हें राहत देने की गुहार लगायी है।

**आपराधिक षड्यंत्र कर अधिवक्ता राजीव कुमार को फंसाया :** बता दें कि कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल को ईडी ने पीआईएल मैनेज करने के लिए लाखों रुपये कैश लेनदेन में आरोपी बनाया है।

ईडी अमित अग्रवाल को रिमांड पर लेकर पूछताछ भी की है। पूछताछ में खुलासा हुआ है कि अमित अग्रवाल ने आपराधिक षड्यंत्र कर हाईकोर्ट के अधिवक्ता राजीव कुमार को फंसाया। इसके लिए अमित अग्रवाल ने कोलकाता पुलिस के अपने कांटैक्ट का सहारा लिया और सोनू अग्रवाल की मदद से जांच प्रभावित करने की कोशिश की। बता दें कि शुक्रवार यानी 4 नवंबर की सुबह से अमित अग्रवाल के ठिकानों पर इडी की रेड भी चल रही है।

## आदेश से प्रभावित होगी अंशदान छोड़ने की शर्त, आवेदन की तिथि बढ़ायें : कोर्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** राज्य के सरकारी कर्मचारियों के पेंशन भुगतान से जुड़े मामले की सुनवाई शुक्रवार को हाईकोर्ट में हुई।

सुनवाई के दौरान राज्य के वित्त सचिव सशरीर अदालत के समक्ष हाजिर हुए। कोर्ट को वित्त सचिव ने जानकारी दी कि न्यू पेंशन स्कीम से ओल्ड पेंशन स्कीम में जाने वाले कर्मचारियों का जो पैसा पहले पेंशन निधि में जमा है, उसे वापस लेने के लिए इस समय कौन सी प्रक्रिया अपनाई जा रही है। जिसपर कोर्ट ने उन्हें यह निर्देश दिया कि ओल्ड पेंशन स्कीम में शामिल होने के लिए आवेदन देने की तिथि को बढ़ाया जाए।

**न्यू पेंशन-ओल्ड पेंशन मामले में वित्त सचिव अदालत में हुए हाजिर**

कोर्ट के निर्देश पर वित्त सचिव ने मौखिक रूप से कहा कि वह इसका निर्देश जारी करेंगे। इसके साथ ही अदालत ने महत्वपूर्ण आदेश देते हुए कहा कि कर्मचारियों के अंशदान लेने का मामला इस याचिका के आदेश से प्रभावित होगी। प्रार्थी खुशबु खातून और अन्य की ओर से अधिवक्ता राजेंद्र कृष्ण ने अदालत में बहस की। राज्य सरकार की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने दलील पेश की। अदालत ने इस मामले में पेंशन के अंशदान की राशि जमा कर रही संस्था को भी नोटिस जारी करने का निर्देश दिया है।

## धमकी शब्द का प्रयोग उचित नहीं : रघुवर दास

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास ने कहा है कि इडी का समन मिलने के बाद सीएम बौखला गये हैं। श्री दास ने कहा कि सीएम हेमंत सोरेन का डर और अहंकार दृष्टिगोचर हो रहा है। इसी तरह की हुंकार कभी बिहार के सीएम लालू यादव भरा करते थे। उनका क्या नतीजा हुआ, यह किसी से छिपा नहीं है। जब श्री सोरेन ने कोई गलत काम नहीं किया है, तो उन्हें डर किस बात का है। एक तरफ वे इडी को सार्वजनिक रूप से धमका रहे हैं। दूसरी तरफ वो उसी संस्था से तीन सप्ताह का समय भी मांग रहे हैं।



उन्होंने कहा कि जब-जब भ्रष्टाचार में लिप्त ऐसे नेताओं पर कानून का शिकंजा कसता है, तब वो संवैधानिक संस्थाओं को धमकाते हैं। लेकिन, देश में लोकतंत्र है, राजतंत्र नहीं। बेहतर तो यही होता कि सीएम इडी को धमकाने के बजाय उसके सामने जाकर पक्ष रखते। नेशनल हेराल्ड मामले में सोनिया गांधी और राहुल गांधी सहित कांग्रेस पार्टी इसी तरह हल्ला मचा रही थी। आखिरकार सोनिया गांधी और राहुल गांधी को कानून के सामने जाना ही पड़ा।

## जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस का धरना आज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा की मोदी सरकार के इशारे पर केन्द्रीय सरकारी एजेंसियों यथा प्रवर्तन निदेशालय, आयकर विभाग, सीबीआई का दुरूपयोग कर पूरे देश में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी हुई गैर भाजपा शासित राज्य सरकारों को अपदस्थ करने का घिनौना षडयंत्र किया जा रहा है। झारखंड प्रदेश में भी विगत कई महीनों से केन्द्रीय सरकारी एजेंसियों के आड़ में सरकार गिराने का कुत्सित प्रयास किया जा रहा है। विगत दिनों मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय द्वारा नोटिस जारी करना तथा शुक्रवार को कांग्रेस विधायकों पर आयकर विभाग की छापामारी केन्द्र की मोदी सरकार के षडयंत्र को स्पष्ट रूप से उजागर करती है।

झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता राकेश सिन्हा ने बताया कि झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने सभी जिलाध्यक्षों को निर्देश दिया है कि केन्द्र के भाजपा सरकार के इशारे पर केन्द्रीय एजेंसियों के हो रहे दुरुपयोग के खिलाफ शनिवार को गठबंधन दलों के साथ जिला मुख्यालयों में धरना दिया जायेगा।


**कार्यालय, दक्षिणी छोटानागपुर प्रादेशिक परिवहन प्राधिकार,रांची**

**।। आम सूचना ।।**

पत्रांक.......................... रॉंची / दिनांक–...........................

एतद् द्वारा सभी व्यवसायिक वाहन स्वामियों को सूचित करना है कि आपके द्वारा अपने परमिट के समाप्ति के उपरान्त अभी तक नवीकरण नहीं कराया गया है कि सूची निम्नवत है–

**1.स्थायी मालवाहक गाड़ी परमिट की सूची :–**

| SL.no. | Vehicle no | Validity |
|---|---|---|
| 1 | JH01CE-9467 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 2 | JH01CE-1389 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 3 | JH01CE-4618 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 4 | JH01CC-6589 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 5 | JH01CE6013 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 6 | JH01CE9992 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 7 | JH07D0303 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 8 | JH20A3317 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 9 | JH01CE9414 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 10 | JH01Z9151 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 11 | JH01AJ9648 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 12 | JH01AW9032 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 13 | JH01CE8122 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 14 | JH01CE8998 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 15 | JH01CE6014 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 16 | JH01CE4994 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 17 | JH01CE1228 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 18 | JH01CE5286 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 19 | JH01CE5948 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 20 | JH01CE3193 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 21 | JH01CE3017 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 22 | JH01CE9310 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 23 | JH01CE9959 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 24 | JH01CE0131 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 25 | JH01CE3721 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 26 | JH01CE5894 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 27 | JH01CE5104 | 28.01.2017 TO 27.01.2022 |
| 28 | JH01BT5915 | 07.02.2017 TO 06.02.2022 |
| 29 | JH01BT3794 | 07.02.2017 TO 06.02.2022 |
| 30 | JH01CE9664 | 07.02.2017 TO 06.02.2022 |
| 31 | JH01BY3155 | 07.02.2017 TO 06.02.2022 |
| 32 | JH08B6665 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 33 | JH08B6685 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 34 | JH20C7821 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 35 | JH07F0690 | 25.02.2017 TO 24.02.2022 |
| 36 | JH01T-6977 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 37 | JH08B9754 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 38 | JH01AY9030 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 39 | JH01AL-5880 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 40 | JH01CA5706 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 41 | JH20A3402 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 42 | JH01AN3899 | 09.02.2017 TO 08.02.2022 |
| 43 | JH01Y8089 | 18.02.2017 TO 17.02.2022 |
| 44 | JH08C0751 | 18.02.2017 TO 17.02.2022 |
| 45 | JH01CC-5161 | 18.02.2017 TO 17.02.2022 |
| 46 | JH01U8883 | 18.02.2017 TO 17.02.2022 |
| 47 | JH01AY8604 | 18.02.2017 TO 17.02.2022 |
| 48 | JH08C0755 | 18.02.2017 TO 17.02.2022 |
| 49 | JH01CC6244 | 28.03.2017 TO 27.03.2022 |
| 50 | JH01CF7551 | 28.03.2017 TO 27.03.2022 |

अतः उपरोक्त सभी वाहन स्वामियों को अपने वाहनों का परमिट अवधि समाप्ति के उपरांत परिचालित कर रहे है, वो अपना परमिट का नवीकरण सूचना प्रकाशन की तिथि से सात दिनों के अंदर करा लेंगे। अन्यथा बिना परमिट वाहन परिचालित होते हुए पाए जाने पर उनके विरुद्ध मोटरवाहन अधिनियम के सुसंगत धाराओं के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

उप परिवहन आयुक्त–सह–सचिव, द०छो०प्रा०परि०प्राधिकार,रांची

PR 281487 Transport(22-23).D


## त्योहार खत्म होते ही ट्रेनों में बढ़ी भीड़

**रांची।** दीपावली एवं महापर्व छठ पूजा की छुट्टी खत्म होते ही दूसरे शहरों में नौकरी करने वाले लोग वापस लौटने लगे हैं। इससे ट्रेनों में भीड़ बढ़ गयी है। बिहार समेत उत्तर प्रदेश, नयी दिल्ली, कोलकाता, गोवा, अहमदाबाद, जयपुर समेत अन्य जगहों की ट्रेनों में आरक्षण टिकट की वेटिंग लिस्ट लंबी हो गयी है। स्थिति यह है कि लोग वेटिंग टिकट लेकर ट्रेन में चढ़ जा रहे हैं और खड़े होकर या फर्श पर बैठ कर यात्रा करने को मजबूर हैं। रेलवे की ओर से स्पेशल ट्रेन भी चलायी जा रही है, लेकिन यात्रियों की भीड़ इतनी अधिक है कि स्पेशल ट्रेन में नाकाफी साबित हो रही है। चाहे जनरल कोच हो या स्लीपर कोच सभी कोचों में एक जैसी स्थिति बनी हुई है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय एन०आर०ई०पी०–I, रॉंची**

**(Notice)**
**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के ई–निविदा आमंत्रण सूचना सं० NREP-1/RANCHI-05/22-23 प्रकाशन हुआ था जिसका PR.No. – 280848NREP(22-23)#D, योजना का नाम : Renovation of Deepsikha 100 Bedded S.T. Girls Hostel, Ranchi Women's College, Ranchi, Jharkhand. है जो कि अपरिहार्य कारणों से अगले आदेश तक के लिए रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता, एन०आर०ई०पी०–1, रॉंची

PR 281432 NREP(22-23).D



**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
(श्रमायुक्त का कार्यालय झारखण्ड, श्रम भवन, डोरण्डा, रॉंची Fax No-0651-2481013, Emai-labcomjhr@gmail.com)

**निविदा सूचना**

NIT Ref. No.-DLET & SD/ 1355, Dt-02.11.2022

श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, झारखण्ड, रॉंची सचिवालय भवनों यथा नेपाल हाउस, डोरण्डा, प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा एवं अभियांत्रिकी छात्रवास परिसर, धुर्वा (तीन स्थान) में अनुभवी कैटरर्स से कैंटीन के संचालन हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित करती है।

2. उक्त निविदा से संबंधित महत्वपूर्ण तिथि निम्नवत है–

| Event Description | Date |
|---|---|
| Issue of Bidding RFQ cum RFP | 03-11-2022 |
| Pre-Bid Meeting | 11-11-2022, 1500 HRS |
| Response uploading | 16-11-2022 |
| Bid Submission [Start Date and Time] | 17-11-2022 from 0900 HRS |
| Bid Submission End Date and Time – "Bid Due Date" | 30-11-2022 up to 1600 HRS |
| Submission of specified Documents of Technical Bid [as required in terms hereof] in Physical Form at Authority's address given at clause 2.1.3 hereof | 30-11-2022 up to 1600 HRS |
| Online Opening of Technical Bids | 01-12-2022 at 1600 hours |
| Online Opening of Financial Bids | Will be informed later on, after the evaluation of Technical Bids [only to Bidders who qualify the Technical Evaluation and are eligible for opening of Financial Bids] |
| Issue of Letter of Award to Selected Bidder | Will be informed later on. |
| Execution of Contract | Within Fifteen days of issue of Letter of Award |

3. निविदा से संबंधित Bid Processing Fee रू० 5000/-(non refundable) एवं Earnest Money Deposit (EMD) रू० 50,000/-( refundable) Net Banking के माध्यम से " Labour Commissioner, Jharkhand" के SBI Bank Account No. 41308509219 and IFSC SBIN0004432 में देय होगा जिसका Transaction Receipt e-Tender website पर अपलोड करना आवश्यक है।

4. उक्त निविदा केवल e-Tender के रूप में ही प्राप्त किये जाएंगे एवं निविदा से संबंधित आवश्यक कागजात एवं विस्तृत सूचना website: www.jharkhandtenders.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है।

अपर श्रमायुक्त–सह–निदेशक, राज्य श्रम संस्थान, झारखण्ड, रॉंची

PR 281442 Labour Employment and Traning (22-23)_D




भाजपा कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते बाबूलाल मरांडी, शिवपूजन पाठक व प्रतुल शाहदेव ।

# राज्य सरकार को उखाड़ फेंकने तक जारी रहेगा आंदोलन : मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि महागठबंधन सरकार को उखाड़ फेंकने तक आंदोलन जारी रहेगा। श्री मरांडी शुक्रवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आदिवासी होने के कारण राज्य को लूटने की छूट किसी को नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि भाजपा सात नवंबर से पूरे राज्य में धरना-प्रदर्शन करेगी। उन्होंने कहा कि मैंने डेढ़ साल पहले ही सीएम को साहेबगंज में खनिज पदार्थों की अवैध खनन और लूट के संबंध में विपक्षी दल होने का धर्म निभाते हुये पत्र लिखा था। इसके

**आदिवासी होने के कारण राज्य को लूटने की छूट नहीं दी जा सकती है : भाजपा**

अलावा ट्विटर, फेसबुक व अन्य माध्यमों से आगाह करने की कोशिश की थी। लेकिन, यह सरकार मेरी बातों को गंभीरता से नही ली। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता और विपक्ष दो पहिये की तरह होते है। लोकतंत्र की यही खूबसुरती है। लेकिन, राज्य की महागठबंधन सरकार लोकतंत्र की मर्यादा से बाहर जा रही है। विपक्ष जो सरकार के काले कारनामे की पोल खोल रही है तो उसे डराने और धमकाने की कोशिश की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रयोग एक टूल की तरह किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं को धमकी देने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि भाजपा वाले लगातार हेमंत सरकार की भ्रष्टाचार के खिलाफ सड़क से लेकर सदन तक आवाज उठाती रही है। इससे परेशान होकर महागठबंधन सरकार उल जुलूल बयान बाजी कर रही है। उन्होंने कहा कि गुजरात के सीएम रहते नरेंद्र मोदी को एसआइटी ने दस-दस घंटा तक पूछताछ की थी। लालकृष्ण आडवाणी पर जब आरोप लगा था तो वे संसद से इस्तीफा दे दिया था। इसलिये सीएम हेमंत सोरेन को ईडी के सवालों का सामना नम्रता से करना चाहिये। इस अवसर पर शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव भी उपस्थित थे।


**कार्यालय : जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक ''आत्मा'', खूँटी**

**ईच्छा की अभिव्यक्ति**
**(अतिअल्पकालीन)**

खूँटी जिला में कृषि को सुदृढ़ करने एवं किसानों को सशक्त बनाने के उदेश्य से Solar Powered Robotic Mobile Pumpset का वितरण किया जाना है, जो निम्न प्रकार है :–

| Sl. No. | Project Name | Project Area |
|---|---|---|
| 1 | Solar Powered Robotic Mobile Pumpset 1.0 HP | Khunti District |

उक्त कार्य के दर निर्धारण हेतु इच्छुक फर्म/संस्था/कम्पनी से ईच्छा की अभिव्यक्ति आमंत्रित की जाती है। इच्छुक अधिकृत फर्म/संस्था/कम्पनी से प्रस्ताव जिला कृषि पदाधिकारी के कार्यालय में दिनांक 12.11.2022 के अपराह्न 12.30 बजे तक जमा करेंगे तथा दिनांक 12.11.2022 के अपराह्न 3.00 बजे उपायुक्त, खूँटी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष ईच्छा की अभिव्यक्ति खोली जायेगी।

जिला कृषि पदाधिकारी –सह–परियोजना निदेशक "आत्मा", खूँटी

PR 281424 Agriculture (22-23)_D



**कार्यालय, झुमरी तिलैया नगर परिषद्**
**झुमरी तिलैया, जिला कोडरमा**
Email – jhumritelaiyamunicipalcouncil@gmail.com

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
निविदा सूचना सं0–09/2022–23

1. विज्ञापनदाता का नाम : कार्यपालक पदाधिकरी, झुमरी तिलैया, नगर परिषद
2. परिमाण विपत्र बिक्री तिथि एवं स्थान : 12.11.2022 को 5.00 अपराहन तक, झु0ति0, नगर परिषद कार्यालय
3. निविदा प्राप्ति का स्थान तिथि एवं समय : झु0ति0, नगर परिषद, 14.11..2022, 4:00 बजे अप0 तक
4. निविदा खोलने की तिथि स्थान एवं समय : झु0ति0, नगर परिषद 16.11..2022, 4:00 बजे अप0 से
5. कार्य का विवरण–

| क्रं0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | CONSTRUCTION OF R.C.C. DRAIN FROM LAND OF NARESH PRASAD SINHA TO THE HOUSE OF PRADEEP YADAV VIA THE HOUSE OF BEBI SINHA IN WARD NO. 01 UNDER JHUMRITELAIYA NAGAR PARISHAD KODERMA . | 886200.00 | 17800.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 2. | Construction of RCC Slab at different Places under Jhumri telaiya nagar parishad. | 976700.00 | 19600.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 3. | Repair & Renovation Work of Labour Room of PHC, Jhumri Telaiya under Koderma District. | 996200.00 | 20000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 4. | Repair & Renovation Work of Ward Bhawan of PHC Jhumri Telaiya under Koderma District. | 997200.00 | 20000.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 5. | Strenghtening of Drain and PCC work along Drain Side Near Purnima Talkies at Ward No - 10 | 616600.00 | 12400.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 6. | REPAIR WORK OF AAGANBADI KENDRA (MUSLIM TOLLA JHALPO) IN WARD NO. 09 UNDER JHUMRI TELAIYA NAGAR PARISHAD. | 877200.00 | 17600.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 7. | Construction of boundary around office compound of Jhumri telaiya nagar parishad. | 579100.00 | 11600.00 | 5000.00 | 90 दिन |
| 8. | Construction of Moorum road with 2 nos culvert from jharnakund main entrance gate to jharnakund dham under Jhumri telaiya nagar parishad. | 898000.00 | 18000.00 | 5000.00 | 90 दिन |

नोट :– निविदा की नियम एवं शर्तें कार्यालय सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।

ह0/– प्रशासक, झुमरीतिलैया, नगर परिषद

PR 281485 Urban Development (22-23)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सिमडेगा।**
**कोटेशन आमंत्रण**

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल सिमडेगा में कार्यालय उपयोग हेतु एक अदद स्कार्पियो (A.C.) New Model वाहन चालक सहित मासिक भाड़ा प्रति दिन के दर पर (इंधन छोड़कर) लिया जाना है इसके लिए मुहरबन्द लिफाफा में कोटेशन आमंत्रण दिनांक 12-11-2022 (अपराह्न 3.30 बजे) तक वाहन मालिकों एवं सेवा प्रदाताओं से दर आमंत्रित किया जाता है। मासिक/दैनिक भाड़ा एवं अन्य सभी शर्तें मुख्य अभियंता, J.S.R.R.D.A., राँची के ज्ञापांक 2151 दिनांक 16-12-2020 क्रमांक 01 से क्रमांक 17 के अनुरूप अनुपालन करना अनिवार्य होगा। साथ ही वाहन मालिक व सेवा प्रदाता एजेंसी को G.S.T. No., I.T. No. एवं अन्य कागजात देना होगा। वाहनों का झारखण्ड राज्य में व्यावसायिक निबंधित (Jharkhand Commercial Registration) को प्राथमिकता दी जाएगी। विस्तृत नियम व शर्त्त की जानकारी हेतु अधोहस्ताक्षरी से कार्यालय अवधि में सम्पर्क किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, सिमडेगा।

PR 281483 Rural Development(22-23)D



**झारखंण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सा०), राँची**

**पी०एम० नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला नवम्बर 2022 से संबंधित सूचना**
**सूचना संख्या:– 68 राँची, दिनांक:–04/11/2022**

DGT पत्रांक:– computer No-501376, दिनांक:–30/08/2022 एवं निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची के पत्रांक:–615, दिनांक–25/05/2022 तथा पत्रांक:–1341, दिनांक:–21/10/2022 द्वारा संयुक्त प्रशिक्षण भवन, आई०टी०आई०, राँची परिसर में दिनांक–14/11/2022 को पी०एम० नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला आयोजित किया जा रहा है।

अत: राँची जिले के 5वी/10वी/इन्टर/स्नातक/आई०टी०आई० तथा उच्चतर उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी एवं राँची जिले में अवस्थित सभी औद्योगिक इकाईयों से अनुरोध है कि www.apprenticeshipindia.gov.in पर apprentice mela page पर जाकर Trainees/Establishment अपना–अपना रजिस्ट्रेशन करते हुए दिनांक:–14/11/2022 को पूर्वाहन 09 बजे आई०टी०आई० परिसर के संयुक्त प्रशिक्षण भवन में आयोजित मेला में भाग लेकर हमें अनुगृहीत करें।

नोट:– मेला स्थल पर पंजीकरण 09:00 am से आरंभ होगा, covid-19 के नियमों का पालन जरूरी है।

Sd/- प्राचार्य, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (सा०), राँची
Contact Person-8210010441

PR 281471 Labour Employment and Traning(22-23).D


## वेतन भुगतान को लेकर एचइसी के अधिकारियों ने गेट किया जाम

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** वेतन भुगतान की मांग को लेकर शुक्रवार के तड़के से ही एचईसी के अधिकारी सड़क पर उतर गये हैं। एचईसी मुख्यालय पर जमा होकर इंजीनियर व अधिकारियों ने गेट जाम कर दिया है। किसी को भी अंदर जाने नहीं दिया जा रहा था। एचईसी गेट के समक्ष प्रबंधन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी भी की जा रही थी। हालांकि, इस घेराव में कोई कर्मचारी संगठन अब तक शामिल नहीं हुआ है। अफसर खुद लंबित भुगतान की मांग पर कामकाज छोड़कर मुख्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गये थे। अधिकारियों का कहना है कि नवंबर 2021 से अक्टूबर 2022 तक का वेतन भुगतान बकाया है। बीच-बीच में थोड़ा बहुत वेतन राशि का भुगतान करके एचईसी प्रबंधन अपनी भूमिका सीमित कर रही है, जिस वजह से उनकी माली हालात अब खराब हो गयी है। हालात यह है कि न तो दुकानदार से अब राशन उधार मिल रहा है,न ही वे स्कूलों का फीस भर पा रहे हैं। यही स्थिति रही तो जल्द ही उनके समक्ष रोजी-रोटी का संकट हो जायेगा। अधिकारियों का यह कहना है कि एचईसी के प्रभारी सीएमडी नलिन सिंघल मुख्यालय में नहीं बैठते हैं, ऐसे में उनकी बात सुनने वाला कोई नहीं है। निदेशक स्तर से वार्ता होती है पर आश्ववासन के अलावा कुछ नहीं मिलता है। ऐसे में सीएमडी को अविलंब रांची आकर उचित कार्रवाई करनी चाहिए। कई अधिकारियों का कहना है कि एचईसी जैसे संस्थान को बचाने के लिए भी ठोस कार्रवाई जरूरी है। स्थिति यह है कि एचईसी के पास कायार्देश की भी काफी कमी है, यही स्थिति रही तो यह बंदी के कगार पर चला जायेगा। ऐसे में सरकार से उचित कदम उठाने की मांग की गई।

स्पीड न्यूज

## भाजपा के इशारे पर इडी कर रही है कार्रवाई : राकेश तिवारी

**जमशेदपुर।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कोल्हान के प्रवक्ता बोकारो जिला के कोऑर्डिनेटर राकेश तिवारी ने झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को इडी द्वारा जारी सम्मन एवं कांग्रेस विधायक दल के उप नेता श्री प्रदीप यादव एवं विधायक अनूप सिंह के घर आयकर द्वारा छापेमारी के संदर्भ में कहा कि यह सब भाजपा के इशारे पर हो रहा है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार तानाशाही की पराकाष्ठा को पार कर चुकी है। झारखंड के गठबंधन सरकार को शुरू से अस्थिर करने की साजिश चलती रही है जो झारखंड की जनता देख रही हैं। सत्ता लोलुपता में देश के प्रधानमंत्री इतने मतवाला हो गए हैं कि उन्होंने संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग चरम पर पहुंचा दिया है इस देश में जहां भी जिस राज्य में कांग्रेस नेतृत्व वाली सरकार है या फिर कांग्रेस गठबंधन की सरकार है हॉर्स ट्रेडिंग या फिर सीबीआई ईडी आईटी का भय दिखाकर सरकारों को लगातार गिराने का काम भारतीय जनता पार्टी और इस देश के प्रधानमंत्री ने किया है। आज झारखंड में भी चुनी हुई सरकार को गिराने का कुचक्र इनके द्वारा रचा जा रहा है उसी कडी मे मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन को ईडी के द्वारा सम्मन जारी कर डराने का प्रयास किया जा रहा है एवं कांग्रेस विधायकों के घर आयकर का छापा डालकर पूरी सरकार को अस्थिर करने का कुचक्र एवं षड्यंत्र रची गई है इसको राज्य की जनता कभी बर्दाश्त नहीं करेगी और कभी इनको माफ नहीं करेगी पूरे देश की जनता आज इनके कार्यकलापों को अपनी आंखों से देख रहे हैं इसका जवाब 2024 मे जनता इनको देगी कांग्रेस पार्टी ऐसे षड्यंत्रो से डरने वाली नहीं है और हम अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष श्री राजेश ठाकुर ने इसके खिलाफ कल सभी जिला मुख्यालयों पर धरना प्रदर्शन का आह्वान किया है ताकि जनता इनकी घिनौने षड्यंत्र को जान सके और इनकी साजिश का पदार्फाश हो सके।

## रेडक्रॉस में सेफ्टी फर्स्ट प्रशिक्षण कार्यक्रम आज से

**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा प्रत्येक माह आयोजित होने वाला सेफ्टी फर्स्ट एड डिजास्टर मैनेजमेंट ट्रेनिंग कार्यक्रम 5 नवम्बर से 10 नवम्बर तक आयोजित किया जायेगा। 176वें बैंच के रूप में आयोजित हो रहे नियमित ट्रेनिंग सत्र के दौरान युवा व शहर के कई कम्पनियों के प्रतिनिधि भाग लेंगे तथा सेफ्टी की जानकारी के साथ साथ फर्स्ट एड, डिजास्टर मैनेजमेंट तथा रेस्क्यु के विभिन्न पहलुओं की जानकारी हासिल करेंगे। इस दौरान ब्लड कम्पोनेन्ट एवं डोनेशन पर भी सत्र का आयोजन किया जायेगा।

## टाटा स्टील के पूर्व एमडी मुत्थुरमण से मिले यूनियन पदाधिकारी

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को समय संध्या 6 बजे, डायरेक्टर बंगलो में टाटा स्टील के पूर्व वाइस चेयरमैन एवं एमडी बी मुथुरामन और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमति मुत्थुरमण के आगमन पर टाटा वर्कर्स यूनियन के अध्यक्ष संजीव कुमार चौधरी, महासचिव - सतीश कुमार सिंह, सह-अध्यक्ष- शैलेश कुमार सिंह ने बी मुथुरामन एवं श्रीमती मुथुरामन से शिष्टाचार मुलाकात करने पहुंचे। इस अवसर पर एक पुष्पगुच्छ, कॉफी टेबल बुक एवं 100 साल का चॉदी का सिक्का भेट की। इस अवसर पर साथ में टाटा वर्कर्स यूनियन के उपाध्यक्ष - शाहनवाज आलम , श्री शत्रुघ्न कुमार रॉय, श्री संजीव तिवारी , श्री संजय कुमार सिंह , सहायक सचिव - श्री सरोज कुमार सिंह, श्री अजय कुमार चौधरी एवं कोषाध्यक्ष - श्री हरिशंकर सिंह जी भी मौजूद थे।

# दिवंगत मुकुल की पत्नी नहीं करेंगी नौकरी सोशल सिक्योरिटी स्कीम का लेंगी लाभ

टाटा मोटर्स

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शुक्रवार को टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन कार्यालय में स्वर्गीय मुकुल डुंगडुंग के धर्मपत्नी वायलेट डुंगडुंग के अनुरोध पर टाटा मोटर्स प्रबंधन यूनियन एवं वायलेट डुंगडुंग एवं उनके समर्थक के बीच बैठक हुआ।

ज्ञात हो कि मुकुल डुंगडुंग के देहांत के उपरांत टाटा मोटर्स वर्कर्स यूनियन के प्रयास से टाटा मोटर्स प्रबंधन एवं मुकुल डुंगडुंग की धर्मपत्नी वायलेट डुंगडुंग के बीच यह समझौता हुआ था कि वायलेट डुंगडुंग को टाटा मोटर्स में नौकरी दी जायेगी। लेकिन कुछ ही दिनों बाद वायलेट डुंगडुंग के द्वारा लगातार प्रबंधन एवं यूनियन को भी आवेदन दिया जाने लगा कि मैंने सोच समझकर खासकर अपने बच्चों के बारे में सोच कर क्योंकि तीन बच्चे हैं और कोई भी मेरे घर में इन्हें देखने वाला नहीं ऐसी स्थिति में मैं नौकरी नहीं कर पाऊंगी। अतः यूनियन एवं प्रबंधन से कई पत्रों के माध्यम से वह आवेदन करती रही है कि मुझे नौकरी न देकर मरणोपरांत मिलने वाली सारी सोशल सेक्युरिटी स्कीम मुहैया कराया जाये। उनके इस पत्र को गंभीरता लेते हुए यूनियन ने आज बैठक आयोजित किया। और इस बैठक में प्रबंधन की ओर से आई आर पदाधिकारी राजीव श्रीवास्तव एडमिनिस्ट्रेशन हेड बीएन सिंह टाउन हेड रजत सिंह उपस्थित हुए। यूनियन की ओर से अध्यक्ष श्री गुरमीत सिंह महामंत्री श्री आरके सिंह एवं मुकुल डुंगडुंग की धर्मपत्नी, श्री स्टीफेन एवं उनके परिजन उपस्थित हुए और यह तय हुआ की नौकरी नहीं करने की स्थिति में मरणोपरांत मिलने वाली सारी सुविधा वायलेट डुंगडुंग को मिलेगी या प्रदान की जायेगी। वायलेट डुंगडुंग ने यूनियन और प्रबंधन का बहुत-बहुत धन्यवाद किया।

# एनआइटी का दीक्षांत समारोह आज, बीटेक और एमटेक के विद्यार्थियों को मिलेगी डिग्री

■ दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि होंगे टाटा स्टील के एमडी टीवी नरेंद्रन और आरएसबी ग्रुप के चेयरमैन आरके बेहरा विशिष्ट अतिथि

■ सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा हंसा कुमारी तथा पीजी एमसीए की दिव्यांशी को मिलेगा गोल्ड मेडल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एनआइटी जमशेदपुर का 12वां दीक्षांत समारोह शनिवार को संस्थान के परिसर में आयोजित किया जा रहा है। दीक्षांत समारोह में बीटेक 2018-22 तथा एमटेक 2020-22 सत्र के कुल 1037 विद्यार्थियों को डिग्री प्रदान की जाएगी। इसमें यूजी के 643, पीजी के 366 छात्रों को डिग्री तथा 28 को पीएचडी की उपाधि प्रदान की जाएगी। समारोह के मुख्य अतिथि टाटा स्टील के एमडी सह ग्लोबल सीईओ टीवी नरेंद्रन मुख्य अतिथि और एनआइटी जमशेदपुर के पूर्व छात्र एवं आरएसबी ग्लोबल के चेयरमैन आरके बेहरा विशिष्ट अतिथि होंगे। बता दें कि टाटा स्टील के ग्लोबल सीइओ टीवी नरेंद्रन एनआइटी त्रिच्ची के पूर्ववर्ती छात्र हैं। उक्त जानकारी संवाददाता सम्मेलन में एनआइटी जमशेदपुर के निदेशक डा. करुणेश कुमार शुक्ला ने दी। निदेशक ने बताया कि इस बार यूजी सिविल इंजीनियरिंग की छात्रा हंसा कुमारी तथा पीजी एमसीए की छात्रा दिव्यांशी अग्रवाल को गोल्ड मेडल प्रदान किया जाएगा। प्रत्येक विभाग के टाप 23 छात्रों को रजत पदक प्रदान किया जायेगा। इनमें 14 छात्राएं हैं। आरएसबी ग्रुप के चेयरमैन आरके बेहरा संस्थान के 1967 बैच के पूर्व छात्र हैं। इसके अलावा 1960 यानि पहले बैच के छात्र प्रफुल्ल पाणिग्राही भी इस मौके पर उपस्थित रहेंगे।

### अब हर साल नवंबर-दिसंबर में होगा दीक्षांत समारोह



एनआइटी जमशेदपुर के वर्तमान निदेशक डॉ केके शुक्ला के पांच साल के कार्यकाल में यह छठा दीक्षा समारोह है। अब प्रत्येक साल दीक्षा समारोह का आयोजन हो सकेगा। डॉ शुक्ला ने कहा कि अब दीक्षांत समारोह प्रत्येक साल नवंबर-दिसंबर में आयोजित होगा।

**छात्रों को सालाना 80 लाख तक का ऑफर :** एनआइटी जमशेदपुर में पिछले साल की तुलना में उच्च औसत वेतन के अलावा बेहतर आफर आ रहे हैं, जो मजबूत प्लेसमेंट की ओर इशारा करते हैं।एनआइटी प्लेसमेंट सेल के अधिकारियों के अनुसार, इन एनआइटी कैंपस में सबसे अधिक मांग वाले प्रोफाइल में सॉफ्टवेयर और आइटी शामिल हैं। एनआइटी जमशेदपुर में प्रशिक्षण और प्लेसमेंट के प्रभारी प्रोफेसर अनिल कुमार चौधरी ने कहा, उम्मीद है कि मौजूदा प्लेसमेंट सीजन रिक्रूटर्स और ऑफर्स की लाइन-अप के मामले में हम देश में शीर्ष पर रहेंगे। एनआइटी जमशेदपुर में पहली बार भर्ती करने वालों में उबर, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स, डायरेक्टी, मैथवर्क्स, जुबिलेंट फूडवर्क्स, एचएसबीसी और सोसाइटी जेनरल शामिल हैं।

# बैंकों में राष्ट्रव्यापी हड़ताल 19 को

### ठप रहेगा काम

■ पांच लाख पद खाली हैं बैंकों में, युवाओं को बहाल करे सरकार : का. आरए सिंह

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** राष्ट्रीय कृत बैंकों के संचालन में केंद्र सरकार और इंडियन बैंक एसोसिएशन की मनमानी कर्मचारियों एवं अधिकारियों के शोषण एवं कारपोरेट घरानों को अब तक 8 लाख करोड़ रुपए की ऋण माफी के खिलाफ ऑल इंडिया बैंक एंप्लाइज एसोसिएशन के आह्वान पर सभी राष्ट्रीय कृत बैंकों में 19 नवंबर को हड़ताल रहेगी। इस राष्ट्रव्यापी हड़ताल को पंजाब नेशनल बैंक एम्पइज यूनियन की झारखंड इकाई भरपूर समर्थन देगी।

हड़ताल को सफल बनाने के लिए पंजाब नेशनल बैंक इंप्लाइज यूनियन की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रदेश महासचिव राम अयोध्या सिंह की अध्यक्षता में आज पीएनबी बिस्टुपुर मैन ब्रांच में आयोजित की गई। इस बैठक को संबोधित करते हुए राम अयोध्या सिंह ने कहा कि केंद्र की मौजूदा नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल में औद्योगिक घरानों पर बैंकों की बकाया 8 लाख करोड़ रुपए ऋण को माफ किया है। इससे भारतीय बैंकों की पूंजीगत क्षमता एवं दक्षता पर असर पड़ा है वहीं दूसरी ओर लघु उद्योगों एवं मध्यम उद्योगों के साथ-साथ आम आदमी को ऋण की सुविधा से सरकार वंचित करने का काम कर रही है। मोदी सरकार बैंकों का निजीकरण करना चाहती है और इसके लिए इंडियन बैंक एसोसिएशन के सहयोग से तरह-तरह के हथकंडे अपनाए जा रहे हैं। बैंक कर्मचारियों को मनमाने ढंग से ट्रांसफर किया जा रहा है और उनकी सुविधाओं में कटौती की जा रही है। मनमानी इतनी चरम पर है कि महिला बैंक कर्मियों की समस्याओं पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

आरए सिंह ने आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार बैंक यूनियनों को डराने का काम कर रही है किंतु हम कतई डरने वाले नहीं हैं। भारतीय संविधान में हमें अपनी मांगों को रखने, सरकार से वार्ता करने और बात नहीं बनने पर हड़ताल करने का हक है। उन्होंने कहा कि बैंक यूनियनें चाहती हैं कि खाली पड़े पदों पर जल्द से जल्द बहाल की जाए और बैंक कर्मियों को उनकी सुविधाओं में किसी तरह की कटौती नहीं होनी चाहिए । बैंक कर्मियों को नई पेंशन सुविधा का लाभ देना चाहिए । हमें नई पेंशन स्कीम मंजूर नहीं है। कर्मचारियों की कमी का हवाला देते हुए श्री सिंह ने बताया कि कई प्रांतों में स्टाफ की कमी के चलते फ्रंट डेस्क का काम बैंक प्रबंधक को को करना पड़ रहा है, इससे बड़ा अन्याय क्या होगा? आज की बैठक को यूनियन के उपाध्यक्ष सुमित मुखर्जी, तिरेंद्र पूर्ति, किंजल कुमार राजकुमार मिश्रा और राजीव कुमार ने भी संबोधित किया।



पीएनबी मेन ब्रांच बिष्टुपुर में बैंककर्मियों की बैठक को संबोधित करते राम अध्योध्या सिंह।

■ राम अयोध्या सिंह ने कहा कि बैंक हड़ताल सिर्फ बैंक कर्मियों और अफसरों की हितों की रक्षा के लिए नहीं है बल्कि बैंक ग्राहकों के हितों की रक्षा के लिए भी है। यह सभी जानते हैं कि बैंकों के राष्ट्रीयकरण के पश्चात ही आम भारतीयों को बैंकिंग सुविधा नसीब हो पाई अन्यथा निजीकरण के बाद बैंक की सुविधा है सिर्फ धन पतियों को सुविधा देने तक सीमित थी। इसलिए बैंक कर्मियों की लड़ाई को आम जनता का भी समर्थन मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर बैंक कर्मी का फर्ज है कि वह अपने ग्राहकों को हड़ताल के उद्देश्य एवं यूनियन की मंशा से अवगत करायें। उन्होंने साफ कहा, हमारी लड़ाई ग्राहकों से कतई नहीं है बल्कि हम ग्राहकों को ऊंची से ऊंची सेवा देना चाहते हैं।

■ आरए सिंह ने कहा कि बैंकों में पांच लाख पद खाली पड़े हैं किंतु सरकार बहाली नहीं कर रही। अगर सरकार चाहे तो इन पदों पर पांच लाख शिक्षित युवाओं को नौकरी मिल सकती ह। और खाली पड़े पदों पर बहाली होने से बैंक ग्राहकों को बेहतर से बेहतर सेवा दे पायेंगे।

## चांडिल : पुलिस ने चोरी के आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**चांडिल।** गुरुवार की रात कपाली ओपी क्षेत्र के बंधुगोड़ा में मोहम्मद अरमान ने शहनाज बेगम के घर का दीवाल तोड़कर घर में रखे सोना एवं चांदी के जेवर, तीन कलाई घड़ी समेत करीब डेढ़ लाख रुपया की संपति की चोरी कर लिया। घटना के बाद चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह के निर्देश पर ओपी प्रभारी सुनील कुमार भोक्ता के नेतृत्व में गठित टीम ने छापेमारी कर कपाली के सफरुद्दीन मस्जिद के पास रहने वाले मोहम्मद अरमान को उसके घर से चोरी गई जेवरात और अन्य सामग्री के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चांडिल एसडीपीओ संजय कुमार सिंह ने प्रेसवार्ता में बताया की पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना के 24 घंटे के भीतर अभियुक्त को गिरफ्तार कर चोरी की गई सामान बरामद कर लिया। उन्होंने बताया की गुरुवार को शाहनवाज बेगम जमशेदपुर के गोलमुरी स्थित अपने एक रिश्तेदार के घर गई थी। शुक्रवार की जब वह घर पहुंची तो देखा की उसके घर से आभूषण एवं अन्य सामग्री गायब है। पुलिस मोहम्मद अरमान के आपराधिक इतिहास खंगाल रही है।

# ग्रामीणों के लिए वेंचर कैपिटल : फॉक्सहॉग वेंचर्स ने जमशेदपुर में खोला कार्यालय

■ क्षेत्र में वेंचर कैपिटल प्रक्रिया शुरू करने और अगले 6 महीनों में 15 करोड़ रुपये के निवेश के साथ 5,000 किसान परिवारों को उधार देने का लक्ष्य

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** भारत में लघु, मध्यम और सूक्ष्म व्यवसायों, विशेष रूप से कृषि और महिला-केंद्रित उद्यमों के वित्तपोषण पर केंद्रित संगठन, फॉक्सहॉग वेंचर्स इंडिया ने आज जमशेदपुर, झारखंड में अपना शाखा कार्यालय शुरू किए जाने की घोषणा की। कंपनी का लक्ष्य इस क्षेत्र में वित्त वर्ष'24 तक 5,000 किसान परिवारों को स्पर्श करना है। कंपनी का लक्ष्य अगले 6 महीनों में 15 करोड़ रुपये के निवेश के साथ इस क्षेत्र में वेंचर कैपिटल प्रक्रिया शुरू करना है। कंपनी द्वारा 2 से 3 साल की अवधि के लिए 3 प्रकार के निवेश की पेशकश की जाती है - व्यक्तिगत किसान परिवारों के लिए 25,000 रुपये तक का वित्तपोषण, छोटे किसानों और डेयरी मालिकों के लिए 75,000 रुपये तक का और किसानों के समूह के लिए 2 लाख रुपये तक का वित्तपोषण। कंपनी का लक्ष्य भारत के टियर क्क और टियर क्क्क शहरों में प्रवेश करना है, जहां कृषि और सहायक गतिविधियों के लिए वित्तीय सहायता प्राप्त करने के रास्ते संपार्श्विक और भारी प्रलेखन प्रक्रिया की आवश्यकता के कारण कठिन बने हुए हैं। छोटे शहरों और तहसीलों एवं ग्राम आधारित समुदायों में अपने विस्तार को निरंतर जारी रखते हुए, फॉक्सहॉग ने झारखंड में जमशेदपुर, रांची, बिहार में पटना, असम में गुवाहाटी और आसपास के शहरों, जिलों में अपने शाखा कार्यालयों का उद्घाटन किया है। देश भर के किसान मौसमी कार्यों के साथ-साथ पशुपालन, मछली पालन, बीज, उर्वरक या खेती के लिए जमीन खरीदने जैसी गतिविधियों के लिए कृषि और डेयरी ऋण का लाभ उठाते हैं। बैंक आमतौर पर छोटे किसानों को ऋण देने के लिए तैयार नहीं होते हैं क्योंकि छोटे किसानों के पास आमतौर पर ऋण के लिए गिरवी रखने हेतु कोई संपार्श्विक नहीं होता है। इन परिस्थितियों में, किसानों को यह अभिनव ऋण वेंचर कैपिटल फर्म द्वारा की गई अपनी तरह की पहली पेशकश है। फॉक्सहॉग वेंचर्स के इंडिया हेड और प्रबंध निदेशक, तरुण पोद्दार ने कहा, फॉक्सहॉग ने किसान परिवारों, विशेष रूप से परिवार की महिला सदस्यों को छोटे ऋण प्रदान करके वित्त पोषण में क्रांतिकारी नवाचार की प्रक्रिया शुरू की है।

# धरती झूमे, अंबर झूमे, झूम उठ्यो संसार, माता अहलवाती के आंगणिए में श्याम लियो अवतार...

### मानगो में दो दिवसीय 23वां श्याम जन्मोत्सव का समापन आज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** शहर की धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो द्वारा दो दिवसीय 23वां श्री श्री श्याम जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। देवउठनी ग्यारस के शुभ अवसर पर प्रथम दिन शुक्रवार को मानगो न्यू पुरूलिया रोड़ स्थित श्याम भवन में सुबह से लेकर देर रात तक भजनों संग बाबा श्याम के जयकारे गूंजते रहे। आज के इस धार्मिक आयोजन में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास और विशिष्ट अतिथि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता और सांसद विघुत वरण महतो शामिल हुए। उन्होंने बाबा श्याम की पूजा अर्चना की और झारखंड में सुख, शांति और समृद्धि की मन्नत मांगी। असे पहले सुबह श्री श्याम अखंड ज्योत पाठ और शाम को श्री श्याम पाठ का सागार हुआ। श्याम अखण्ड पाठ में लगभग 200 से अधिक महिलाएं शामिल थी। सुबह की पूजा यजमान उर्मिला देवी-शंकरलाल अग्रवाल (मामाजी) और शाम की पूजा यजमान प्रिया-योगेश अग्रवाल ने की। पंडित जी ने विधिवत पूजा अर्चना की और सबको रक्षा सूत्र बांधा। हजारों भक्तों ने श्याम बाबा का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। रात 12 बजे केक कटिंग के बाद भक्तों के बीच बधाई बांटी गयी। देर रात महाआरती के बाद उपस्थित भक्तों के बीच छप्पन भोग प्रसाद वितरित किया गया। कोलकाता की कलाकार प्रिया पोददार और स्थानीय कलाकार बंटी चांगिल द्वारा सुयंक्त रूप से बाबा श्याम पाठ का वाचन किया गया। पाठ वाचन के दौरान बाबा श्याम के भजनों पर नृत्य नाटिका की भी प्रस्तुति कलाकारों द्वारा की गयी। कोलकाता के विजय सोनी एण्ड टीम द्वारा रात्रि 09.15 बजे से भजनों की अमृत वर्षा की गयी। श्याम बाबा की इच्छा तक देर रात तक कार्यक्रम चला। स्थानीय कलाकार एन कृष्णामुर्ति ने गणेश वंदना से भजनों के कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सफल संचालन किया।

## गम्हरिया थाना मोड़ के समीप दुकान में चोरी

**गम्हरिया।** थाना मोड़ के समीप स्थित मुर्मू स्टोर नामक दुकान का शटर तोड़ कर बीते गुरुवार की रात चोरों ने हजारों रुपये के सामन व नकदी की चोरी कर ली। दुकान मालिक दुःखू मुर्मू ने बताया कि बीते गुरूवार की रात करीब नौ बजे वह अपनी दुकान बंद कर घर चला गया। शुक्रवार की सुबह जब दुकान आया तो शटर टूटा हुआ पाया। अंदर प्रवेश करने पर सामान इधर-उधर बिखरा हुआ था। खोजबीन करने पर गल्ले में रखा 20 हजार रुपए, पांच हजार का सिक्का व करीब पांच हजार रुपए का सामान गायब पाया। बताया गया है कि चोरो द्वारा पास ही स्थित रवि मंडल के दुकान का ताला भी तोड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन सफल नहीं हो सका। इस बावत मुर्मू द्वारा घटना की सूचना गम्हरिया थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# आने वाला दौर आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का है ह्यूमन लाइफ होगा आसान : श्रीकांत वेलामकन्नी

■ एक्सएलआरआई में कारपोरेट टॉक में बोले फ्रैक्टालि कंपनी के सह संस्थापक

खबर मन्त्र ब्यूरो

**जमशेदपुर।** एक्सएलआरआइ के पीजीडीएम (जीएम) की ओर से कॉरपोरेट टॉक का आयोजन किया जा रहा है जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में फ्रैक्टालि कंपनी के सह संस्थापक सह एग्जीक्यूटिव वाइस चेयरमैन श्रीकांत वेलामकन्नी उपस्थित थे।

संस्थान की छात्रा दिलप्रीत कौर के उद्घाटन भाषण से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इसके बाद भावी मैनेजरों को श्रीकांत वेलामकन्नी ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस को लेकर चल रहे मिथक के साथ ही उसके उपयोग से किस प्रकार मानव जीवन आसान हो सकता है, इससे संबंधित बातें बतायी। कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस मानव जीवन के उत्थान में अहम योगदान दे रहा है। इसके इस्तेमाल से जुड़ी कई रोचक बातें उन्होंने साझा की। साथ ही कहा कि किस प्रकार आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल से हेल्थ केयर सेकटर, सप्लाई चेन, राशन आपूर्ति, दूरसंचार, तेल व गैस समेत अन्य सेक्टर में इसके इस्तेमाल से पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों की जानकारी दी। श्रीकांत ने कहा कि यह इंडस्ट्री के साथ ही क्वांटम कंप्यूटिंग के साथ अगला बड़ा बदलाव है। उन्होंने कहा कि कई बार यह बात पूछी जाती है कि क्या आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के इस्तेमाल से मानव संपदा को नौकरी में खतरा उत्पन्न होगा, लेकिन ऐसा कतई नहीं है।



छात्र-छात्राओं को संबोधित करते श्रीकांत वेलामकन्नी।

एक नजर में

## आदित्यपुर : शादी के बंधन में बंधे प्रेमी युगल



**गम्हरिया।** आदित्यपुर थानांतर्गत बड़ा गम्हरिया में ग्रामीणों ने दो प्रेमी युगल को शादी के बंधन में बांधकर जीवन भर साथ रहने का आशीर्वाद दिया। बताया गया है कि कुलूडीह निवासी गणेश गोराई के पुत्र विजय गोराई को बड़ा गम्हरिया निवासी अनंता खिलाड़ी की पुत्री पुष्पा खिलाड़ी के साथ बीते तीन वर्षों से प्रेम संबंध चल रहा था। दो दिन पूर्व पुष्पा से मिलने पहुँचे विजय गोराई को ग्रामीणों ने पकड़ लिया। ग्रामीणों के समक्ष दोनो ने एक दूसरे से प्यार करने की बात स्वीकार करते हुए शादी करने की बात कहीं। ग्रामीणों ने दोनों के अभिभावकों से वार्ता कर शादी का प्रस्ताव रखा जिसमे लड़की के पिता ने शादी के प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया जबकि लड़का के पिता को ये प्रस्ताव मंजूर नही था। वहीं युवक अपने पिता के फैसले के खिलाफ शादी करने के लिए तैयार हो गया। दोनो बालिग हैं इसलिए ग्रामीणों ने भी शादी की सहमति दे दी। गुरुवार की शाम ग्रामीणों के समक्ष प्रेमी युगल की शादी करा कर वधु को आशीर्वाद देकर छोड़ दिया गया।

## टाटा स्टीलकर्मी सुजीत ने छठी बार किया एसडीपी दान



**जमशेदपुर।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाईटी, पूर्वी सिंहभूम द्वारा एसडीपी डोनेशन के क्षेत्र में लगातार लोगों को जोड़कर सिंगल डोनर प्लेटलेट के जरूरतमंद को प्लेटलेट उपलब्ध कराकर उनका जीवन बचाने का लगातार कार्य कर रहा है, इस कड़ी में रेड क्रॉस के एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह लगातार सक्रिय रहते हैं, आज टाटा स्टील कर्मी सुजीत कुमार पाणिग्रही ने छठी बार अपना एसडीपी दान किया, इसके साथ ही उन्होने अपना 23वां रक्तदान भी पूरा किया। श्री पाणीग्रही ने एक नवजात के लिए अपना एसडीपी दान किया। इस अवसर पर श्री पाणीग्रही को जमशेदपुर ब्लड बैंक के प्रशासक श्री संजय चौधरी, डॉ. निर्जला झा, एसडीपी डोनेशन प्रभारी प्रभुनाथ सिंह ने उपस्थित रहकर प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

## आर वी एस अकादमी के छात्रों ने शैक्षिक दौरे के तहत पुरुलिया साइंस सिटी का दौरा किया




**जमशेदपुर।** आर वी एस अकादमी, डिमना रोड, मानगो, जमशेदपुर के छात्रों को पुरुलिया साइंस सिटी की शैक्षिक यात्रा पर ले जाया गया। 120 विद्यार्थी व 10 शिक्षक शैक्षिक भ्रमण पर गए। छात्रों ने भौतिक विज्ञान से संबंधित शो, समुद्री और जलीय जीवन पर एक 3 डी शो, दैनिक जीवन में विज्ञान से संबंधित प्रयोग देखे। विशेष आकर्षण तारामंडल की यात्रा थी जहां अंतरिक्ष, तारा, आकाशगंगा, खगोल विज्ञान और सौर मंडल से संबंधित विभिन्न शो दिखाए गए थे। छात्रों ने जूलॉजिकल पार्क में आनंद लिया जहां उन्होंने पक्षियों और खरगोशों की विभिन्न प्रजातियों को देखा। वनस्पति उद्यान एक सीखने का अनुभव था। डायनासोर और घोड़ों की आकृतियां छात्रों में कौतूहल का विषय थीं। छात्रों ने वहां शानदार भोजन, झूले और सवारी का आनंद लिया। यह जीवन भर का अनुभव था और उन्होंने जो ज्ञान प्राप्त किया है वह हमेशा उनके दिमाग में अंकित रहेगा। विद्यालय के चेयरमैन श्री बिंदा सिंह ने शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की जिनके कारण यह शैक्षिक यात्रा छात्रों के लिए इतनी फलदायी रही। उन्होंने कहा कि छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह के शैक्षिक भ्रमण अनिवार्य हैं। वे न केवल टीम वर्क सीखते हैं बल्कि अपने दम पर और समूहों में चीजों को अच्छी तरह से प्रबंधित करना भी सीखते हैं।

## शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया काम



**गम्हरिया।** बिहार की तर्ज पर एमएसीपी छठे वेतनमान में उत्क्रमित वेतनमान की विसंगति दूर करने, अंतर जिला स्थानांतरण और अत्यधिक लिपिकीय कार्य सहित गैर शैक्षणिक कार्यों से शिक्षकों को मुक्त करने समेत चार सूत्री मांगों को लेकर अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के अह्वान पर शुक्रवार को जिले के शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर काम किया। इस मौके पर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्त ने बताया कि विगत 15 अक्टूबर को संगठन के प्रदेश इकाई द्वारा लिए गए निर्णय के आलोक में उक्त मांगों को लेकर संघीय पदाधिकारियों ने समय समय पर विभाग को ज्ञापन सौंपा है। इसके आलोक में विभागीय बैठक भी की गई किन्तु कोई भी सकारात्मक हल नहीं निकला है। शिक्षकों का आरोप है कि झारखंड में बिहार के प्रोन्नति नियमावली प्रभावी है। बिहार में एमएसीपी जो सेवाकाल में अधिकतम तीन अतिरिक्त इन्क्रीमेंट प्रावधानित है वह मिल गया है। लेकिन झारखंड के शिक्षकों को अभीतक नहीं मिल पाया है। उन्होंने बताया कि छठे वेतन आयोग द्वारा निर्धारित इन्ट्री पे स्केल सचिवालय कर्मियों को दिया गया लेकिन शिक्षकों को उससे परे रखा गया। इससे सरकार का दोहरा चरित्र प्रर्दशित होता है। कहा कि सौतेलापन व्यवहार से आहत अखिल झारखण्ड प्राथमिक शिक्षक संघ ने अब आर-पार की लड़ाई का चरणबद्ध आंदोलन की घोषणा की है।

स्पीड न्यूज

### डीइओ ने किया मॉडल स्कूल का उदघाटन

**मरकच्चो (कोडरमा)।** अखबारों में खबर प्रकाशित होने के बाद 3 नवंबर को डीइओ अलका जायसवाल ने मॉडल स्कूल का उद्घघाटन की। इस दौरान उन्होंने बताया कि मॉडल विद्यालय में 18 बच्चों का नामांकन किया गया, जो मरकच्चो मुख्यालय स्थित सर्वोदय प्लस टू उच्च विद्यालय में चल रहा था। वहीं के छात्र-छात्राओं को मॉडल विद्यालय में स्थानांतरित किया गया। ज्ञात हो कि यह विद्यालय मरकच्चो-बरियारडीह मुख्य मार्ग स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय देवीपुर परिसर में लाखों रुपयों से निर्मित मॉर्डल स्कूल था जो पूरी तरह से पठन पाठन के लिए तैयार था, वहीं दूसरी ओर उक्त भवन के इर्द गिर्द पेड़ पौधों के साथ साथ झाड़ी झंखार व गंद्गी का ढेर लगा हुआ था, मगर इसकी सुध लेने वाला कोई नहीं था, जिसे लेकर अखबारों में प्रमुखता से खबर छपा एवं 3 नवंबर को विद्यालय चालू किया गया तथा सरकारी शिक्षकों द्वारा पठन पाठन किया जा रहा है। वहीं विद्यालय चालू होने से ग्रामीणों ने खुशी जाहिर किया। वहीं शिक्षक मनोज कुमार ने बताया कि विद्यालय भवन के अंदर मधुमक्खी तथा भवन में फैले गन्द्गी का साफ-सफाई किया जा रहा है, अभी नामांकन बच्चों की संख्या कुल 18 हैं, जिसमे 16 बच्चे उपस्थित हैं। विद्यालय में मनोज कुमार यादव, हरिपाल गुप्ता, राजेश कुमार एवं विशाल कुमार कार्यरत हैं।

### 6 नवंबर को होने वाले आपके द्वार कार्यक्रम 13 नवंबर को

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखं डमें 6 नवंबर को होने वाली आपके द्वार कार्यक्रम तिलोकरी में अब 13 नवंबर को आयोजित होगा। बता दें की झारखंड सरकार की महत्वाकांक्षी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम जो प्रखंड के तिलोकरी पंचायत में 6 नवंबर को होना था, परंतु स्थानीय मुखिया इंद्रदेव यादव तथा ग्रामीणों के सहयोग से यह कार्यक्रम अब 13 नवंबर को आयोजित किया जाएगा। बता दें की 6 नवंबर को बड़ा पर्व को लेकर लोग व्यस्त रहेंगे। इसलिए कार्यक्रम में उपस्थित होना लोगों के लिए निश्चित नहीं होगा, इसी को देखते हुए बीडीओ सना उस्मानी तथा सीओ ओम बड़ाईक के अनुशंसा पर इसकी तिथि को आगे बढ़ा दिया गया है।

### यूपीए का धरना आज

**लोहरदगा।** केंद्र की भाजपा नीत सरकार के द्वारा स्वतंत्र जांच एजेंसियों के दुरुपयोग कर राज्य की चुनी हुई लोकप्रिय सरकार के विरोध में षड्यंत्र करने के विरोध में आज 5 नवंबर 2022 को यूपीए घटक दलों के द्वारा संयुक्त रूप से लोहरदगा जिला समाहरणालय के समक्ष एक दिवसीय धरना प्रदर्शन आयोजित की गई है। इस धरना प्रदर्शन में कांग्रेस पार्टी के साथ-साथ झारखंड मुक्ति मोर्चा एवं राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकताओं की भी भागीदारी होगी। यह जानकारी जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुखैर भगत ने देते हुए सभी जिला कांग्रेस कमेटी के सम्मानित पदाधिकारी गण सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष गण एवं प्रखंड अध्यक्षों से उक्त कार्यक्रम में आवश्यक रूप से भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

### जर्जर तार एवं ट्रांसफार्मर बदलने की मांग

**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत परसाबाद के लप्सियाडीह के ग्रामीणों ने 11 हजार जर्जर बिजली तार के पोल एवं ट्रांसफार्मर बदलने की मांग की है। वहीं ग्रामीणों का कहना है कि आंगनबाड़ी केंद्र के समीप कई वर्ष से लगे ट्रांसफार्मर को हटाकर पैक्स गोदाम के पास किया जाए क्योंकि आंगनबाड़ी केंद्र में छोटे-छोटे बच्चे आते हैं एवं ट्रांसफार्मर से कई बार स्पार्क होने की डर बनी रहती है, जिससे आने वाले दिनों में अप्रिय घटना घट सकती है। मांग करने वालों में रामकृष्ण दास, रामकिशुन पासवान, बालेश्वर पासवान, रामदेव पासवान, बिहारी दास, रामेश्वर दास, अनिल दास, सिकंदर दास, रितिक पासवान, मुकेश दास, बबून दास, अनिल दास एवं अन्य ग्रामीण शामिल थे।

# विधायक ने कहा, आइटी का छापा नहीं बल्कि भाजपा का छापा है

बेरमो विधायक के आवास के समक्ष कांग्रेसी कार्यकर्ता धरना पर बैठे

विधायक के करीबी के आवास पर भी चल रहा है आयकर का रेड



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** छापेमारी के बाद क्या है बेरमो के विधायक के आवास पर आयकर की छापेमारी की खबर आग की तरह पुरे क्षेत्र में फैल गया और देखते ही देखते वहां कांग्रेसी समर्थक और मिडिया कर्मियों की भारी भीड़ जमा हो गई थी। दुसरी तरफ आयकर अधिकारियों की टीम विधायक आवास के मुख्य द्वार को भीतर से बंद कर अपनी कार्यवाही में जुटी थी। इधर आवास के बाहर विधायक समर्थक देखते ही देखते आक्रोशित उस समय हो गया जब आयकर की गाड़ी के काफिले के साथ एक इनेवा कार में भाजपा का स्टिकर लगा देखा। मौके पर मौजूद कांग्रेसी नेता सह 20 सूत्री अध्यक्ष प्रमोद सिंह, बेरमो प्रखंड अध्यक्ष सह नप उपाध्यक्ष छेदी नोनिया , नप अध्यक्ष सह कांग्रेसी नेता राकेश सिंह, आरसीएमयू के सीसीएल कथारा अध्यक्ष अजय कुमार सिंह आदि के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता विधायक आवास के सामने ही धरना पर बैठ गए और जमकर केंद्र की भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी आरंभ कर दिया। हालांकि विधायक आवास के आसपास पुलिस का पुख्ता बंदोबस्त किया गया था जिस कारण एक्का दुक्का मिडिया कर्मियों के अलावा कोई भी विधायक के आवास के पास नही पहुच पा रहा था। धरना पर बैठे कार्यकताओं ने सवाल उठाते हुए कहा कि आयकर विभाग के अधिकारी आज कल छापेमारी के लिए भाजपा नेताओं की गाड़ियों का सहारा लेते है जिससे साफ हो जाता है कि अब आईटी, ईडी, सीबीआई स्वतंत्रता नही होकर केन्द्र की भाजपा सरकार के इशारे पर काम कर रही है। कांग्रेसी ने आरोप लगाया कि जो भी विधायक या सांसद मोदी व भाजपा सरकार की बात नही मानेगी उसके उपर उपरोक्त एजेंसियों की कार्रवाई होना तय है। आज तक यही देखा जा रहा है। 20 सूत्री अध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि राज्य की सरकार गिरने से बचाने की सजा विधायक जी को मिल रही मगर हमारे विधायक साफ सुधरे है जांच मे आयकर के हाथ खाली ही रहेगे।

**सामने आई विधायक की माता जी:** छापेमारी के दौरान ही किसी तरह विधायक जी की माता तथा स्व राजेंद्र प्रसाद सिंह की पत्नी रानी सिंह मिडिया के सामने आई और कही कि आयकर के अधिकारी अपना काम कर रहे हैं और हम परिवार के लोग भी उनका भरपूर सहयोग कर रहे है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कही कि याद रखना चाहिए कि हम राजेंद्र सिंह की पत्नी है इस तरह के कार्यवाही से हम डरने वाले लोग नही है।

**क्या हो रहा है सोशल मिडिया पर वायरल:** वही विधायक जी के आवास पर आयकर के छापेमारी के दौरान विधायक श्री सिंह अपने रांची स्थित आवास पर है। वहां उन्होंने मिडिया के समक्ष कहा कि उनके तीन आवासों पर आयकर की जांच-पड़ताल चल रही है। रांची, पटना और बेरमो। कहे कि छापेमारी लगभग 7:30 बजे शुरू हुई है जो अभी तक जारी है। हम आयकर अधिकारियों का भरपूर सहयोग कर रहे है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि जो भाजपा सरकार की बात नहीं मानेगा उनके आवासो पर आईटी, ईडी, सीबीआई का रेड पड़ना कोई नही बात नही है। उन्होंने कहा कि यह रेड आयकर विभाग की नही बल्कि भाजपा की रेड है मगर इससे हमलोग डरने या घबराने वाले नही है।

**क्या कहे आयकर के अधिकारी:** काफी मशक्कत के बाद किसी तरह आयकर के एक अधिकारी से बात हो पाई। हालांकि उन्होंने अपना नाम नही बताया मगर बेरमो विधायक के आवास पर पड़े रेड मे अधिकारियों की संख्या बताया कि टीम मे लगभग 20 से 25 लोग शामिल हैं जिसमे कुछ अधिकारी बंगाल के भी है। बाकि किसी भी जरह से जानकारी देने से मनाकर दिया।

**क्या है स्थिति**

समाचार लिखे जाने तक बेरमो विधायक के आवास के अंदर छापामारी चल रही थी तो दुसरी तरह आवास के बाहर सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसी नेता व कार्यकर्ता धरना पर बैठे केन्द्र की भाजपा सरकार के विरुद्ध नारेबाजी कर रहे थे। वही सुरक्षा की दृष्टि से मौजुद पुलिस कर्मी सतर्क नजर आ रहे थे। कुल मिलाकर यह साह मात का खेल कहा जाकर रुकेगा यह देखना बाकि होगा। लेकिन फिलवक्त विधायक के आवास पर आयकर के छापामारी के बाद राजनीतिक तापमान काफी बढ़ गया और वह भी आयकर टीम के सदस्यों का भाजपा के स्टिकर लगे गाड़ी से छापेमारी करने पहुचना आग में धी का कर रही है। बहरहाल समाचार लिखे जाने तक आयकर की छापेमारी चल रही थी और बाहर कांग्रेसी और विधायक के समर्थक धरना और प्रदर्शन कर नारेबाजी कर रहे थे।

# भाजपा जब-जब कमजोर होती है तब-तब इडी, सीबीआइ और आइटी का सहारा लेती है: अशोक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** फुसरो के पुराना विडिओ आफिस में बोकारो जिला के हजारों कांग्रेसी कार्यकर्ता कार्यकताओं ने आयकर विभाग द्वारा बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह के आवास पर छापेमारी के विरोध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का पुतला दहन किया। कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह और उनसे जुड़े लोगों के ठिकानों कोयला व्यवसायी अजय कुमार सिंह के घर पर भी एऊ की टीम ने दबिश दी। अजय विधायक अनूप सिंह के करीबी हैं। शिवशंकर यादव के यहां भी छापे पड़े हैं।

छापेमारी पर कांग्रेस के बोकारो जिला संयोजक अशोक चौधरी ने कहा है कि बीजेपी के इशारे पर विघायक कुमार जयमंगल सिंह के घर छापा पड़ रहा है। बीजेपी नेता की गाड़ी से आईटी के अधिकारी छापेमारी कर रहे हैं। कहा कि ईडी,आईटी,सीबीआई संवैधानिक संस्थाओं का यह दुरुपयोग दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजेपी वालों को शर्म आनी चाहिए। उन्हें डूब मरना चाहिए। जिला अध्यक्ष मंजूर अंसारी ने कहा कि जो नेता भाजपा की बात नहीं मानेंगे उनके यहां रेड डाली जाती है। जिस वक्त आईटी विभाग की टीम पहुंची अनूप सिंह अपने घर पर मौजूद नहीं थे। घर पर सिर्फ उनकी मां मौजूद थीं। अनूप सिंह के बेरमो स्थित आवास पर रेड करने पहुंची आईटी की टीम की गाड़ी पर बीजेपी का स्टीकर होने से चर्चा तेज हो गई है। गाड़ी का नंबर जेएच01एल 5626 है। जो किसी दिनेश महतो के नाम पर है। ये इसके सेकंड ऑनर हैं। जब यह गाड़ी बेरमो विधायक के घर रेड के लिए पहुंची तो गाड़ी के शीशे पर बीजेपी का स्टीकर लगा हुआ था। चर्चा होने के बाद आईटी टीम में शामिल कुछ अधिकारियों ने आनन-फानन में स्टीकर निकालवा दिया है।कहा कि ये बीजेपी की साजिश है। लगातार गैर बीजेपी शासित सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। कार्यक्रम में नप चेयरमैन राकेश कुमार सिंह, प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया, पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रमोद सिंह, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह सहित परवेज अख्तर, राकेश सिंह ,प्रदीप सिंह, गणेश मल्लाह, ललन रवानी, वार्ड पार्षद सरयू चौहान ,रिंकू निषाद ,सलीम जावेद उर्फ मोती, प्रदीप महतो, अशोक अग्रवाल ,राजू प्रसाद, मनोज ठाकुर ,मुरारी सिंह , विजय सिंह, मोहम्मद कलीमुउद्दीन ,मानिक दिगार, राजू दिगार, मोहम्मद जमीर अहमद खान, पप्पू खान, सहित हजारों लोग शामिल थे।

## सेन्हा प्रखंड में आयोजित आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम में उमड़ी भीड़

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा/सेन्हा।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन जिला के सेन्हा प्रखंड के बुटी पंचायत में आयोजित हुआ।

सेन्हा के बुटी पंचायत के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय शाहबुटी के पीछे स्थित मैदान में आज आयोजित कार्यक्रम में कुल 25 योजनाओं का शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम में 06 लाभुकों को केसीसी, 05 सखी मंडल के बीच 2.5 लाख का क्रेडिट लिंकेज, 05 महिलाओं को फुलो झानो आशीर्वाद अभियान के अंतर्गत 10-10 हजार रुपए की सहायता राशि, 06 किशोरियों के बीच सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना का स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में जिला जनसम्पर्क पदाधिकरी पलटू महतो, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अशोक चोपड़ा, अंचल अधिकारी विजय कुमार के साथ-साथ प्रखण्ड प्रमुख, जिला परिषद अध्यक्ष, 20 सूत्री अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में पदाधिकारियों द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह कार्यक्रम के तहत चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन

**बेरमो।** कोल इंडिया द्वारा सतर्कता-जागरूकता सप्ताह 31 अक्टूबर 22-06 नवम्बर 22 तक आयोजित है इसी के उपलक्ष्य में शुक्रवार को सीसीएल बोकारो - करगली क्षेत्रीय प्रबंधन द्वारा सीसीएल एडेड स्कूलों के बीच चित्रांकन निबंध और रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सीसीएल एडेड स्कूल शिशु विकास विधालय, संडेबाजार, संत अन्ना स्कूल, कुरपनिया तथा चिल्ड्रेन पाराडाइज स्कूल, कुरपनिया के बच्चों ने भाग लिया। पारितोषिक वितरण सोमवार सात नवम्बर को किया जाएगा। मौके पर



क्षेत्रीय महाप्रबंधक एम कोटेश्वर राव , एसओ पी एंड पी श्री झा, क्षेत्रीय सीनियर मैनेजर, अमलाधिकारी राजीव कुमार, पर्सनल विश्वास वत्स के अलावा एस एस सोनी , श्रीमती रम्भा सिंह, संजीव कुमार, आर ए सिंह, तिजन मास्टर सहित कई शिक्षक व सीसीएल अधिकारीगण व कर्मचारी मौजूद थे।

## देश और कंपनी के विकास और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहते हुए कार्य करेंगे: जीएम



**बेरमो।** सीसीएल ढोरी मे सतर्कता जागरुकता सप्ताह के तहत शुकवार को महाप्रबंधक कार्यालय से सतर्कता जागरुकता रैली निकाली गयी। जीएम एम के अग्रवाल ने हरी झंडी दिखा रैली को रवाना किया। रैली महाप्रबंधक कार्यालय से निकाली गयी जो फुसरो बाजार होते हुए महिला क्लब पहुंच कर सेमीनार मे संपन्न हो गया। जीएम मनोज कुमार अग्रवाल ने प्रत्येक क्षेत्र में ईमानदारी और पारदर्शिता रखते हुए सभी देश और कंपनी के विकास और प्रतिष्ठा के प्रति सचेत रहते हुए कार्य करेंगे। जीएम श्री अग्रवाल ने कहा कि भ्रष्टाचार न केवल आम नागरिक को अधिकारों से वंचित करता है, बल्कि देश की प्रगति को बाधित करने के अलावा उसकी सामूहिक शक्ति को भी प्रभावित करता है। इसकी थीम ह्यएक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत है। कहा कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह आगामी 6 नवंबर तक जारी रहेगा। इस कड़ी में पांचवे दिन भ्रष्टाचार मुक्त भारत विकसित भारत की थीम पर सतर्कता जागरूकता रैली निकाली गई। इस दौरान भ्रष्टाचार मुक्त भारत और ढोरी क्षेत्र को बनाने में जन सहयोग करने की भी अपील रैली के माध्यम से की गई। रैली में डीएवी ढोरी स्कूल के बच्चे, सीआईएसएफ, सुरक्षा प्रहरी, होमगार्ड ,यूनियन प्रतिनिधि, सीसीएल के अधिकारियों कर्मचारी आदि मुख्य रूप से शामिल हुए।

# कसमार में झारखंड सरकार के खिलाफ धरना-प्रर्दशन को लेकर बैठक हुई

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/कसमार।** कसमार भाजपा प्रखंड कार्यसमिति की बैठक महिला प्रशिक्षण केंद्र खैराचातर में हुई । बैठक की अध्यक्षता प्रखंड उपाध्यक्ष भवानी प्रसाद मुखर्जी व संचालन प्रखंड महामंत्री परमेश्वर नायक ने किया। बैठक में आगामी 10 नवंबर को कसमार प्रखंड मुख्यालय में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक के मुख्य अतिथि जिला 20 सूत्री के निवर्तमान उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक ने कहा की झारखंड की निकम्मी सरकार के नीतियों को जन जन तक पहुंचाएं एवं आगामी 10 नवंबर के प्रदर्शन में अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने के लिए प्रेरित करें। बैठक को जिला उपाध्यक्ष सह कसमार प्रभारी अनिल स्वर्णकार ने भी संबोधित किया। मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य तुलसीदास जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि बनेश्वर महतो, प्रखंड महामंत्री आनंद महतो, युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष सुरेन्द्र कुमार महतो, उपाध्यक्ष विश्वजीत मिश्रा, राजेश्वर महतो , मनीष जायसवाल, प्रखंड मंत्री कमल दास , मनोहर महतो, कोषाध्यक्ष रामलाल ठाकुर , एसटी मोर्चा के अध्यक्ष विपिन मुंडा, एससी प्रखंड मोर्चा सुरेश कालिंदी, महिला मोर्चा के अध्यक्ष वीणा देवी, महामंत्री खुशबू कुमारी, मेनका देवी , गुड़िया देवी, पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मध्य इंदु शेखर मुखर्जी , राकेश पाण्डेय , राकेश पाण्डेय , अभय जायसवाल , अनिश जायसवाल , राजेश कुमार पांडे,प्रताप सिंह, शैलेंद्र बसंत शर्मा, अजय ठाकुर, राम चरण महतो महेश कुमार महतो, मुकेश कुमार गोसाई ,राजेश गोसाई, श्रावण डोम, कूडू डोम, लाल डोम ,सुदामा महतो, बैजनाथ साव, उमेश तिवारी, सुनील कालिंदी, नागेंद्र कुमार, रफीक अंसारी, शहीद अंसारी, आदि लोग उपस्थित थे।

**एक नजर में**

## अनियंत्रित हो बॉक्साइड लोडेड ट्रक धान खेत में गिरा, फसल नष्ट

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के भड़गांव पंचायत ग्राम तालाब के समीप घाघरा की ओर से आ रही बॉक्साइड लोडेड ट्रक डाईभरसन के पास अनियंत्रित हो खेत में गिर गया जिसे चालक बाल बाल बचा वहीं किसान का धान नष्ट हो गया। घटना रात्रि 1 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना सुबह सेन्हा थाना प्रभारी को मिलते ही उनके निर्देश पर स0आ0नि0 जमशेद खान शस्त्र बल के साथ घटना स्थल पहुंच दुर्घटना का जायजा लेते हुए अग्रेतर कारवाई में जुट गये। वहीं चालक गफार अंसारी ने बताया कि बॉक्साइड खदान से लोड कर आने के दौरान भड़गांव के पास डाईभरसन में स्टैरिंग फेल होने के कारण मेरी गाड़ी धान की खेत में जा गिरा। जिसमें किसी का हताहत नही हुआ है। लेकिन गाड़ी सहित किसान का फसल क्षतिग्रस्त हो गया। चालक के बताने के अनुसार घटना डाईभरसन खराब होने का कारण स्टैरिंग फेल होने का जिक्र किया जा रहा है।

## बीस सूत्री कार्यक्रम की बैठक में अनुपस्थित पंचायत सचिव से बीडीओ ने मांगा स्पष्टीकरण

**घाघरा।** बीस सूत्री क्रियान्वयन समिति की आगामी 29 सितंबर को हुई बैठक में अनुपस्थित पंचायत सचिव आशिक मीर से बीडीओ ने शुक्रवार को स्पस्टीकरण का मांग किया है। मांगे गए स्पष्टीकरण में 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने की बात कही है। स्पष्टीकरण में पंचायत सचिव आशिक मीर से कहा गया है कि 29 सितंबर 2022 को 20 सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक में अनुपस्थित पाए गए थे। जिससे आपके संबंधित पंचायत की समीक्षा नहीं हो पायी। साथ ही आपके द्वारा 15वें वित्त आयोग योजना अंतर्गत पंचायत की योजना में मुखिया पर दबाव डालकर योजना की राशि को निकासी कर लिया गया है जो ग्रामीणों द्वारा मामला उजागर किया गया था। इस तरह का कार्य किया गया जो सरकारी नियमानुकल है और आपकी कार्य आचरण के विरुद्ध है। यहां बता दें कि कई पंचायत सचिव दबाव डालकर कार्य करवा रहे हैं। हालांकि यह जांच का विषय है।

## अंधविश्वास समाज तथा परिवार के लिए अभिशाप है: ऋषिकांत

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत बंसरी ग्राम में डायन कुप्रथा व बाल विवाह रोक थाम को लेकर गरिमा परियोजना द्वारा जगरुक्ता कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से थाना प्रभारी ऋषिकान्त बहुमूल्य समय दे कर ग्रामीणों को कानूनी जानकारी देते हुए कहा कि अंधविश्वास समाज और परिवार के लिए अभिशाप है। उन्होंने कहा डायन कुप्रथा अंधविश्वास जैसे समाजिक कुरीतियों को जिन किन्ही के द्वारा बढ़ावा देने का कार्य किया जाता है। वैसे लोग पर कानूनी कारवाई भी होती है। और परिवार बिखर जाता है। साथ ही बाल विवाह जैसे सामाजिक कुरीतियों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार पूर्व ग्रामीणों को जानकारी दिया। इसके अलावे आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिलाओं द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर पंचायत ग्राम के ग्रामीणों को जगरुक होने का संदेश दिया गया। और लोगों को एक दूसरे के बीच अंधविश्वास पर ज्ञान बाटने का सलाह दिया गया। यह कार्यक्रम सेन्हा प्रखंड अंतर्गत सभी पंचायत ग्राम में आयोजन किया जाएगा। जिससे ग्रामीण जगरुक हो अंधविश्वास को त्याग कर सही राह पर चल सके।

## सफलता के लिए तनावमुक्त जीवनशैली अपनाएं : डॉ.रमण



**कोडरमा।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत सदर अस्पताल में मनाए जा रहे मानसिक स्वास्थ्य पखवाड़ा के अन्तगर्त जिले के सहिया दीदियों के लिए तनाव मुक्ति कार्यशाला का आयोजन डीएलओ डॉ. रमण कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यशाला में शामिल सहियाओं को सम्बोधित करते हुए डॉ.रमण ने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए तनावमुक्त जीवनशैली अपनाने की जरूरत है। तनावग्रस्त व्यक्ति किसी भी समस्या से निपटने में स्वयं को असहज महसूस करता है, छोटी छोटी बातों के बारे में ज्यादा सोचने को मजबूर हो जाता है, जिसका स्वास्थ्य पर काफी हानिकारक प्रभाव पड़ता है। यदि समय रहते तनाव या चिंता को कम नही किया जाय तो इससे जीवन पर बुरा असर पड़ता है, ऐसे लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार कर, उनके अंदर सकारात्मक ऊर्जा का संचार कर, उसे तनाव से बाहर निकालने की जरूरत है।

## बेरमो निवासी ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से मुलाकात कर कई समस्याओं को रखा

**बेरमो।** बेरमो सुभाषनगर निवासी एवं समाजसेवी प्रकाश कुमार सिंह ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा से गुरूवार को दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान प्रकाश कुमार सिंह ने केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के साथ कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। प्रकाश कुमार सिंह विश्व प्रसिद्ध वैक्सीन निमार्ता कंपनी सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया में निदेशक पद पर कार्यरत हैं और अपनी जन्मभूमि बेरमो के विकास व जन-कल्याण के लिए कृत-संकल्प हैं। प्रकाश कुमार जनता मजदूर संघ ढोरी क्षेत्र क्षेत्रीय सचिव विकास कुमार सिंह के छोटे भाई हैं।

स्पीड न्यूज

## बासल पुलिस ने अवैध बालू लदा हाइवा पकड़ा

**बासल (रामगढ़)।** पतरातू सीओ शिव शंकर पांडेय के निर्देश पर शुक्रवार को बासल पुलिस ने अवैध बालू लदा हाईवा जप्त किया है। जानकारी के अनुसार जेएच 02 एएक्स 5468 नंबर की हाइवा बालू लादकर बड़कागांव से रांची की ओर जा रही थी। सूचना मिलते ही बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला ने दलबल के साथ जेएसपीएल ए गेट के समीप हाइवा को पकड़ लिया। साथ ही उसे जप्त कर थाने ले आई है। मामले पर बासल थाना प्रभारी अमर शुक्ला ने बताया कि हाइवा चालक ने चालान प्रस्तुत की है। पूरे मामले का प्रतिवेदन पतरातू सीओ को भेजा गया है। जांच-पड़ताल आगे की कार्रवाई वही करेंगे। वहीं सीओ ने बताया कि मामले की जांच-पड़ताल की जा रही है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आज रजरप्पा में

**रजरप्पा।** रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम शनिवार दोपहर 12:00 बजे से होगी। जिसमें राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शामिल होंगे। साथ ही कार्यक्रम में मंत्री आलमगीर आलम एवं सत्यानंद भोक्ता भी शामिल होंगे। बताया गया है कि हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा, रामगढ़ विधायक ममता देवी, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल एवं बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद कार्यक्रम में मौजूद रहेंगे।

## निबंध लेखन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र द्वारा 31 अक्टूबर से 06 नवंबर 2022 तक चल रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अन्तर्गत शुक्रवार को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर में निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यालय के भैया- बहनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। निबन्ध का विषय था-' भ्ष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत ' भैया-बहनों ने इस विषय पर अपने विचार लिखित रूप से निबन्ध के माध्यम से अभिव्यक्त किए। श्रेष्ठ तीन निबन्ध को पुरस्कृत किया जाएगा। नोडल ऑफिसर सीएसआर आशीष कुमार झा ने बच्चों को भ्ष्टाचार - मुक्त भारत बनाने तथा सदैव ईमानदारी, सत्यनिष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होने का संदेश दिया। प्राचार्य उमेश प्रसाद द्वारा बच्चों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा कराया गया। उन्होंने जीवन में ईमानदारी को आत्मसात करने और भ्ष्टाचार का विरोध करने का संकल्प लेने की बात कही। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सीसीएल के कार्मिक विकास कच्छप, देवकुमार बेदिया सहित विद्यालय के आचार्य अमरदीपनाथ शाहदेव, अनिल कुमार त्रिपाठी, रेखा कुमारी, उमेश चन्द्र महथा आदि की प्रमुख भूमिका रही।

## पचड़ा पंचायत में ग्राम सभा का आयोजन

**केरेडारी।** केरेडारी प्रखंड के पंचायत पचडा जोरदाग गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। ग्राम सभा पचडा पंचायत जोरदाग में मनरेगा योजना से संबंधित 15वें वित्त संबंधित एवं वन विभाग चिकित्सा मनरेगा एवं अन्य विभागों को लेकर विचार विमर्श किया गया पचरा पंचायत मुखिया महेश प्रसाद साव ने अपनी संबोधित करते हुए कहा कि मैं मुखिया महेश प्रसाद साव साह मुखिया संघ का अध्यक्ष और पंचायत समिति साह केरेडारी प्रखंड प्रमुख सुनीता देवी मिलकर अपने पंचायत को पूरे जिला में एक नंबर पर काम करने का वादा करता हूं जिसमें तमाम जनप्रतिनिधि एवं समाजसेवियों एवं ग्रामीणों का योगदान अहम होगी। वही मुखिया महेश प्रसाद साहू के द्वारा मैट्रिक एवं इंटर में अच्छे नंबरों से पास हुए विद्यार्थियों को फाइल बैग देकर सम्मानित किया गया। एवं मुखिया महेश प्रसाद साहू के द्वारा ऐलान किया गया कि जो विद्यार्थी अच्छे नंबरों से पास करेंगे उनको मेरी तरफ से लैपटॉप दिया जाएगा।

# केके कंस्ट्रक्शन कंपनी की साइट पर गोलीबारी में शामिल आरोपी गिरफ्तार

### प्रेस कॉन्फ्रेंस में एसपी द्वारा दी गई जानकारी



जानकारी देते एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रामगढ़।** एसपी पीयूष पांडे ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि 2 नवंबर को बरकाकाना ओपी क्षेत्र स्थित केके कंस्ट्रक्शन कंपनी के साइट पर गोलीबारी में शामिल दोनो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एसपी ने बताया कि बरकाकाना ओपी क्षेत्र के बुधबाजार रेलवे क्वार्टर निर्माण साइट पर दो अपराधियों ने गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया था। बताया कि दोनो ने नकाब पहना हुआ था। बताया की मामले को लेकर पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 198/2022, दिनांक 02,11,2022, धारा 307 भादवि तथा 27 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि मामले की जांच के क्रम में पुलिस ने मानेश्वर कुमार 27 वर्ष, पिता जयनंदन महतो, साकिन तेलियातू बरकाकाना ओपी, राहुल कुमार महतो उर्फ मास 35 वर्ष पिता पृतलाल महतो साकिन तेलियातू बरकाकाना ओपी को सिद्धवार जंगल से पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। बताया के अपराधियों के पास सु पुलिस ने घटना को अंजाम देने में प्रयुक्त होंडा साइन बाइक संख्या जेएच02वाई 6894 को भी जब्त किया है।

एसपी ने कहा कि पकड़ गये आरोपियों का आपराधिक इतिहास रहा है।

### आरोपियों का आपराधिक इतिहास

एसपी ने बताया कि मानेश्वर कुमार पर पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 229/2014, दिनांक 17,09,2014, धारा 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट, गोला थाना कांड संख्या 139/2020, दिनांक 22,12,2020, धारा 399/402 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट दर्ज है। जबकि राहुल कुमार महतो उर्फ मास पर पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 229/2014, दिनांक 17,09,2014, 25 (1-बी) ए/26/35 आर्म्स एक्ट, पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 102/2016, दिनांक 13,04,2016 धारा 387/34 भादवि, पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 242/2020 दिनांक 13,04,2016 धारा 147/148/149/341/323/206/387/385/427/120बी, पतरातू (बरकाकाना) थाना कांड संख्या 100/2017 दिनांक 27,04,2017 धारा 304 (बी) / 34 भादवि के तहत मामला दर्ज है। छापेमारी दल में बरकाकाना ओपी प्रभारी विनय कुमार,पुअनि सफीउल्ला अंसारी एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## दारू प्रखंड में लंपी वायरस का कहर, दो हजार पशु हैं पीड़ित



बीमार पशु

**रौशन सिन्हा**

**दारू।** प्रखंड में जानवरों में फैलने वाला लंपी वायरस काफी तेजी से फैल रहा है और पूरे प्रखंड के पशुओं में काफी तेजी से फैल रहा है। पशुपालन विभाग के कर्मियों ने बताया कि प्रखंड में लगभग 23 हजार पशु है जिनमे से करीब दो हजार गौवंशीय पशु इससे पीड़ित है। प्रखंड के दिग्वार, आकाकुम्बा, रचंगा, कंजिया, रामदेव खैरिका, गोपलो, झुमरा, जिनगा, मेड़कुरी खुर्द, तिउज , पुनाई, कबलासी सहित कई अन्य जगहों पर यह वाईरस फैल चुका है। एक ओर जहां यह बीमारी महामारी का रूप लेती जा रही है वहीं प्रखंड का एकमात्र पशु चिकित्सालय खुद बीमार पड़ा हुआ है। यहां के पशु चिकित्सक दारू प्रखंड के साथ, विष्णुगढ़ पशु चिकित्सालय और घोड़ा अस्पताल हजारीबाग के अतिरिक्त प्रभार में है। लंपी वाईरस का कोई भी वैक्सीन यहां उपलब्ध नही है। ऐसी परिस्थितियों में बीमारी से ग्रस्त पशुओं की इलाज कैसे होगी। लंपी वाईरस एक तेजी से फैलने वाला बीमारी है जो काफी गति से पशुओं को बीमार कर रहा है। पशुपालन विभाग के कर्मियों ने बताया कि इस बीमारी में पशुओं के शरीर मे बड़े बड़े या मंझले आकार के फोड़े हो जाते है या फिर गले मे सूजन के साथ बुखार भी आ जाती है। इन पशुओ का दूध पीना भी खतरनाक होता है जिससे दूध पीने वाला ब्यक्ति, बच्चा या बुजुर्ग भी बीमार हो सकते है। पशुओं में फैलती इस बीमारी से किसान काफी चिंतित नजर आ रहे है वे जैसे तैसे कर्ज लेकर अपने स्तर से पीड़ित पशुओं का इलाज करवा रहे है पर इनकी बीमारी कम होने के बजाय बढ़ता ही जा रहा है और दूसरे जानवरो में फैलता जा रहा है। पशु चिकित्सक डॉक्टर सरोज का फिलहाल रांची में ट्रेनिंग चल रहा है जिस कारण उनकी प्रतिक्रिया नही ली जा सकी।

## सड़क निर्माण के कारण आमलोगों को हो रही है परेशानी, प्रशासन मौन

### बच्चों की सेहत लगातार हो रही खराब

**खबर मंत्र संवाददाता**



धूल उड़ाती गाड़ियां

**बरही।** सड़क निर्माण कंपनी की लापरवाही के कारण धनबाद रोड ओल्ड जीटी रोड पर धूल व डस्ट के उड़ने से आमजनों सहित स्कूली बच्चों को भी कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उड़ता हुआ धूल राहगीर की आंखों में पड़ने के कारण लोग गिरकर चोटिल हो रहें है साथ ही स्कूली बच्चों को भी धूल के कारण बीमार होने की संभावनाएं हो रही है। बताते चलें कि बरही ओल्ड जीटी रोड डीवीसी के पास सड़क सुदृढ़ीकरण का कार्य चल रहा है। लगभग 3 माह पूर्व ही पुल का निर्माण कार्य पूरा किया जा चुका है। निर्माण कार्य में गिट्टियां डालकर उसे रोलिग कर दिया गया है, इसके बाद से अधूरे पड़े निर्माण कार्य में काफी मात्रा में धूल, गर्दा और गिट्टियो का अंबार बना है। पानी न डाले जाने से धूल उड़ रहा है, जिससे यात्रियों की समस्याएं बढ़ गई हैं। बड़े वाहन गुजरने के पश्चात पीछे चल रहे लोगों को धूल से कुछ दिखाई नहीं देता है। स्वाभाविकरूप से सामने से आने वाले लोग भी स्पष्ट नहीं दिखाई पड़ते। धूल के चलते लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। दोपहिया, साइकिल व पैदल चल रहे लोगों के लिए घोर परेशानियां हो रही है। आमजनों की माने तो कुछ लोगों को सांस लेने में भी दिक्कत आ रही है। इसी रास्ते से स्कूली बच्चे भी आते जाते हैं। उनको भी परेशानी उठानी पड़ रही है। इससे राहगीरों के साथ-साथ आसपास रह रहे लोगों को भी परेशानी हो रही है। सड़क किनारे बसे लोगों के घर धूल से भर जा रहे हैं। दुकानदार भी परेशान हैं, दुकानों की सफाई दिन में कई बार करनी पड़ रही है। जिम्मेदार इससे अनजान हैं। कभी-कभी धूल के कारण एनएच पर जाम भी लग जाता है। इस दौरान उड़ने वाली धूल से लोग परेशान हैं। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों को हो रही है। सांस द्वारा धूल के कण जब अंदर जाते हैं, तब वह खांसी से परेशान हो जाते हैं। कभी कभार तो टायर से टकरा कर गिट्टी भी उछलती है जो लोगों को लगकर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। सड़क निर्माण कार्य के दौरान धूल पर नियंत्रण के लिए विभाग की तरफ से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इसके कारण लोगों का जीना मुहाल हो गया है। सड़क निर्माण के दौरान संवेदक द्वारा इसमें लापरवाही बरती जा रही है। पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि फंड के अभाव में काम पूरा नही हो पा रहा है।

## बैंक ऑफ इंडिया के कर्मी और ग्राहक आपस में भिड़े

**खबर मंत्र संवाददाता**



आपस में भिड़े कर्मी और ग्राहक

**बिष्णुगढ़।** बिष्णुगढ़ प्रखंड के अचलजामो पंचायत के बैंक ऑफ इंडिया शाखा के कर्मी और ग्राहक आपस में भीड़ गए। मामले का वीडियो वायरल हुआ है जिसमें बैंक कर्मियों द्वारा एक ग्राहक के साथ धक्का-मुक्की करते साफ दिख रहे हैं। मामला इतना बढ़ गया कि विष्णुगढ़ थाना को इंफॉर्मेशन किया गया,हालांकि पुलिस द्वारा बैंक कर्मी को छोटी मोटी बातों पर गंभीर नहीं होने की नसीहत दि मामला तब शांत हुआ। मामले पर असिस्टेंट बैंक मैनेजर ने कहा कि अमर रजवार वर्षों पूर्व 18000 बैंक से लोन लिया था जिसका किस्त 3000 बकाया है बकाया रकम को चुकाने के लिए बैंक मैनेजर द्वारा फोन किया गया था। लेकिन अमर द्वारा बैंक आकर पैसा नहीं देने की बात करने लगा और मामले में बैंक कर्मी और बैंक ग्राहक के साथ हॉट टॉक हो गया दोनों के विच धक्का-मुक्की भी हो गई। हालांकि ग्राहकों के साथ बैंक कर्मियों व्यवहार ठीक नहीं होने की बात पूर्व में डीडी बनाने गए युवक द्वारा बताया जाता है। आए दिन आम पब्लिक और सरकारी कर्मचारियों के विच तू तू मैं मैं के घटना पर भाजपा के मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल ने कहा की झारखंड में हेमंत सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार चरम पर है। हर जगह अफसरशाही आम पब्लिक पर हावी है। हर जगह भ्रष्टाचार का बोलबाला है,चाहे वो प्रखंड अंचल कार्यालय हो या थाना या किसी अन्य सरकारी वाचनालय हर जगह गवर्नमेंट सर्वेंट कोई किसी का सुनने वाला नहीं है सभी अपनी मनमानी पर उतर आये है,जबकि पिछले रघुवर दास के सरकार में यह वस्तु स्थिति नहीं थी। हेमंत सरकार के राज में सरकारी मुलाजिम खुद को आम जनता के मालिक बन बैठे हैं। आम व्यक्ति को किसी भी सरकारी कार्यालय में अपना काम करवाना जैसे युद्ध जीतना है,यहां बस दलालों की चलती है।

## सांसद जयंत सिन्हा का प्रयास लाया रंग

**खबर मंत्र संवाददाता**



जयंत सिन्हा

**रामगढ़।** हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा के प्रयास से रामगढ़ अंचल अंतर्गत कैथा में अक्षय पात्र योजना के तहत जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध करवाने को लेकर 24,04,2019 को सीसीएल दरभंगा हाउस रांची, अक्षय पात्र फाउंडेशन और जिला प्रशासन के बीच एमओयू हुआ था। जिसके आलोक में जिला प्रशासन द्वारा योजना के तहत केंद्रीयकृत कीचन निर्माण के लिए 10,03,2022 को रामगढ़ अंचल अंतर्गत कैथा , थाना नं 85, खाता संख्या 84, प्लॉट संख्या 900 के 5 एकड़ 90 डिसमिल मध्ये 2 एकड़ भूमि उपलब्ध करवाई गई है।

**जिला शिक्षा अधीक्षक ने सीसीएल दरभंगा हाउस रांची और अक्षय पात्र फाउंडेशन को लिखा पत्र**

योजना के तहत एमओयू में शामिल सीसीएल दरभंगा हाउस रांची और अक्षय पात्र फाउंडेशन को जिला शिक्षा अधीक्षक ने 1 नवंबर को पत्र लिखकर केंद्रीयकृत कीचन का निर्माण आरंभ किये जाने की मांग की है।

**योजना शीघ्र धरातल पर उतरे, ताकि जरूरतमंदों को लाभ मिल सके: जयंत सिन्हा**

हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि योजना की जरूरत को देखते हुए उन्होंने इसके लिए पहल किया था। कहा कि योजना के तहत कैथा में केंद्रीयकृत कीचन का निर्माण होने से जिला के जरूरतमंद लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था हो सकेगी। उन्होंने कहा कि योजना को धरातल पर उतारा जाये, ताकि जरूरतमंद लोग लाभान्वित हो सकें।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास में सहायक: डीइओ

### गौतम बुद्ध बीएड कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर सेमिनार का आयोजन

### सभी को मिलकर चुनौतियों को पूरा करना होगा : जीआर चौरिया

### एनईपी भावी पीढ़ी को तैयार करने की सबसे बेहतर नीति : डॉ यूपी सिंह

**खबर मंत्र संवाददाता**



जानकारी देते डीइओ व अन्य

**हजारीबाग।** गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग में शुक्रवार को राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर एकदिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। इसका विषय ह्यराष्ट्रीय शिक्षा नीति : चुनौतियां एवं संभावनाएं रखा गया था। बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी उपेंद्र नारायण ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 विद्यार्थियों के बहुमुखी विकास में सहायक होगा। इस शिक्षा नीति में अपार संभावनाएं हैं। बच्चों के करियर और भविष्य में आत्मनिर्भर बनने के लिहाज से यह बहुत ही कारगर होगा। नीति को लागू करने में चुनौतियां होती हैं और जो समस्याएं सामने आती हैं, उसका समाधान मिलकर किया जाता है। बतौर मुख्य वक्ता सह विषय विशेषज्ञ महर्षि परमहंस बीएड कॉलेज रामगढ़ के प्राचार्य जीआर चौरिया ने कहा कि प्राचीनकाल से ही हर शिक्षा नीति से कुछ-न-कुछ बेहतर हासिल हुआ है। इस राष्ट्रीय शिक्षा नीति से भी शिक्षा के क्षेत्र के बदलाव में अपार संभावनाएं हैं। साथ ही सामने कई चुनौतियां भी हैं। वक्त के साथ खुद को अपग्रेड करने की जरूरत है। बतौर वक्ता सह विषय विशेषज्ञ जवाहर नवोदय विद्यालय बोंगा, हजारीबाग के सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ यूपी सिंह ने कहा कि एनईपी भावी पीढ़ी को तैयार करने की सबसे बेहतर नीति है। इसमें शिक्षकों को यह प्रशिक्षित करने की चुनौतियां हैं कि शिक्षक बच्चों की मनोवृत्तियों को समझ सकें। चूंकि फाउंडेशन स्टेज में ही बच्चों को मानसिक रूप से मजबूत बनाने की जरूरत है, ताकि वह आगे किसी भी परिस्थितियों का सामना कर सकें। बदलते जमाने के अनुसार खुद को अपडेट करने और उस माहौल में ढलने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) भावी पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित होगी। महाविद्यालय प्रबंधन के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को कारगर करना है, तो इसे ब्यूरोक्रेट्स से मुक्त करना होगा। शिक्षा से ही किसी राष्ट्र की पहचान होती है और इसी से चरित्र निर्माण होता है। उन्होंने दूसरे देशों की तरह राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर खर्च बढ़ाने की वकालत की। कहा कि शिक्षा को समवर्ती सूची में नहीं केंद्रीय सूची में रखना चाहिए था। इससे पहले सेमिनार में प्राचार्य अरविंद कुमार, उप प्राचार्य डॉ प्रमोद प्रसाद, सहायक प्राध्यापक डॉ. बसुंधरा कुमारी, डॉ पुष्पा कुमारी, पुष्पा कुमारी, रचना कुमारी और महेश प्रसाद ने भी अपने-अपने विचार रखे।

## चार मांगों के समर्थन में किया जायेगा आंदोलन: शिक्षक संघ

### प्रखंड के सरकारी शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर किया विरोध

**खबर मंत्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर प्रखंड के सरकारी शिक्षकों ने अपनी चार मांगों को समर्थन में सभी शिक्षकों काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के चार प्रमुख मांगे,

1. छठे पुनरीक्षित वेतनमान की विसंगति बुक किया जाए
2. झारखंड के शिक्षकों कोटअउढ न्यूनतम वृतिक उतनयन दी जाए,3. अंतर जिला स्थानांतरण की प्रक्रिया सरल की जाए,
4. सरकारी शिक्षकों को गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्त किया जाए,

अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड इकाई काला बिल्ला लगाकर विरोध करने वाले शिक्षकों में से प्रकाश अग्रवाल, कुंवर प्रसाद, हरखू रविदास, सुनील कुमार, ईश्वरदास, संजय कुमार, अविनाश कुमार, मोहनदास, विनोद रंजन,अजय कुमार, हेमंती कुमारी,नयर अहमद, सुबल दास, मधेश्वर राम, सुनीता कुमारी, सुनील कुमार पाण्डेय, मयकल लिंडा, अभिषेक कुमार, संजय चंद्र, प्रकाश कुमार दास, कोलेश्वर कुमार दास, बाबू लाल राम,उतम कुमार दास, दर्जनों की संख्या में शिक्षक काला बिल्ला लगाकर विरोध विरोध प्रदर्शन किया गया।

**एक नजर में**

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार शिविर का आयोजन नयाटांड पंचायत में

**बड़कागाँव।** आपकी-योजना-आपकी सरकार-आपके द्वार शिविर का आयोजन नयाटांड पंचायत में मुखिया लीलावती कुमारी की अध्यक्षता में की गई, कार्यक्रम का उद्घाटन प्रमुख फुलवा देवी,बीडीओ जितेंद्र कुमार पांडेय,मुखिया लीलावती कुमारी, पंसस प्रभु राम के द्वारा संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान मुखिया ने अतिथियों को बुके व माला पहनाकर स्वागत किया। शिविर में ग्रामीणों ने अपनी-अपनी समस्याओं को रखा, इसके अलावा जॉब कार्ड, राशन कार्ड ,प्रधानमंत्री आवास, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, जेएसएलपीएस के फूलो झानो आशीर्वाद योजना की ओर से ऋण व सहायता राशि शखी मंडल के महिलाओं को दिया गया। मौके पर कृषि पदाधिकारी रवि रंजन ,प्रखंड कल्याण पदाधिकारी भास्कर राज ,सीआई अनोज कुमार मुखिया प्रतिनिधि अजीत महतो, प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईया,चन्दन पूरी, बीपीओ हीरो महतो, रिंकू रवि, आशीष पासवान,रविन्द्र कुमार,प्रकाश कुमार ,अनंत कुमार ,दीपक कुमार,शशि कुमार,बुधन कुमार, विवेक कुमार, रघुनन्दन प्रजापति के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

## स्थानीय विस्थापित मोर्चा ने जीएम को सौंपा छह सूत्री मांग-पत्र



**भदानीनगर (रामगढ़)।** स्थानीय विस्थापित मोर्चा ने शुक्रवार को बरका-सयाल जीएम को छह सूत्री मांग-पत्र सौंपा है। सौंप गये मांग-पत्र में मोर्चा के अध्यक्ष सह इंटक जिला सचिव कुलदीप यादव ने बलकुदरा खदान के ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बलकुदरा, कुरसे, जयनगर, लबगा पंचायत के बेरोजगार स्थानीय विस्थापित मोर्चा को देने, विस्थापित व प्रभावित युवाओं को पीएलआर कंपनी में नौकरी देने, हेवी ब्लास्टिंग को रोकने, प्रदूषण नियंत्रक यंत्र लगाने, सीसीएल और पीएलआर द्वारा कुरसे में डीएवी स्कूल बना विस्थापित-प्रभावितों के बच्चो को मुफ्त शिक्षा देने, बलकुदरा में लोकल सेल खोलकर विस्थापित युवाओं को रोजगार देने की मांग की है। साथ ही कहा है कि जल्द ही हमारी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो एक सप्ताह के बाद पीएलआर कंपनी के सभी कार्यों को पूरी तरह से ठप करा दिया जायेगा। जिसकी सारी जवाबदेही सीसीएल प्रबंधन की होगी। ज्ञापन सौंपने वालों में अनिल प्रसाद, संजीत यादव, विजय स्वर्णकार, अनिल कुमार मुंडा सहित दर्जनों लोग शामिल थें।

## डपोक में आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**बरही।** प्रखंड के डपोक पंचायत में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं को लेकर दर्जनों आवेदन प्राप्त हुए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला उपस्थित रहे। साथ ही जीप उपाध्यक्ष किशुन यादव, एसडीओ पूनम कुजुर, प्रखण्ड प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, विधायक प्रतिनिधि छठु गोप, सुनील साहू, प्रखंड विकास पदाधिकारी क्रिस्टीना रिचा इंदवार, स्थानीय मुखिया इंदिरा देवी, सांसद प्रतिनिधि डोमन पांडेय, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन रविदास, पंसस रमजान अंसारी, बीपीएम दीपक कुमार सहित अन्य कई लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी बरही पूनम कुजूर के द्वारा सभी विभागों के पदाधिकारीयों से जानकारी लिया गया। लाभुको के बीच विधायक उमाशंकर यादव अकेला के द्वारा कम्बल वितरण किया गया।वही मनरेगा अंतर्गत ग्राम ओरपर्ता में राजेश यादव के जमीन पर 9090.10 डोभा निर्माण योजना की स्वीकृति पत्र दिया गया। जिसकी प्राक्कलित राशि 495300 रुपया है। साथ ही नीलांबर पीताम्बर जल समृद्धि योजना के तहत 07 योजना का चयन किया गया। कार्यक्रम के दौरान बरही प्रखंड के पंचायत डपोक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत मनरेगा अंतर्गत ग्राम ओरपर्ता में मध्य विधालय के पास खेल मैदान निर्माण योजना का शिलान्यास जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव द्वारा किया गया। जिसकी प्राक्कलित राशि 2 लाख 5000 रुपया है। कार्यक्रम के अंत मे पंचायत डपोक में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार के तहत डपोक में लालीघाट में स्नान एवम कपड़ा धोने हेतु घाट का निर्माण योजना का शिलान्यास किया गया। जिसकी प्राक्कलित राशि 2 लाख 49 हजार 500 रुपया है। मौके पर सैकड़ो ग्रामीण व जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

## 46 विद्यार्थियों के बीच पोशाक व जूता-मोजा का हुआ वितरण



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** राजकीय मध्य विद्यालय सयाल में शुक्रवार को विद्यार्थियों के बीच पोशाक व जूता-मोजा का वितरण किया गया। इस दौरान पंचायत की मुखिया आशा देवी व स्कूल की प्रधानाध्यापिका रेणु कुमारी ने कक्षा 1 से 2 तक के 46 विद्यार्थियों के बीच दो शेट स्कूल ड्रेस, एक स्वेटर और मोजा-जूता का वितरण किया। इसके तहत 20 छात्र और 26 छात्राओं के बीच उक्त सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया आशा देवी ने कहा कि बच्चे देश के भविष्य होते हैं, इनका सर्वांगीण विकास जरूरी है। उन्होंने कहा कि बच्चो को पढ़ाई के साथ-साथ हर क्षेत्र में अव्वल बनाने के लिए विद्यालय सहित मैं अपने स्तर से सार्थक कदम उठाती रहूंगी। मुखिया आशा देवी ने कहा कि बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने अभिभावकों से अपने-अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने की अपील की। साथ ही शिक्षकों के साथ अभिभावकों से भी बच्चों की पढ़ाई पर विशेष ध्यान देने की अपील की।

स्पीड न्यूज

## भाजपा की बैठक में कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**कैरो।** कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित देवी मंडप प्रांगण में उपाध्यक्ष विवेक प्रजापति की अध्यक्षता में दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं वंदेमातरम गीत के साथ भारतीय जनता पार्टी का मासिक बैठक सम्पन्न हुआ। बैठक में भारतीय जनता पार्टी को बूथ स्तर पर मजबूती प्रदान करने एवं आने वाले विधान सभा चुनाव में वर्तमान गठबंधन की नाकामी सरकार को मुहतोड़ जवाब देने के लिए पहले से तैयारियां करने को लेकर चर्चा किया गया ।बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष मनीर उरांव ने कहा कि सरकार आज सिर्फ और सिर्फ अपने ट्रांसफर पोस्टिंग कर अपना झोली भरने में व्यस्त हैं।

## जेएमएम के भिट्ठा पंचायत अध्यक्ष बने मनोज

**भंडरा।** झारखंड मुक्ति मोर्चा की बैठक प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी की अध्यक्षता में भंडरा प्रखंड के भीठा पंचायत ग्राम मुकुंदा में पंचायत स्तरीय बैठक संपन्न जिसमें पंचायत कमेटी का चुनाव किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से मनोज उरांव को अध्यक्ष, प्रदीप उरांव को सचिव, सोमरा उराव को कोषाअध्यक्ष, तेतरा उराव उपाध्यक्ष चुना गया। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड सचिव दानियाल लाकड़ा, पूर्व जिला परिषद सदस्य शामिल उराव, बिशुनपुर विधायक प्रतिनिधि मिट्टू उराव, रामविलास उराव, महमूद अंसारी, अजय उराव, भादो उरांव, पेरो उरांव, तेतरा उरांव, विकाश उरांव, प्रदीप उरांव, अरविंद किशोर, बुधराम इत्यादि उपस्थित थे

## मजदूर हित के लिए कटिबद्ध है इंटकः सुखैर

**लोहरदगा।** छोटानागपुर बॉक्साइट वर्कर्स यूनियन की (इंटक) केंद्रीय समिति की बैठक यूनियन के केंद्रीय कार्यालय राजेंद्र भवन में सुखैर भगत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें हिंडाल्को के सभी माइन्स एवम साइडिंग के इकाई समिति के श्रमिक प्रतिनिधि बैठक में शामिल हुए। बैठक में संगठन के मजबूती, कार्यस्वरूप एवम मजदूर हित के लिए भविष्य योजनाओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा हुई।

## आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार आयोजित

**लोहरदगा/कुडू।** आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन आज लोहरदगा जिला के कुडू प्रखंड के जिंगी पंचायत में भी आयोजित हुआ। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में रीना कुमारी, अध्यक्ष, जिला परिषद लोहरदगा, नारायण राम, जिला कार्यपालक दंडाधिकारी, लोहरदगा विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला परिषद, सदस्य पूर्व, प्रमुख कुडू, अध्यक्ष 20 सूत्री कुडू, उपाध्यक्ष 20 सूत्री, कुडू, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी कुडू, अंचल अधिकारी कुडू, पंचायत समिति सदस्य जिन्गी, 20 सूत्री के सदस्य गण, मुखिया जिन्गी, सभी वार्ड सदस्य जिन्गी शामिल हुए।

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**भंडरा।** थाना क्षेत्र के तेतरपोका गांव मे एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह पुलिस की मदद से शव का पोस्टमाटम कराया गया ।चर्चा है कि प्रेम-प्रसंग के चलते युवक ने आत्महत्या की है। थाना क्षेत्र के तेतरपोका गांव के निवासी 19 वर्षीय दिलीप लोहरा के पिता स्व जलेश्वर लोहरा की करीब पांच साल पहले मौत हो गई थी। दिलीप मां के साथ रहता था। जबकि दिलीप के भाई व बहन बंगाल मे रहते थे ।घटना की जानकारी मिलते हि भाई बहन गांव पहुंच गये ।बताया जाता है की गुरुवार को दिलीप अपनी भिठा गांव की प्रेमिका के साथ लोहरदगा कॉलेज गया था ।दोनो साथ घर लौटे ।रास्ते मे हि किसी बात को लेकर दोनो मे अनबन हो गई ।दिलीप करीब दो बजे घर मे अपनी बाइक खड़ा कर घर मे लगे बास मे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। देर शाम जब दिलीप की माँ खेतो से काम कर लौटी तो बेटे का शव झूलता देख तत्काल आस पास के लोगो को बुलाकर शव को निचे उतरा। इस घटना से परिजन का रो रो कर बुरा हाल है वही गांव मे भी मातम छाया है। चर्चा है कि दिलीप का भिठा एक युवती से प्रेम-प्रसंग था। कुछ दिनों से दोनों में विवाद हो गया था।

# सीएसपी संचालक को गोली मारकर अपराधियों ने छीना पैसा

### अपराधियों ने पुलिस पर की फायरिंग, ग्रामीणों के सहयोग से तीन अपराधी गिरफ्तार





मौके पर पहुंचे एसपी, पकड़ी गई बाइक, घायल युवक

**खबर मन्त्र संवाददाता**


**कुडू /लोहरदगा।** नेशनल हाइवे 143 ए कुडू - लोहरदगा मुख्य पथ के किनारे टाटी चौक में तीन हथियारबंद अपराधियों ने पंजाब नेशनल बैंक के सीएसपी संचालक को दिन दहाड़े गोली मार दिया। वही अपराधियों ने सीएसपी संचालक से लगभग तीन लाख रुपए भी लुट लिया ।गोली की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने एक अपराधी को पकड़ लिया तथा दो भागने में सफल रहे। पकड़े गए अपराधी को ग्रामीणों ने जमकर पिटाई करतें हुए पुलिस को सौंप दिया। वहीं घायल सीएसपी संचालक को कुडू सीएचसी पहुंचाया गया जहां प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रांची रेफर कर दिया गया है। इधर भाग रहे अपराधियों को खोजने गई पुलिस पर अपराधियों ने फायरिंग कर दिया।

जिसके जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। सात राउंड फायरिंग के बाद दोनों अपराधियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। घटना की सुचना के बाद पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार, एसडीपीओ वशिष्ठ नारायण सिंह, पुलिस निरीक्षक मंटू कुमार सहित तीन थाना की पुलिस मौके पर पहुंची। इधर आक्रोशित ग्रामीणों ने घटना के विरोध मे कुडू थाना का घेराव करते हुए सड़क जाम कर दिया ।पुलिस द्वारा सभी अपराधियों की गिरफ्तारी की पुष्टि करने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम हटा लिया ।जानकारी अनुसार टाटी गांव निवासी स्व० भुन्नू पासवान के पुत्र अमर पासवान पीएनबी कुडू शाखा का सीएसपी संचालक है।

अन्य दिनों की तरह शुक्रवार को अपने घर से पैसा लेकर सुबह दस बजे अपने घर से बीस कदम दुर सीएसपी केन्द्र पहुंचा। दुकान खोलने के बाद कम्प्यूटर सिस्टम आन कर रहा था ,इसी बीच तीन अपराधी अपाची बाइक से पहुंचे एक बाइक में बैठा हुआ था तथा दो दुकान में प्रवेश करते ही हथियार लहराते हुए पैसा की मांग किया व ड्रावर मे रखा पैसा निकालने लगा। इस पर अमर ने विरोध किया तो एक अपराधी ने गोली चला दिया। एक गोली अमर को लगा तथा दुसरी दीवार से टकराया. गोली लगते ही अमर गिर गया ,गोली की आवाज सुनकर ग्रामीण दौड़े तथा एक अपराधी को पकड़ लिया। वही दो अपराधी पैदल भाग निकले। पुलिस को सुचना मिली मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के चंगुल मे फंसे अपराधी की अपने गिरफ्त में लिया इसके बाद दोनों की खोजबीन शुरू हुई।

घटनास्थल से तीन किलोमीटर दुर दोनों अपराधी जामड़ी तालाब के पास छिपे हुए थे ।पुलिस ने दोनों को सरेंडर के लिए आमंत्रित किया तो एक अपराधी ने थाना प्रभारी अभिनव कुमार पर लगातार तीन फायर किया। थाना प्रभारी ने जवाबी फायरिंग किया तो दोनों अपराधी ने खुद को हथियार फेंक पुलिस के हवाले कर दिया ।पकड़े गए अपराधियों में एक कुडू थाना के सलगी का है, जबकि दो अपराधी लातेहार जिला के हेरहंज थाना क्षेत्र के है। पकड़े गए अपराधियों के पास से एक बाइक, 16 हजार पांच सौ रुपए नगद दो नाइन एमएम का पिस्टल, तीन मैगजीन तथा चार जिवित गोली बरामद किया गया है। युवक का इलाज रांची में चल रहा है। सीने में गोली फंसी हुई है आपरेशन थियेटर में गोली निकालने का काम चल रहा है। पुलिस अधीक्षक आर रामकुमार ने पत्रकारों को बताया कि सीएसपी संचालक को लुटने के लिए तीन अपराधी पहुंचे थे । लुटपाट का विरोध करने पर गोली मारी गई। तीनों अपराधियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही दो हथियार बरामद किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक खतरे से बाहर बताया गया है।

## 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ की तैयारी पूरी, कलश यात्रा आज



यज्ञ को लेकर बनाया गया पंडाल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** 05 से 08 नवंबर तक शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री शक्तिपीठ गुमला में अखंड विश्वशांति, राष्ट्र में भाईचारगी, स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण, वैश्विक महामारी से छुटकारा दिलाने को लेकर आयोजित नारी सशक्तिकरण 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ 2022-23 की तैयारी पूरी कर ली गई है। यज्ञ को लेकर शनिवार को भव्य कलश यात्रा निकाला जाएगा। बडाईक मुहल्ला स्थित गायत्री शक्तिपीठ गुमला से प्रातः 9 बजे से कलश यात्रा प्रारंभ होगा जो कि गायत्री मंदिर से बड़ा दुर्गा मंदिर होते हुए वन तालाब तक जाएगा। जहां वरुण देव का पूजन करते हुए जल उठाव किया जाएगा। तत्पश्चात पटेल चौक, मेन रोड, टावर चौक होते हुए पालकोट रोड पेट्रोल पंप से डीएसपी रोड होते हुए गायत्री मंदिर आकर यह कलश यात्रा सम्पन्न होगी। कलश यात्रा के पश्चात आरती किया जाएगा एवं महाप्रसाद का वितरण किया जाएगा। संध्याकालीन कार्यक्रम में संध्या 6 बजे से यज्ञ मंडप का उदघाटन एवं कार्यक्रम का शुभारंभ संगीत व प्रवचन के माध्यम से किया जाएगा। कलश यात्रा से प्रारंभ करते हुए इस भव्य 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम का निष्पादन शांतिकुंज हरिद्वार से आए हुए टोली के टोली नायक-राजकुमार भृगु एवं सहयोगी राजा राम के द्वारा कराया जाएगा।

## चार सूत्री मांग को लेकर शिक्षकों ने काला बिल्ला लगा कर किया विरोध प्रदर्शन

### मांग पूरी नहीं होने पर 19 नवंबर को मुख्यमंत्री आवास का करेंगे घेराव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** अखिल झारखंड शिक्षक संघ गुमला के आह्वान पर शुक्रवार को जिले के शिक्षकों ने अपनी मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते हुए शिक्षण कार्य किया। शिक्षक संघ के द्वारा एमएसीपी, छठे वेतनमान में उत्क्रमित वेतनमान की विसंगति, अंतरजिला स्थानांतरण और अत्याधिक लिपिकीय कार्य सहित गैर शैक्षणिक कार्यों से मुक्ति की मांग को लेकर पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत चरणबद्ध आंदोलन के प्रथम चरण में गुमला जिला के सभी प्रखंडों में शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर विद्यालय में पठन-पाठन का कार्य किया।

इसके बाद भी लम्बित मांगों पर सरकार के स्तर से कार्रवाई नहीं होने पर आगामी 19 नवंबर 2022 को पूरे झारखंड प्रदेश के शिक्षक मुख्यमंत्री आवास का घेराव करेंगे। मुख्यमंत्री आवास घेराव कार्यक्रम में गुमला जिला से सैंकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल होंगे।

वहीं 17 दिसम्बर 2022 से राजभवन, रांची के सामने अनिश्चितकालीन धरना व अनशन आरंभ किया जाएगा,जो मांगे नहीं माने जाने तक अनवरत जारी रहेगा।



अपनी मांगों को लेकर काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक-शिक्षिकाएं

प्रथम चरण के आन्दोलन को सफल बनाने में जिला अध्यक्ष रामचन्द्र खेरवार, महासचिव सुरंजन कुमार, उपाध्यक्ष हीरा उरांव, अजय कुमार, पवन कुमार शर्मा, जिला संयुक्त सचिव सतीश भगत, गुलाम अरजक जाहिद, बालेश्वर उरांव, संगठन महामंत्री लाल उरांव, कोषाध्यक्ष अनुपदेव खलखो, देवकुमार नायक, विश्वनाथ प्रधान, पतिया उरांव, सुखदेव उरांव, सुनील कुमार भारती, अवधेश शेखर, गोपाल कृष्ण कुमार साहु, सुधीर पाठक, सुखना साहु, माड़वारी साहु, अंजय कुमार अकेला, जितेन्द्र नारायण साही, दिसदेव उरांव, अनिल साहु, अरुण कुमार, बैंकुठ भगत, अरविंद साहु, महादेव भगत जयसवाल, मंगलेश्वर उरांव, सत्यवान खलखो आनन्द भगत, मार्टिन मिंज, खीस्त आनन्द मिंज, एहसानुल हक, विपिन बिहारी झा, कमल उरांव,सतीश साहु, शशिकांत साहु,पंचु साहु,मोहर उरांव, अरविंद शिशिर एक्का, हरिहर उरांव, सुषमा नाग, कांति साय, रोस कान्ता मिंज,देसनी कुमारी के साथ साथ सभी प्रखंड कमिटी का विशेष योगदान रहा।

## एनीमिया दीमक की तरह देश को खोखला बनाते जा रहा हैः उपायुक्त

### एनीमिया व कुपोषण के लक्षणों की पहचान, खतरे एवं बचाव पर शिक्षकों व सीआरपी सदस्यों की कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में शामिल डीसी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** उपायुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में शुक्रवार को समर अभियान एवं एनीमिया मुक्त भारत के तहत छात्र- छात्राओं में एनीमिया व कुपोषण के लक्ष्णों को पहचान, खतरे एवं बचाव पर शिक्षकों एवं सीआरपी सदस्यों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन जनसंपर्क कार्यालय सभागार में किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सीता पुष्पा ने की। इस दौरान सभी सीआरपी ,बीआरपी के सदस्य उपस्थित थे। कार्यशाला में उपायुक्त सुशांत गौरव ने कहा कि एनीमिया एक ऐसा रोग है जो दीमक की तरह देश को खोखला बनाते जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिले को कुपोषण मुक्त बनाने हेतु एनीमिया को पूरी तरह खत्म करना आवश्यक है। जिले का अंतिम बच्चा कुपोषण मुक्त हो इस लक्ष्य के साथ कार्य करें। इस कार्यशाला के पश्चात पंचायत स्तर में सीआरपी तथा शिक्षकों के ट्रेनिंग कराएं जाएंगे। बच्चों में एनीमिया के लक्ष्ण को देखते हुए उनकी काउंसलिंग करने तथा पोषण युक्त खाद्य पदार्थों के सेवन करने हेतु बच्चों को जागरूक करना सबसे महत्वपूर्ण है। अच्छा कार्य करने वाले शिक्षक, सीआरपी, बीआरपी को 26 जनवरी को पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। सिविल सर्जन ने जानकारी देते हुए कहा कि पोषक तत्वों की कमी का असर लंबाई, वजन, कमजोरी और दुर्बलता के रूप में सामने आता है तो थकान, चिड़चिड़ापन, सिरदर्द होना एनीमिया के सामान्य लक्ष्ण हैं। जब दैनिक आहार में प्रोटीन, काबोहाईड्रेट, विटामिन्स, वसा और खनिज जैसे पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलते हैं, तब धीरे-धीरे महिलाएं खून की कमी का शिकार होने लगती हैं। इस दौरान उपायुक्त गुमला सुशांत गौरव के अलावा सिविल सर्जन गुमला राजू कच्छप, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी गुमला सीता पुष्पा , जिला शिक्षा अधीक्षक, सभी सीआरपी एवं शिक्षक सहित अन्य उपस्थित थे।

## जिला मुख्यालय स्थित सभी सरकारी भवनों का बकाया होल्डिंग टैक्स 20 नवंबर तक जमा कराने का दिया निर्देश

**गुमला।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शुक्रवार को उपायुक्त सुशांत गौरव ने नगर परिषद के पदाधिकारियों एवं अभियंताओं के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी संजय कुमार को निर्देश दिया कि शहर के दीर्घकालिक एवं नियोजित विकास हेतु एकीकृत योजना बनाएं। विभाग के स्तर से प्राप्त अनुदान के अलावा जिला स्तर से भी उनकी पूरी कोशिश रहेगी कि वे जिला प्रशासन की तरफ से शहर के सर्वांगीण विकास में सहयोग कर पायें। बैठक में नगर परिषद के राजस्व संग्रह, अतिक्रमण के मुद्दे, शहरी परिवहन, पार्कों के रखरखाव, बाजार टांड़ का



बैठक में निर्देश देते उपायुक्त

पुर्नविकास, बस स्टैंड में सीसीटीवी आदि को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई। नगर परिषद के राजस्व संग्रह की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक पदाधिकारी को निर्देश दिया कि वे शहर स्थित सभी सरकारी भवनों के बकाया संपत्ति कर के लिए सभी कार्यालय प्रधानों को नोटिस भेजें। साथ ही सभी कार्यालय प्रधानों से भी उन्होंने अपील की कि नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत स्थित सभी सरकारी भवनों के बकाया संपत्ति कर का भुगतान 20 नवंबर तक अनिवार्य रूप से कर दें।

एक नजर में

## अध्यक्ष के दो परिजनों की मौत पर व्यक्त किया गया शोक

**गुमला।** भारतीय जनता युवा मोर्चा आदर मंडल के अध्यक्ष पप्पू गुप्ता के परिवार में दुखों का पहाड़ खड़ा हो गया है। पहले उनके चचेरे भाई 25 वर्षीय तरुण गुप्ता का इलाज के दौरान आर्किड हॉस्पिटल रांची में दो नवंबर को निधन हुआ। जिसके दाह संस्कार के पश्चात 3 नवंबर को उनके पिता अशोक गुप्ता का भी आकस्मिक निधन हो गया। इस दुख की घड़ी में भाजपा नेता जिला अध्यक्ष अनूपचंद्र अधिकारी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष रविन्द्र सिन्हा, भिखारी भगत,कुमार रवि, प्रदीप प्रसाद, गोपाल गोप, श्याम किशोर पाठक,विकास सिंह,आशीष सोनी, सूरज मुन्नी देवी, मुरली मनोहर सिंह ने शोक संतृप्त परिवार से मिलकर ढांढस बंधया।

## स्कूटी से गिरकर युवक घायल

**गुमला।** गुमला थाना रोड पोस्ट ऑफिस के समीप स्कूटी सवार युवक हुसैन नगर निवासी 30 वर्षीय शमीम अंसारी अनियंत्रित होकर गिर गया। वहीं थाना की गश्ती टीम घटनास्थल पहुंच कर घायल युवक को सदर अस्पताल गुमला पहुंचाया। जानकारी देते हुए साथ में आए परिजनों ने बताया कि शमीम बस स्टैंड में अंडा की दुकान करता है। वह दुकान बंद कर अपने घर स्कूटी से जा रहा था। जहां अचानक थाना रोड पोस्ट ऑफिस के समीप वाहन अनियंत्रित हो गया और वह सड़क पर गिर गया। दुर्घटना में युवक को सर में गंभीर चोटें आयी है।

## सीएसआर के तहत माइनिंग एरिया में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक संपन्न

**घाघरा।** सीएसआर के तहत हिंडालको माइनिंग एरिया में चल रहे कार्यों की समीक्षा बैठक शुक्रवार को घाघरा अंचल कार्यालय में हुई। बैठक में माइनिंग क्षेत्र में पडने वाले भैंसबथान सहित 3 सरकारी स्कूल आंगनबाड़ी की मरम्मत कराने के साथ पेयजल, सड़क, पानी, शिक्षा व स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर करने को लेकर हिंडाल्को कंपनी के पदाधिकारी को बीडीओ बिष्णुदेव कच्छप ने कई दिशा-निर्देश दिये। साथ ही मुख्यालय से दूर माइनिंग एरिया में पड़ने वाले गांव में लोगों का पेंशन, राशन कार्ड व आवास के लाभुकों को चिन्हित करने का निर्देश संबंधित पंचायत के मुखिया को सीओ प्रणव ऋतुराज ने दिया। इसके साथ ही संसद आदर्श ग्राम बिमरला में सभी बुनियादी सुविधाओं को धरातल पर तेजी से उतारने की बात कही गई। वहीं अमृत सरोवर योजना के तहत तालाब निर्माण को लेकर सत्यापन कराने ताकि हिंडालको द्वारा सरांगो, बिमरला व अन्य जगहों पर तालाब का निर्माण कराया जा सके। मौके पर हिंडालको के कई कर्मी, पंचायत के कर्मी, पंचायत सेवक व बिमरला, सरांगो, सहित खनन क्षेत्र के मुखिया उपस्थित थे।

## विशुनपुर प्रखंड के महुआटोली के लोग चार माह से अंधेरे में जीवन यापन को मजबूर

**गुमला।** बिशुनपुर प्रखण्ड के महुआटोली पंचायत के चिरोडीह गांव के लोग पिछले चार माह से अंधेरे में जीवन यापन को विवश है। गांव में लगा ट्रांसफार्मर वज्रपात के कारण जल गया था। जिसके बाद से परे गांव में विद्युत आपूर्ति ठप पड़ गई। स्थानीय ग्रामीणों ने कई बार विभाग को ट्रांसफार्मर लगाने हेतु मौखिक व लिखित जानकारी दी लेकिन विभाग ग्रामीणों की बात कभी नहीं सुनी। गांव के ग्रामीण जले हुए ट्रांसफरर्मर का वीडियो बनाकर उसे अधिकारियों को भी भेजा है ताकि उनके समस्या का समाधान हो सके। साथ ही ग्रामीणों ने मिशन बदलाव के सदस्यों को भी जले हुए ट्रांसफार्मर का वीडियो भेजका है और मिशन बदलाव से नया ट्रांसफार्मर लगाने हेतु पहल करने का अनुरोध किया है। मिशन बदलाव के सदस्य बिशुनपुर के दीपक असुर ने बताया कि महुआटोली गांव में व्रजपात के कारण ट्रांसफर जल गया था। पिछले 4 महीनों से 80 परिवार के लोग अंधकार में जीवन यापन कर रहे हैं। अंधकार होने के वजह से ग्रामीणों को हमेशा रात को जंगली जानवरों का खतरा सताते रहता है। बच्चों की पूरी पढ़ाई बाधित हो रही है।

## सदर अस्पताल के चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के बीच किया गया गर्मवस्त्र का वितरण

**गुमला।** सदर अस्पताल में कार्यरत चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के बीच शुक्रवार को अस्पताल उपाधीक्षक अनूप किशोर के द्वारा गर्म वस्त्र (स्वेटर) का वितरण किया गया। गर्मवस्त्र समाज सेवी अनूप गुप्ता के द्वारा उपलब्ध कराया गया था। अस्पताल के 30 कर्मियों को स्वेटर प्रदान किया गया। मौके पर डीएस अनूपम किशोरने कहा कि चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया है ताकि वे ठंड के इस मौसम में बेहतर कार्य करते हुए अस्पताल में साफ-सफाई व्यवस्था को दूरूस्त रखे। अस्पताल में साफ-सफाई का कार्य अच्छा रहने से हम अस्पताल आने वाले मरीजों व उनके परिजनों को एक अच्छा माहौल प्रदान कर सकते हैं। इस अवसर पर शुक्रा उरांव, श्याम कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## शिविर में आकर ग्रामीण सरकार की योजनाओं का उठाएं लाभः बीडीओ

**डुमरी।** डुमरी बाजारटांड परिसर में शुक्रवार को प्रखंड प्रशासन के द्वारा आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें भारी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। मौके पर बीडीओ एकता वर्मा ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए से कहा कि आपलोग के पंचायत में दोबारा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में आकर आपलोग सरकार द्वारा संचालित सभी योजनाओं का जानकारी लें और अधिक से अधिक योजनाओं का लाभ उठाएं। मौके पर वृद्ध महिला पुरूष के बीच स्वीकृत पेंशन प्रमाण पत्र 15, कंबल 60, 32 टाना भगतों के बीच सरसों बीज का वितरण किया गया है। वहीं आवास 100, शेड 50, पेंशन 13, मुख्यमंत्री सावित्री बाई योजना 70 आवेदन जमा किया गया। वहीं स्वस्थ विभाग द्वारा 98 लोगों को बूस्टर डोज 98, सेकेंड डोज 2 लोगों को दिया गया। मौके पर सीओ शिवपूजन तिवारी, प्रमुख जीवंती एक्का, पसस बेला देवी, हबील टोप्पो, विजय केरकेट्टा सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## चैनपुर के सुदूर गांव डोकापाठ में सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन

**चैनपुर।** आपकी योजना, आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन चैनपुर प्रखंड के जनावल पंचायत के डोकापाठ गांव में शुक्रवार को हुआ। जिसमें सैकड़ो ग्रामीणों ने अपनी मूलभूत समस्याओं को प्रशासन के सामने रखा। प्रखंड प्रशासन के द्वारा गांव में विभिन्न विभाग के द्वारा स्टॉल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई। ग्रामीणों के द्वारा लगभग 340 आवेदन प्राप्त हुए। प्रशासन के द्वारा कई समस्याओं का तत्काल निवारण भी किया गया। वहीं प्रखण्ड प्रशासन के द्वारा लोगों को सरकार के द्वारा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। मौके पर प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डॉ. शिशिर कुमार सिंह ने उपस्थित ग्रामीणों को बताया कि सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में लोग अपनी समस्याओं को खुलकर रखे। आपके द्वारा दिए गए आवेदनों को स्वीकृति दी जाएगी। वहीं ग्रामीणों के द्वारा राशन कार्ड, आवास, कृषि विभाग, मनरेगा,भूमि सुधार, लगान रसीद, सर्वधन पेंशन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन योजना, स्वास्थ विभाग आदि से संबंधित आवेदन को जमा किया गया। जिसमे लगभग 100 आवेदनों का मौके पर ही निपटारा किया गया। साथी महिला समूह को चेक भी दिया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी डा.शिशिर कुमार सिंह सीडीपीओ सुधा सिन्हा, एल एस स्वस्ति देवी सहित सभी जनसेवक,पंचायत सेवक, रोजगार सेवक एवं हजारों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

स्पीड न्यूज

## एक यूनिट रक्तदान

**गढ़वा।** कसौन वैश्य समाज गढ़वा के सदस्य जरही निवासी संदीप कश्यप ने एक यूनिट रक्तदान कर समाज के संरक्षक जगदीश प्रसाद कश्यप की 80 वर्षीया पत्नी कवलपति देवी की जान बचायी। मौके पर अध्यक्ष उमेश कश्यप, उप सचिव विवेक कश्यप, मीडिया प्रभारी आशीष कश्यप, युवा मंच के सचिव हर्ष कश्यप उपस्थित थे।

## तीन दिवसीय योग साधना शिविर की शुरुआत

**भवनाथपुर।** आनंद मार्ग प्रचारक संघ के तत्वावधान में प्रभात गुरुकुल एकेडमी वनसानी में तीन दिवसीय योग साधना शिविर की शुरुआत की गई। शिविर में पहुंचे सभी लोगों का ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की जांचो परांत आचार्य अवनिंद्रानंद अवधुत ने प्राकृतिक चिकित्सा के द्वारा औषधि विहीन उपचार के संबंध में लोगों को जानकारी दी।

## सरकारी शिक्षक ने किया काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन

**खरौंधी।** अपनी मांगों के समर्थन में अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आहवान पर शुक्रवार को प्रखंड के सभी सरकारी शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया। संघ के प्रखंड अध्यक्ष अमरेश कुमार राम ने कहा कि मध्य विद्यालय खरौंधी के प्रांगण में एमएसीपी, छठे वेतनमान में उत्क्रमित वेतनमान की विसंगति, अंतर जिला स्थानांतरण और अत्यधिक लिपिकीय कार्य सहित गैर शैक्षणिक कार्यो से मुक्ति के लिये अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रखंड इकाई ने काला बिल्ला लगाकर विरोध प्रदर्शन किया गया।

## सदर अस्पताल में डेंगू जांच की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग

**गढ़वा।** गढ़वा नप क्षेत्र के सांसद प्रतिनिधि चंदन जायसवाल ने उपायुक्त को आवेदन सौंपकर गढ़वा सदर अस्पताल में डेंगू के लिए एलाइजा टेस्ट की व्यवस्था कराने की मांग किया है। सौंपे गये आवेदन में चंदन ने कहा है कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है। यह गढ़वा जिले में तेजी से अपना पैर पसार रहा है। परंतु गढ़वा जिला में डेंगू के जांच की कोई व्यवस्था नहीं है। जिस कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

## आयुष्मान कार्ड को लेकर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

**कोडरमा।** उपायुक्त आदित्य रंजन के निर्देश पर शुक्रवार को सदर अस्पताल स्थित सभागार में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आयुष्मान भारत मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत योग्य लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाने को लेकर सहिया, बिटीटी और एसटीटी को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर उपाधीक्षक डॉ.मनोज कुमार, डीएलओ डॉ.रमण कुमार आदि मौजूद थे।

## सतगावां थाना प्रभारी निलंबित, आनन्द शाह बने प्रभारी

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने एक निर्देश जारी कर सतगावां थाना प्रभारी उत्तम कुमार वैध को निलंबित करते हुए, तिलैया थाना में पदस्थापित आनन्द शाह को सतगावां थाना प्रभारी के रूप में पदस्थापित किया। बताया जाता है कि प्रशासनिक दृष्टिकोण से एसपी ने सतगावां थाना के निवर्तमान थाना प्रभारी को निलंबित किया है।

## मालगाड़ी का मलबा हटाने का काम जारी

**कोडरमा।** कोडरमा गया रेलखंड के गुरपा रेलवे स्टेशन के पास बेपटरी हुई मालगाड़ी का मलबा हटाने का काम शुक्रवार को भी जारी रहा। इस कार्य मे कई कर्मी लगे हैं, वहीं गुरुवार को एक रेलवे कर्मी की क्रेन से दबकर मौत हो गय थी। मृतक रेल कर्मचारी की पहचानआरा के रहने वाले रंजीत कुमार के रूप में की गयी है। मालगाड़ी का मलबा हटाते समय क्रेन से दबकर घायल हुएरंजीत कुमार को गया के मगध अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां इलाज के दौरान रंजीत ने दम तोड़ दिया। हादसे में एक अन्य कर्मी भी घायल हुए। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पहले 26 अक्टूबर को कोडरमा से सटे गया जिले के गुरपा स्टेशन पर ब्रेक फेल होने से मालगाड़ी की कई बोगियां बेपटरी हो गयी थीं।

# कैपिटल विश्वविद्यालय के कुलपति ने किया डिजिटल पत्रिका का विमोचन

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** कैपिटल विश्वविद्यालय परिसर में शुक्रवार को डिजिटल पत्रिका का विमोचन विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एमके वाजपेई के द्वारा किया गया। पत्रिका का मुख्य उद्देश्य सभी को रिसर्च कार्य में सक्रिय रूप से शामिल करना तथा कक्षा के बाहर अपने कौशल को विकसित करना है। जिसमें विभिन्न संकायों के शिक्षकों, शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं अपने-अपने शोध कार्य प्रकाशित कर सकते हैं, साथ ही इसका उद्देश्य शोध को बढ़ावा देना है। इसमें शोध कार्य कर रहे विभिन्न संकाय के शोधकर्ता अपने-अपने शोध को साझा कर सकते हैं और समाज के सभी लोगों को इसका लाभ मिल सके। यह पत्रिका सभी विभागों के सदस्यों और छात्रों के संयुक्त प्रयास से हुआ है। इस अवसर पर कैपिटल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. ओम प्रकाश मेहता ने शोध के बारे में विस्तृत वर्णन किये। मौके पर परीक्षा नियंत्रक तेज नारायण शर्मा, एचआर प्रदीप भारद्वाज, मार्केटिंग प्रबंधक विशाल कुमार यादव, प्रोफेसर अजय वर्णवाल, हरिहर वर्णवाल, प्रिया कुमारी, सुलोचना नायक, रोशनी कुमारी, वंदना भदानी, शिक्षकेतर कर्मचारी गजाला परवीन, रिंकू कुमारी, ज्योति कुमारी, कुसुम कुमारी, मनमोहन, कमल सिंह शामिल हुए। छात्रों में प्रमोद, सन्नी, निशी कुमारी, चंदन कुमार, पंकज कुमार, धीरज कुमार, मधु कुमारी, राहुल, शिव कुमार आदि शामिल थे।

## गंगा आरती कर 11 दिवसीय मेले का आयोजन



**जयनगर (कोडरमा)।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत घंघरी छठ तालाब में छठ पूजनोत्सव को लेकर गंगा आरती कर 11 दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। वहीं प्रखंड प्रमुख अंजू देवी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई और दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर गंगा आरती का विधिवत उद्घाटन की।

### कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर में आचार्य सम्मान समारोह का आयोजन

## शिक्षक कभी सेवानिवृत्त नहीं होते : नारायण

खबर मन्त्र संवाददाता

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** कैलाश राय सरस्वती विद्या मंदिर झुमरीतिलैया में शुक्रवार को आचार्य नागेन्द्र पाण्डेय के सेवानिवृत होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम मां सरस्वती, ॐ और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। मौके पर समिति के अध्यक्ष नारायण सिंह, आचार्य नागेंद्र पांडे, रागिनी पाण्डे और प्राचार्य शर्मेन्द्र कुमार साहु ने संयुक्त रूप से किया। वहीं अध्यक्ष नारायण सिंह ने कहा कि शिक्षक कभी सेवा निवृत नहीं होते। उनका ज्ञान विद्यालय के साथ-साथ आस-पड़ोस के बच्चों को बेहतर शिक्षा देनी होती है। उन्होनें कहा कि शिक्षा के बिना मानव अधुरा है।



### पर्यावरण संरक्षण को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन, बच्चों को किया पुरस्कृत

## हम सभी को जागरूक होने की जरूरत : एसपी

खबर मन्त्र संवाददाता



**कोडरमा।** चंदवारा प्रखंड के सुदूरवर्ती ग्राम पंचायत बेन्दी स्थित उत्क्रमिक मध्य विद्यालय बेन्दी में आदर्श फाउंडेशन द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर निबंध लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एसपी कुमार गौरव द्वारा विजेता बच्चों को डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने ग्रामीणों एवं बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर सभी को जागरूक होने की जरूरत है। सुदूरवर्ती क्षेत्रो में आदर्श फाउंडेशन द्वारा स्कुली बच्चों के बीच इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है यह सराहनीय पहल है। पुलिस विभाग इस प्रतियोगिता के लिए आदर्श फाउंडेशन को आगे भी मदद करती रहेगी। वहीं समाजसेवी कृष्णा सिंह ने अपने सम्बोधन में कहा की बच्चों की प्रतिभा निखारने हेतु इस तरह की पहल निरंतर चलना चाहिए। बच्चों ने पर्यावरण को लेकर एक अच्छा संदेश निबंध लेखन एवं पेंटिग प्रतियोगिता के माध्यम से दिया है। निबंध लेखन प्रतियोगिता में शिवानी कुमारी, दीपक कुमार सिंह, निरमा कुमारी, बेबी कुमारी, शेखर कुमार और पेंटिग प्रतियोगिता में रौशन कुमार, ललिता कुमारी, दशरथ कुमार, आरती कुमारी और साक्षी कुमारी विजेता रहे। मौके पर चन्दवारा थाना प्रभारी, बेन्दी पिकेट प्रभारी, दुलारी देवी, अशोक सिंह, विजय कुमार वार्णवाल, रमण यादव, वजीर भुईया, सुखनन्दन अगेरी, बुधलाल सिंह, चन्द्रिका सिंह, महावीर राम, झरी सिंह सहित सैकड़ो की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## गुमशुदगी को लेकर थाना में सनहा दर्ज

**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रखंड अंतर्गत नवलशाही थाना क्षेत्र के देवीपुर पंचायत डोंगोड़ीह निवासी अर्जुन साव ने थाना में गुमशुद्गी को लेकर सनहा दर्ज कराया है। वहीं दिये गये आवेदन में कहा गया गया है कि मेरा 33 वर्षीय पुत्र शिवशंकर साव जिसका रंग गेंहुवा, लंबाई पांच फीट सात इंच है, जो 2 नवंबर सुबह 7 बजे वाहन संख्या जेएच11पी/0214 से लखीसराय बिहार कहकर घर से निकला था। उस दिन 10 बजे दिन तक फोन पर बात हुई, जिसमें कोडरमा स्थान बताया, फोन में रिंग होता था मगर बात नही हो पा रहा था, उसके बाद शिवशंकर साव जंहा बिहार के लखीसराय में रहता था, वहां संपर्क करने पर वहां भी पहुचने की सूचना नही मिली।

## तीन दिवसीय खेलो झारखंड का होगा आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** झारखंड के सचिव स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से प्राप्त निर्देश के आलोक में शुक्रवार को परियोजना कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश मिश्रा ने की। बैठक में आगामी 21, 22 और 23 नवंबर को आयोजित खेलो झारखंड प्रतियोगिता के निमित चर्चा की गई। बैठक में जिला क्रीड़ा पदाधिकारी तुषार राय, झारखंड शिक्षा परियोजना के एडीपीओ केके वर्मा, जिला ओलंपिक एशोसिएशन के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रेश शर्मा, सचिव राकेश कुमार सिंह, विद्यालयों के सभी खेल प्रशिक्षक और बीपीओ उपस्थित हुए।

## दो पीसीसी पथ का शिलान्यास

खबर मन्त्र संवाददाता

**गढ़वा।** गढ़वा नगर परिषद अध्यक्ष पिंकी केशरी एवं वार्ड पार्षद चंदन देवी ने शुक्रवार को वार्ड नंबर 13 में शुक्रवार को पूजा अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर दो पीसीसी पथ का शिलान्यास की। इस दौरान महादेव नगर सहिजना बांध के समीप करुणानिधि तिवारी के घर से भीम सिंह के घर तक तथा गया पांडेय के घर से लेकर भोला पाल के घर तक बनने वाले पीसीसी पथ का शिलान्यास किया गया। मौके पर नप अध्यक्ष ने कहा कि काफी दिनों से इस पथ के निर्माण की मांग की जा रही थी। इसके निर्माण से इस मुहल्ला की बड़ी आबादी को लाभ होगा। उन्होंने कहा कि नगर परिषद के सभी वार्डों में प्राथमिकता के आधार पर सड़क का शिलान्यास किया जा रहा है। बाकी बचे कच्चे 166 रोड का डीपीआर बनाकर नगर विकास विभाग को भेजा गया है। अभी नगर परिषद के 21 वार्डों में करीब 36 छोटी-बड़ी पीसीसी सड़क व नाली का टेंडर किया गया है। 15 नवंबर तक सभी का शिलान्यास कर लिया जाएगा। मौके पर मुख्य रूप से गया पांडेय, सीता दुबे, मुन्ना मिश्र, मुन्ना कुमार, कमलेश मेहता, धर्मेंद्र दुबे, भोला पाल, कृष्णा पाल, संतोष केशरी, उमेश मेहता, मनोरमा देवी, सीमा मिश्रा, शकुंतला देवी, निशा देवी, सीमा देवी, वीना शुक्ला, बेबी देवी, प्रतिमा मिश्रा, चित्रलेखा देवी, ममता सिंह, सोनी सिंह, आलोक मिश्रा, जितेंद्र मिश्रा, देवनारायण पाठक, विजय पांडेय, राजू दुबे, सुधीर तिवारी, अजीत तिवारी, बृजेंद्र शुक्ला, बलविंदर सिंह, प्रभाकर दुबे, सत्येंद्र ठाकुर, अरविंद सिंह, उदय सिंह, भीम सिंह, उमेश मेहता सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।



शिलान्यास मौके पर नप अध्यक्ष

## अंतर महाविद्यालय एयर राइफल शूटिंग का समापन समारोह में शामिल हुए कुलपति

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** दिन शुक्रवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.मुकुल नारायण देव का चतरा कॉलेज के दो दिवसीय अंतर महाविद्यालय राइफल शूटिंग के समापन समारोह में आगमन हुआ। उनका स्वागत झारखंडी संस्कृति के साथ हुआ। उनके स्वागत में चतरा कॉलेज के प्राचार्य महोदय डॉ. आर.पी रॉय, बी.एड.संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.नंदकिशोर सिंह ,इंग्लिश विभाग के विभागाध्यक्ष मनीष दयाल ,डी.एन राम, मुकेश झा, बी.एड.विभाग के ग्लोरिया ग्रेस,शोभा कुजुर ,कंचन मुर्मू ,चंदन कुमार सिंह, संजय कुमार ,अमित कुमार ,प्रेम बसंत एवं सभी विभागों के शिक्षकक्ष शिक्षिकाओं के साथ-साथ विद्यार्थी मौजूद रहे। कुलपति महोदय ने सर्वप्रथम बी. एड.संभाग में लगे बिनोवा भावे की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं मां सरस्वती के चरणों पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की। मंच का संचालन बी.एड़.संभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.नंदकिशोर सिंह ने किया। सर्वप्रथम प्राचार्य महोदय ने कुलपति महोदय का स्वागत 'देव'भूमि का कर कुलपति का अभिनंदन किया। उनके आगमन से चतरा कॉलेज,चतरा अत्यंत प्रफुल्लित एवं गौरवान्वित महसूस कर रहा है। उनके आगमन के उपलक्ष में अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम,गायन एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के बाद उन्होंने अपने वक्तव्य सबसे पहले सभी को धन्यवाद दिया एवं स्वागत मे प्रस्तुत किए गए कार्यक्रमों को सराहा खासकर झूमर नृत्य को प्रोत्साहित किया और झारखंड की संस्कृति बताया। उन्होंने अपने वक्तव्य में अपना जीवन परिचय दिया एवं कुलपति बनने के पहले वैज्ञानिक के तौर पर देश सेवा के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कला एवं विज्ञान विषयों का भेद न करते हुए विद्यार्थियों को किसी भी पाठ्यक्रम में शिक्षा हासिल करने की एवं सही तरीके से पढ़ने के बारे में बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य एवं चरित्र निर्माण करने की बात बताएं और खिलाड़ियों को अधिकतर पर अपने स्वास्थ्य की देखभाल करने की बात कही।विद्यार्थियों को समय का सदुपयोग करने एवं मेहनत करने पर जोर दिया। उन्होंने रॉबर्ट फ्रास्ट की कविता का जिक्र भी किया। कार्यक्रम के अंत में कुलपति महोदय ने एयर राइफल शूटिंग में विजेताओं को प्रोत्साहित एवं पुरस्कृत किया, जिसमें प्रथम स्थान पर शोभा रानी संत कोलंबस कॉलेज दूसरे स्थान पर शिवानी कुमारी रही और चतरा कॉलेज,चतरा के सचिन कुमार ने भी अपना परचम लहराया और पदक हासिल किया। अंत में कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन अंग्रेजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ.मनीष दयाल ने किया और उन्होंने कुलपति महोदय इतना समय देने के लिए धन्यवाद किया और बाहर से आए हुए अंतर महाविद्यालय एयर राइफल शूटिंग के खिलाड़ियों का भी धन्यवाद किया और उन्हें प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में चतरा कॉलेज, चतरा के प्राचार्य द्वारा कुलपति महोदय को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस एयर राइफल शूटिंग समापन कार्यक्रम को सफल बनाने में बी.एड.संभाग के विभागाध्यक्ष नंदकिशोर सिंह का अहम योगदान रहा। उनके साथ साथ बी.एड संभाग के प्रशिक्षु शिक्षकों एवं अन्य विभागों के छात्र-छात्राओं का योग अहम योगदान रहा। जिसमें संदीप यादव, मनीष कुमार, उज्जवल आलोक राज,नैना,अमिता, अलीशा एवं अन्य सभी का अहम योगदान रहा।

### एक नजर में

## इलाज के अभाव में वर्षो से पड़ा है बिस्तर पर युगेश्वर भुइंया



खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** प्रखण्ड के केंदू गाँव में एक अजीबो गरीब बिमारी से ग्रसित व्यक्ति का चेहरा सामने आया है। वह व्यक्ति 50 वर्षीय युगेश्वर भुइंया है इन दिनों बिमारी से लाचार होकर बिस्तर पर अपनी जिंदगी और मौत के बीच झूझ रहा है। इसे ना तो आज तक सरकारी महकमा तथा सांसद व विधायक द्वारा कोई इलाज के लिए सामने हाथ बढ़ाया है। लाचार युगेश्वर के चार पुत्री है चारों जहां पढ़ाई करती वहां पिता के लाचारी के कारण मजदूरी कर घर व पिता के पेट का भूख मिटा रही है। युगेश्वर की पत्नी का देहांत कई वर्ष पूर्व हो चुकी है। युगेश्वर चर्म रोग से पीड़ित है। युगेश्वर के पूरे शरीर में फोड़ा जैसा दाना उठता है। सुई लेने पर कुछ तो आराम महशुस होता परन्तु कभी ठीक नहीं होता। बीमार ग्रस्त ने बताया कि अपने घर में बचे खुचे समान बेच कर बहुत जगह इलाज करवाया परन्तु ठीक नहीं हो पा रहा हूँ। अब हम लाचार हैं हमारा चार पुत्री है जिनके हाथों में कलम कॉपी होता वहीं मेरे कारण तीनों मजदूरी कर घर चला रही है। विधायक व सांसद से इलाज कराने की गुहार लगाया है। बता दें कि युगेश्वर विगत पांच वर्षों से चर्म रोग से ग्रसित है। इनके चार पुत्री है जो मजदूरी कर अपना व अपने पिता का दवा तथा पेट पाल रही है। पीड़ित ने कई बार रांची व अन्य जगहों पर इलाज करवा चूका है परंतु लम्बी खर्च के कारण कई वर्षों से बिस्तर पर पड़ा पड़ा किसी फरिस्ते के इन्जार में जिंदगी काट रहा है।बीमार ग्रस्त युगेश्वर व चारों पुत्रियों ने सासंद व विधायक से इलाज के लिए हाथ जोड़ फरियाद किया है।

## गरीबों के निवाला पर अधिकारियों और पीडीएस डीलरों का डाका

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया।** सितंबर माह में प्रधानमंत्री के द्वारा दिए जाने वाले गरीब कार्डधारियों के निवाला मोटा अनाज पर अधिकारियो और पीडीएस डीलरो ने डाका डाल दिया है। मालूम हो की चतरा जिला के उपायुक्त अबु इमरान द्वारा निर्देश दिया गया था की दुर्गा पूजा के पूर्व ही राशन को वितरण कर देना है ताकि कोई भी गरीब त्योहार में भूखा ना रहे।लेकिन पीडीएस डीलरो और स्थानीय अधिकारियों के मिलीभगत से न दुर्गा पूजा में दी गई ना ही दिवाली में और ना ही छठ पूजा में। इससे यह प्रतीत होता है कि डीलरो द्वारा घोटाला करने का इरादा था।

लेकिन गरीबों के द्वारा हो हल्ला करने पर डीलरो वितरण किया जा रहा है। लेकिन हरेक लाभुक पर 2.5 किलो ग्राम से 3 किलो ग्राम तक काम अनाज दिया जा रहा है। मजे की बात तो यह है कि मशीन के द्वारा 5 किलो ग्राम हरेक लाभुक का पर्ची निकल रहा है। लेकिन हरेक लाभुक को अनाज मात्र 2 किलो ग्राम दिया जा रहा है। वहीं दूसरी जिला के बात करें तो हरेक लाभुक को 5 किलो ग्राम अनाज दिया जा रहा है।आखिर गरीबों के निवाला पर डाका का जिम्मेदार कौन है।

## चोरी करते एक युवक को विद्युत कर्मी ने पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**डोमचांच (कोडरमा)।** पावर सब स्टेशन में चोरी करते हुए एक युवक को विद्युत कर्मी ने पकड़कर पुलिस को सुपुर्द कर दिया। मिली जानकारी अनुसार गुरुवार की देर संध्या अज्ञात चोर पावर सबस्टेशन में रखे सामानों को चुराने की कोशिश कर रहे थे। तभी ड्यूटी पर कार्यरत विद्युत कर्मी की नजर चोर पर पड़ी। विद्युत कर्मी ने चोर को चोरी करते देख शोर मचाने लगा। जिसके बाद अन्य विद्युत कर्मियों की मदद से चोर को विद्युत कर्मियों ने पकड़ लिया और सूचना डोमचांच थाना पुलिस को दिया। सूचना पाकर डोमचांच थाना पुलिस पावर हाउस पंहुचकर छान बीन करने लगी। वहीं कर्मियों ने चोर को पुलिस को सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर थाने ले आई। वहीं गिरफ्तार युवक के निशानदेही पर इसमें शामिल अन्य लोगों को पुलिस तलाश करने की कोशिश कर रही है।

## सरकार आपके द्वार कार्यक्रम आयोजित

खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिसे लेकर द्वितीय चरण के चौथे दिन चतरा जिले के 12 प्रखंडों में से 02 प्रखंडों के पंचायतों में रोस्टर अनुसार आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुक्रवार को जिले के हंटरगंज प्रखण्ड के करमा पंचायत एवं टण्डवा प्रखण्ड के बड़गावं पंचायत में कार्यक्रम का आयोजन कर सरकार द्वारा संचालित योजनओं से लाभुकों को लाभान्वित किया गया। आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में सरकार द्वारा अनेक योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है आने वाले दिनों में 14 नवम्बर तक जिले के विभिन्न प्रखण्डों के पंचायतों में शिविर लगाया जायेगा। लोग ज्यादा से ज्यादा संख्याओं में शिविर में पहुंच कर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाएं।

## भाजपा की अहम बैठक संपन्न



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** हंटरगंज भाजपा मंडल की एक अहम बैठक जीरामणि जगदीश इंस्टीट्यूट ऑफ फामेर्सी में आयोजित की गई।बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अरुण कुमार चौरसिया ने किया।जबकि संचालन सांसद प्रतिनिधि प्रो जैनेंद्र कुमार सिंह कर रहे थे। मुख्य अतिथि के रूप में चतरा के पूर्व विधायक जनार्दन पासवान एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अशोक शर्मा उपस्थित थे।कार्यक्रम का शुभ आरंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ शयामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। आगामी 7 तारीख को राज्य सरकार के नीतियों के विरोध में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मंडल अध्यक्ष ने सभी पंचायत के कार्यकताओं को कार्यक्रम को लेकर व्यापक रूप से प्रकाश डाला। भाजपा कार्यकताओं में जोश भरते हुए निर्धारित कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकताओं से आह्वान किया उन्होंने कहा कि सरकार में बढ़ते भ्रष्टाचार के खिलाफ में झारखंड भाजपा प्रदेश के निर्देश के आलोक में चतरा जिले के सभी 12 प्रखंडों में भाजपा की ओर से जोरदार धरना प्रदर्शन किया जाना है।

# डिग्री कॉलेज की मांग को लेकर छात्रों ने विधायक को सौंपा आवेदन

## बैद्यनाथ राम ने महत्वाकांक्षी, कल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने को लेकर दी विस्तृत जानकारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बारियातू।** प्रखंड कार्यालय परिसर में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन जेएमएम विधायक वैद्यनाथ राम, बीडीओ दीपाली भगत, प्रमुख उर्मिला देवी, जीप सदस्य रमेश राम, उप प्रमुख निशा शाहदेव, राज्य सभा सांसद प्रतिनिधि रीगन कुमार, मुखिया सरिता देवी, पंसस मुनिया देवी व समाजसेवी वीरेंद्र पासवान ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। कार्यक्रम मे उपस्थित ग्रामीण महिला पुरुषों को सम्बोधित करते हुए विधायक श्री राम ने विभिन्न महत्वाकांक्षी, कल्याणकारी योजनाओं की लाभ लेने की विस्तृत जानकारी दी गई। क्षेत्रवासियों को समस्या के समाधान के लिए सभी विभागों का स्टॉल में आवेदन देने के सम्बन्ध बताया गया। वहीं उक्त स्टॉल मे आवेदन भी जमा की गई। इधर परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू के छात्र सहित अन्य छात्रों ने बारियातू प्रखंड मे डिग्री कॉलेज की मांग के लिए हाथ में बैनर लेकर शिविर मे पहुंचे। छात्रों ने विधायक श्री राम से मिलकर डिग्री कॉलेज नहीं रहने से आसपास के छात्रों को हो रहे परेशानी के सम्बन्ध मे जानकारी दिए। डिग्री कॉलेज मांग के लिए दर्जनों छात्र छात्रों की हस्ताक्षरयुक्त हस्तलिखित आवेदन शिक्षा मंत्री के नाम पर सौपा गया। इसपर विधायक ने कहा की लातेहार मे डिग्री कॉलेज का भवन तैयार है जल्द ही शुरू करने की कोशिश की जा रही है। बारियातू मे डिग्री कॉलेज के लिए लगभग चार से पांच एकड़ भूमि चाहिए। भूमि उपलब्ध होने पर शिक्षा मंत्री से बात कर डिग्री कॉलेज के लिए बात रखी जाएगी। डिग्री कॉलेज बनवाने को लेकर हर संभव प्रयास का आश्वासन दिया।

वहीं परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू के विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष सतेंद्र प्रसाद ने आवेदन के माध्यम से कहा की विद्यालय मे शिक्षक कम है। दस शिक्षक व दो लिपिक प्रतिनियुक्त करने की मांग की। पीएम आवास, पेंशनयोजना, जेएसएलपीएस, जनवितरण प्रणाली, वाल विकास परियोजना, मनरेगा योजना, कृषि, पशुपालन व स्वास्थ्य सहित अन्य स्टॉल लगाकर आवेदन जमा लिए जा रहे थे। वहीं विधायक ने सभी तरह के स्टॉल को निरिक्षण किया।

मंच का संचालन एटीएम शमीम ने की। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद थे।



दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विधायक बैद्यनाथ राम



डिग्री कॉलेज की मांग करते छात्र

# अपराधी सक्रिय, बरवाडीह के चुंगरु से पांच लड़की गायब

## परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर लड़की बेचने का लगा रहे आरोप

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेतला/छिपादोहर।** बरवाडीह प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र के चुंगरु पंचायत से एक बड़ी खबर सामने आ रही है। मामला लड़की बेचने को लेकर है। 26 अक्टूबर दिन बुधवार को चुंगरु से 5 लड़की गायब हो गई है। जिसके लेकर सभी के परिवार वालो ने छिपादोहर थाना में आवेदन भी दिया है, पर अब तक किसी का कोई पता नही चल पाया है। वहीं इस संबंध में पूछे जाने पर लापता लड़कियों के परिजनों ने बताया कि 26 अक्टूबर दिन बुधवार को सुबह सभी घर पर थी हम सभी खेत तरफ काम करने चले गए वापस घर आये तो देखे बेटी घर पर नही है। अभी हमलोग सोचे गांव में ही कहीं होगी पर पूरी रात घर नही आई जिसके बाद गांव में पूछ-ताछ की तो पता चला कि गांव से कुल 5 लड़की गायब है। जिसके बाद हमलोग गांव के मुखिया बालदेव परहिया के पास गए उन्होंने बोला कि ठीक है पता करते है उसके बाद थाना चलेंगे। वहीं दूसरे दिन 27 अक्टूबर को कांति देवी के बेटी फूल कुमारी 9142426048 नंबर से अपने घर के नंबर 9431300103 पर फोन की फोन कांति देवी का बेटा मुकेश परहिया ने फोन उठाया तो बोली कि हमलोग बरवाडीह में है यह बोल कर फोन रख दी जिसके बाद गायब सभी लड़कियों के परिजनों ने छिपादोहर थाना पहुंच कर पूरी मामला का जानकारी देते हुवे आवेदन देकर सभी लड़की को सुरक्षित घर लाने व दोषियों पर कार्रवाई करने का गुहार लगाई है। चुंगरु पंचायत से गायब सभी लड़की नाबालिक है इस दौरान छिपादोहर थाना प्रभारी विश्वजीत तिवारी से बात करने पर बताया कि आवेदन देने के समय मैं अवकास में था अवकास के बाद सेवा में आने के बाद मैं आवेदन को देखा हुं, इसमें पुलिस सक्रिय होकर जांच-पड़ताल कर रही है, जल्द ही इस मामला का खुलासा कर दिया जाएगा।



जानकारी देते परिजन

### मुरपा जाने वाला पथ पर अगले आदेश तक आवागमन रहेगा बाधित

**बालूमाथ।** बालूमाथ मुरपा पथ में 4 नवंबर से आवागमन बाधित रहेगा। उपरोक्त जानकारी देते हुए टोरी शिवपुर थर्ड रेल लाइन निर्माण कार्य करा रहे दिनेशचंद्र आर॰अग्रवाल इंफ्राकंट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधि कृपाशंकर सिंह ने बताया कि बालूमाथ से मुरपा के बीच झारखंड ढाबा के समीप पूर्व में बने रेलवे ब्रिज का चौड़ीकरण का कार्य किया जाना है। जिला प्रशासन के आदेशाअनुसार अगले आदेश तक आवागमन बाधित रहेगा। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा है कि आवागमन बाधित होने के कारण कंपनी खेद प्रकट करती है। उन्होंने अपील करते हुए कहा है कि इस रास्ता से आने जाने वाले लोग दूसरे रास्ता का प्रयोग कर करें। ज्ञात हो कि थर्ड रेल लाइन कार्य के दौरान जितने भी पुल पुलिया या ब्रिज पड़ेगा वैसे सभी स्थानों पर चौड़ीकरण का कार्य किया जाएगा।

# इनामी नक्सली जितेंद्र गंझू चढ़ा पुलिस के हत्थे



गिरफ्तार माओवादी व जानकारी देती पुलिस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजनी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संतोष कुमार मिश्र व पुनि सह थाना प्रभारी मदन कुमार शर्मा की अगुवाई में विशेष टीम ने चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुदूरवर्ती दूधीमाटी से एक लाख का इनामी फिरार नक्सली जितेंद्र गंझू उर्फ जीवन जी पिता सघन गंझू को गिरफ्तार कर मंडल कारा लातेहार भेज दिया। चंदवा थाना में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए एसडीपीओ संतोष मिश्र ने बताया कि गिरफ्तार जितेंद्र गंझू कुख्यात माओवादी रविन्द्र गंझू के दस्ते में काम कर चुका है, इसके खिलाफ चंदवा थाना व अन्य थानों में आर्म्स एक्ट, सीएलए एक्ट व यूएपीए एक्ट के विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज है।

छापामारी दल में एसडीपीओ संतोष कुमार मिश्र के अलावे पुनि सह थाना प्रभारी मदन शर्मा, पुअनि नारायण यादव, दिव्य प्रकाश, सुनील टूटी, सअनि अरविंद सिंह, मो. शाहरुख अंसारी समेत दल बल के जवान शामिल थे।

### डीटीओ ने बालूमाथ-बारियातू के बीच किया वाहन चेकिंग

**बालूमाथ।** लातेहार जिला परिवहन पदाधिकारी संतोष कुमार सिंह ने गुरुवार की सुबह बालूमाथ बारियातू के बीच बरनी ग्राम के समीप ओवरलोड लेकर आ रहा हाईवा जेएच 13डी 9328 को पकड़ा। वाहन चालक से कागजात की मांग की गयी। लेकिन वाहन चालक द्वारा किसी भी प्रकार का कोई भी कागजात नहीं दिया गया जिसके बाद बाद उक्त हाईवा को ओवरलोड जांच करने के लिए बालूमाथ में धर्मकांटा में कांटा कराया जहां 6 टन से अधिक पत्थर लोड पाया गया। उक्त हाईवा को जब्त करने के दो घंटा बाद चतरा जिला के सिमरिया थाना के सिकरी ग्राम के पत्थर लीजधारक संजय कुमार, आशीष कुमार का कांटा हुआ व ई-चालान प्रस्तुत किया गया। जिस पर चालान काटने का समय सुबह 10:50 में निर्गत की गई है। जबकि उक्त हाईवा को लगभग 10:00 बजे ही पकड़ लिया गया था। डीटीओ ने बताया कि दो घंटे बाद जो चालान प्रस्तुत किया गया है। वह साल्वे क्रशर के लिए काटी गई है। जबकि हाईवा को बालूमाथ रूट के बरनी के पास पकड़ा गया है। पकड़े गए हाईवा में नंबर प्लेट नहीं लगा था। तथा पत्थर को त्रिपाल से नहीं ढका गया था। डीटीओ ने बताया कि चालक द्वारा ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं दिखाया गया है। उन्होंने इस सबंध में जिला खनन पदाधिकारी को पत्र लिखकर चालान की जांच कराकर कार्रवाई करने को कहा है। डीटीओ संतोष कुमार सिंह ने कहा कि परिवहन एक्ट का उल्लंघन करने पर हाईवा मालिक को फाइन किया जाएगा।

### आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगा विकास शिविर



शिविर में उपस्थित पदाधिकारी व अन्य

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** प्रखण्ड के कामता पंचायत स्थित पंचायत भवन परिसर में शुक्रवार को आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विकास शिविर आयोजित की गई। शिविर का उद्घाटन बीडीओ विजय कुमार, मुखिया नरेश भगत, पंसस अयूब खान, बीपीओ रतन शाहदेव व अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के उपरांत शिविर में मौजूद लोगों को सरकार द्वारा संचालित विकास योजनाओं की जानकारी देते हुए बीडीओ ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ के लिए लोगों को भटकना न पड़े इस उद्देश्य से सरकार आपके द्वार तक आई है। शिविर के माध्यम से योजनाओं को लेकर आवेदन करें व योजनाओं का लाभ उठाएं। विकास शिविर में पशुपालन, स्वास्थ्य, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जेएसएलपीएस, श्रम निबंधन, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग समेत अन्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टाल लगाए गए थे जहां लोगो की भीड़ देखी गयी। शिविर में कृषि पदाधिकारी रामनाथ यादव, डीलर शाहिद खान, वार्ड सदस्य जमरुल खान समेत सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

अलारसा का थर्ड द्विवार्षिक महाधिवेशन सह फैमली सेफ्टी सेमिनार का होगा आयोजन

# एनपीएस समाप्त करना और निजीकरण को बंद कराना अलारसा का उद्देश्य : कमलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह।** ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन का थर्ड द्विवार्षिक महाधिवेशन सह फैमली सेफ्टी सेमिनार का आयोजन आगामी 7 नवम्बर दिन सोमवार को बरवाडीह के रेलवे स्पोर्ट्स क्लब में आहूत की गई है। उक्त जानकारी देते हुए एसोसिएशन के बरवाडीह शाखा सचिव कमलेश कुमार ने बताया कि महाधिवेशन में बरवाडीह, टोरी और गढ़वा रोड के सभी रनिंग स्टाफ के साथ-साथ धनबाद और बरकाकाना के अधिकारी, एसोसिएशन के पधाधिकारी और रेल कर्मचारी भी शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसोसिएशन के केंद्रीय महासचिव कामरेड एमएन प्रसाद और विशिष्ट अतिथि केंद्रीय सहायक सचिव कामरेड एके रावत जी शिरकत करेंगे। वहीं मुख्य वक्ता के रूप में डी.बी.दीन, धनबाद मंडल अध्यक्ष डॉ.एसके सिंह, जोनल संयुक्त आर.आर प्रजापति, महासचिव मृत्युंजय कुमार, मंडल सचिव पंकज कुमार, संयुक्त सचिव आर के पांडेय, मंडल संयुक्त सचिव जीएसपी सिंह, मीडिया प्रभारी पीवी शुक्ला तथा मंडल सचिव सुनील कुमार सिंह सहित कई अधिकारी उपस्थित होंगे। वहीं उन्होंने बताया कि महाधिवेशन के रेल कर्मचारियों के प्रमुख ज्वलंत मुद्दों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ आवाज बुलंद किया जायेगा और आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी। बरवाडीह रेलवे हॉस्पिटल में महिला डॉक्टर की व्यवस्था एवं हॉस्पिटल का आधुनिकीकरण कर सभी सुविधा बहाल किया जाए, कर्मचारियों छोटी-छोटी बातों पर मानसिक प्रताड़ित करना बंद किया जाए, वेटिंग रूम में सभी सुविधा बहाल किया जाए साथ ही रोज साफ सफाई की व्यवस्था कराई जाए आदि मुद्दे शामिल है।



कमलेश कुमार (शाखा सचिव)

# प्रकाश राम की पहल के बाद देर शाम चंदवा पहुंचा भुनेश्वर का पार्थिव शरीर

### प्रकाश राम ने वहन किया पोस्टमार्टम कराने और चंदवा तक लाने का खर्च

## जिला प्रशासन से की वार्ता, प्रशासन ने कहा कार्य प्रक्रिया के बाद मिलेगा डेढ़ लाख

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** पूर्व विधायक प्रकाश राम के पहल के बाद थाना क्षेत्र के बोरसीदग निवासी भुनेश्वर मुंडा का पार्थिव शरीर शुक्रवार की देर शाम चंदवा पहुँचा। प्रकाश राम ने भुनेश्वर मुंडा के शव का पोस्टमार्टम करवाने के पश्चात विजयवाड़ा से लाने का इंतजाम करवाया। परिजनों के पास विजयवाड़ा में शव लाने का पैसा ही नही था जिसकी सूचना उन्होंने अपने परिचितों के माध्यम से प्रकाश राम को दिलवाया,जिसके बाद प्रकाश राम ने संपर्क साध शव और परिजनों को चंदवा लाने का इंतजाम करवया। बता दे कि भुनेश्वर की मौत ट्रेन से कटकर आंधप्रदेश के विजयवाड़ा में हो गयी थी। भुनेश्वर कमाने के लिए विशाखापट्टनम जा रहा था गलती से वह विजयवाड़ा में उतर गया था। परिजन अपने स्तर से उसे ढूंढने भी गए। फिर अचानक कॉल आया कि उसका शव रेलवे ट्रैक से बरामद हुआ है। परिजन शव लेकर परेशान थे, इधर-उधर भटक रहे थे। स्थानीय विनीता कुजूर को परिजनों ने इसकी जानकारी दी। जिसके बाद विनीता ने अपने स्तर से हर प्रयास किया और अंत में जानकारी पूर्व विधायक प्रकाश राम को दी।

**प्रशासन ने कहा कागजी प्रक्रिया के पश्चात मिलेगा डेढ़ लाख :** इधर मजदूर भुनेश्वर मुंडा की मौत की जानकारी प्रकाश राम ने स्थानीय जिला प्रशासन को दी और मदद करने की अपील की। प्रशासन के द्वारा जानकारी दिया गया कि फिलहाल विभाग के पास ऐसा कोई फंड नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट, डेथ सर्टिफिकेट आदि कागजात प्रस्तुत करने के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया से गुजरने के बाद उनके परिजनों को डेढ़ लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जायेगी।

**परिजन समेत स्थानीय लोगो ने जताया आभार :** प्रकाश राम के इस पहल पर परिजन समेत स्थानीय लोगों ने प्रकाश राम का आभार जताया। ग्रामीणों ने कहा कि सुख दुख में साथ देने वाला ही सच्चा जनप्रतिनिधि है। भुनेश्वर मुंडा की पत्नी ने पूर्व विधायक के प्रति आभार जताया है कहा उनका यह उपकार जिंदगी भर नहीं भूलूंगी। नेत्री विनीता कुजूर ने भी आभार प्रकट किया है। वही विशाल कुजूर ने कहा कि प्रकाश राम ने विपदा के समय मदद की।



# टाना भगतों द्वारा सिविल कोर्ट के घेराव में पड़हा समाज की कोई भागीदारी नहीं

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** आदिवासी पारम्परिक पड़हा स्वशासन व्यवस्था जिला कमिटी ने पुलिस महानिदेशक, उपायुक्त लातेहार, आरक्षी अधीक्षक लातेहार, अनुमण्डल पदाधिकारी लातेहार के नाम आवेदन सौंपा है। आवेदन के माध्यम से कमिटी के लागों ने कहा है कि 10 अक्टुबर 2022 को लातेहार में टाना भगतों के द्वारा सिविल कोर्ट का घेराव किया गया था इस घेराव में लातेहार जिला के बालूमाथ, हेरहंज, बारियातू, मनिका, लातेहार एवं चंदवा का कोई भी पड़हा पदाधिकारियों ने भाग नहीं लिया था। 10 अक्टुबर को जो आंदोलन हुआ था उस आंदोलन में पड़हा का किसी प्रकार का कोई समर्थन नहीं है। पड़हा को इस आंदोलन में बेवजह बदनाम करने का प्रयास किया जा रहा है एवं पड़हा पदाधिकारियों पर प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें बेवजह परेशान किया जा रहा है। यह आंदोलन पूर्ण रूप से टाना भगतों के द्वारा किया जा रहा है। इस आंदोलन में पड़हा की कोई भागीदारी नहीं है। आदिवासी समाज पड़हा समाज भारतीय संविधान के तहत ग्राम सभा एवं पांचवी अनुसूची के तहत काम करती है एवं विश्वास करती है। आज तक पड़हा के द्वारा जो भी आंदोलन किया गया है वह लोकतांत्रिक तौर तरीकों के आधार पर किया गया है अलोकतांत्रिक तरीके से किया गया किसी भी आंदोलन का पड़हा समाज समर्थन नहीं करती है। मौके पर वीरेंद्र उरांव, बलराम उरांव, सहदेव उरांव, डबलू उरांव, बिहारी उरांव, शंकर उरांव, तेतर उरांव, महेंद्र भगत, सहदुल उरांव, जितेंद्र उरांव, राजेश्वर उरांव, दिलीप उरांव, लल्लु उरांव, बिरसु उरांव, सम्भु उरांव समेत कई लोगों के हस्ताक्षर युक्त आवेदन पदाधिकारियों को सौपा है।

## स्पीड न्यूज

### भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को लेकर बैठक संपन्न, कमेटी गठित

**चंदवा।** आगामी 15 नवंबर को गुरीटांड स्थित धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा स्थली पर मनाए जाने वाले धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की जयंती कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने को लेकर शुक्रवार को बैठक संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता भगवान बिरसा मुंडा स्मारक समिति के अध्यक्ष कर्मा मुंडा ने किया। बैठक में जयंती के मौके पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों एवं लगने वाले जतरा मेला को सफल बनाने को लेकर गंभीरता से चर्चा किया गया व सर्वसमिति से कई निर्णय भी लिए गए। जिसमें जतरा मेला स्थल पर मांस मदिरा के बिक्री को प्रतिबंधित करने, कमिटी के निर्देशन में ही दुकान लगाने आदि निर्णय लिए गए। कार्यक्रमों को सफल बनाने को लेकर सर्वसम्मति से संचालन कमिटी का भी गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष बबन मुंडा, कार्यकारी अध्यक्ष मुखिया रंजीत उरांव, सचिव विनोद भगत, सह सचिव गणेश मुंडा, सुखलाल मुंडा, उपाध्यक्ष सकूल मुंडा, सुरेश मुंडा, सुरेश नाथ लोहरा, संजय मुंडा व रामलखन मुंडा, मंच संचालन सितमोहन मुंडा व बिनेशर उरांव, कोषाध्यक्ष कर्मा मुंडा, मीडिया प्रभारी जतरु मुंडा को बनाया गया वहीं संरक्षक मंडली में धनेश्वर उरांव, सुमन सुनील सोरेंग, पुष्पा देवी, अनूप बड़ाइक, शांति देवी समेत कई लोगो को शामिल किया गया है। इसके अलावे कार्यकारी सदस्य व युवा समिति में दर्जनों लोगों को शामिल किया गया है। बैठक में दर्जनों की संख्या में समाज के प्रबुद्ध जन मौजूद थे।

### प्रखंड प्रशासन, मुखिया व जेएमएम नेता के सार्थक प्रयास से दो वर्ष बाद परिजनों से मिला लालू मुंडा

**चंदवा।** प्रखंड प्रशासन, जमीरा मुखिया दुर्गावती देवी, झामुमो नेता सितमोहन मुंडा व पंचायत के प्रबुद्धजनों के सार्थक प्रयास से विगत दो वर्षों से परिजनों से बिछड़ा लालू मुंडा शुक्रवार को अपने परिजनों से मिला, घर पहुंचने के बाद लालू मुंडा व परिजन काफी खुश नजर आए व उन्होंने सभी को साधुवाद दिया। जानकारी के अनुसार लालू मुंडा विगत दो वर्ष पूर्व गुमशुदा को गया था, जिसके बाद उसका कोई अता-पता नही था, गुरुवार को किसी सज्जन के द्वारा कोलकाता से चंदवा प्रखण्ड प्रशासन को सूचना दिया गया कि चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत जमीरा पंचायत के महुआमिलान का लालू मुंडा कोलकाता में हैं, जो भटककर वहां पहुंचा है। सूचना के बाद प्रखंड प्रशासन के द्वारा उक्त पंचायत के पंचायत प्रतिनिधियों से संपर्क स्थापित कर व्यक्ति से संबंधित जानकारी उनके परिजनों तक पहुंचायी, व्यक्ति की पहचान हो जाने के बाद कलकत्ता से उसे बस से रांची लाया गया जहां से प्रखण्ड प्रशासन द्वारा उसे चंदवा लाया गया व परिजनों को सौप दिया गया।

### लातेहार में शिक्षक संघ ने काला बिल्ला लगाकर अपनी 4 सूत्री मांगों के समर्थन में किया शंखनाद

**लातेहार।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ लातेहार के तत्वाधान में शुक्रवार को शिक्षकों ने काला बिल्ला लगाकर शिक्षण कार्य करते हुए सरकार की दोहरी नीति एवं शिक्षा एवं शिक्षक हित के 4 सूत्री मांगों के निष्पादन के प्रति सरकार के उदासीन रवैया पर क्षोभ प्रकट करते हुए आंदोलन को अंजाम तक ले जाने हेतु संकल्पित होकर सरकार से दो-दो हाथ करने का निर्णय लिया।

**अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ की प्रमुख मांगे :** बिहार राज्य के तर्ज पर झारखंड राज्य के शिक्षकों को टअउढ का लाभ दिया जाए। छठा वेतन आयोग की विसंगतियों का निराकरण करते हुए 16,290 किया जाए। इंटर डिस्ट्रिक्ट ट्रांसफर नियमों का सरलीकरण करते हुए गृह जिला में स्थानांतरण की सुविधा प्रदान की जाए। गैर शैक्षणिक कार्य एवं रिपोर्टिंग के अत्यधिक दबाव से शिक्षकों को पूर्णतः मुक्त किया जाए। कार्यक्रम में जिला महासचिव अजय कुमार, जिला अध्यक्ष अमूल्य रत्न द्विवेदी, ओम प्रकाश, सुरेंद्र पासवान, अमेरिका प्रसाद गुप्ता, शंकर पंडित, घनश्याम प्रसाद गुप्ता, मोहन प्रसाद, सहित जिले के हजारों शिक्षक, शिक्षिकाएं इस काला बिल्ला कार्यक्रम में शामिल रहे।

### ग्रामीणों के बीच किया गया मच्छरदानी का वितरण

**सरयू।** सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेन्ट केडी जोशी के निदेर्शानुसार डोमाखाड़ स्थित सीआरपीएफ 214 बटालियन के (जी) कम्पनी में नागरिक सहायता कार्यक्रम के तहत सैकड़ों ग्रामीणों के बीच मच्छरदानी का वितरण किया गया। वहीं सीआरपीएफ 214 वाहिनी के (जी) के सहायक कमांडेंट सुरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में, लाई, चोरहा, बंदुआ, गासीगाड़ा, डोमाखाड़ गांव के सैकड़ों ग्रामीणों के बीच मच्छर से बचाव के लेकर मच्छरदानी का वितरण किया गया। वहीं जी कम्पनी के सहायक कमांडें सुरेन्द्र कुमार ने बताया कि असहाय ग्रामीणों के लिए सीआरपीएफ 214 बटालियन के द्वारा समय समय पर उपयोग सामग्री का वितरण भी किया जाता है। वहीं इस कार्यक्रम में ग्रामीणों ने गांव में अन्य समस्या को लेकर, सीआरपीएफ 214 बटालियन के कमांडेन्ट के डी जोशी को अवगत कराया गया है। मौके पर 214 बटालियन के कमांडेन्ट के डी जोशी, द्वितीय कमान अधिकारी रणधीर कुमार झा, उप कमांडेंट शाहिद मासूम, चिकित्सा प्रभारी, जी कम्पनी के सहायक कमांडेंट सुरेन्द्र कुमार, संकर लाल चतुर्वेदी, चोरहा पंचायत के मुखिया अंकिता देवी समेत इस शिविर में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## एफसीआई के दिवंगत कर्मियों के आश्रितों का होगा लीज रिनुअल

**सिन्दरी ।** एफसीआईएल के आश्रितों के लिए दिल्ली मुख्यालय से शुक्रवार को खुशखबरी सिन्दरी फैक्स के माध्यम से मिली। जानकारी के अनुसार विगत 2005 से लंबित 247 एफसीआईएल कर्मियों के आश्रितों को शनिवार से पुनः आवंटन की व्यवस्था एफसीआईएल सिन्दरी प्रबंधन करेगा। इसके लिए शनिवार से पत्र के माध्यम से एफसीआईएल के दिवंगत कर्मचारियों के आश्रितों को सूचना दी जाएगी और उनके लीज का पुनरुद्धार किया जाएगा। बताते चलें कि इसकी लड़ाई कई वर्षों से कुछ मंच व दल के नेता करते आ रहे थे।

## सिंदरीः डीएवी राष्ट्रीय खेल आज से शुरू

**सिन्दरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल सिन्दरी में आयोजित तीन दिवसीय डीएवी राष्ट्रीय खेल (सम्भागीय) 2022 में ऋषि आनंद स्वामी क्रीड़ा उद्यान का लोकार्पण व अमर शहीद सिद्धो कान्हू जन्मस्थली की माटी की स्थापना प्रेरणा स्थल पर शनिवार को किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए विद्यालय प्राचार्य आशुतोष कुमार ने बताया कि इस अवसर पर डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति, नई दिल्ली के पी एस 1 निदेशक आर्य रत्न डॉ जे पी शूर मुख्य अतिथि होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में साहिबगंज के वरहेठ भोगनाडीह गाँव से सिदो कान्हु के छठे वंशज प्रपौत्र मंडल मुर्मू जी उपस्थित रहेंगे।

## चिरकुंडा नगर परिषद मे फागिंग मशीन वर्षो से खराब

**चिरकुंडा।** चिरकुंडा डेंगू बीमारी की समस्या की बजह से कई ग्रामिण तथा शहरी क्षेत्र बीमारी के प्रकोप मे है। वही चिरकुंडा नगर प्रशासन इस विषय को लेकर काफी लचीला व्यवहार अपना रहा है। चिरकुंडा मे इन दिनो मच्छरों का प्रकोप भी बढा है पर नगर परिषद के अधिकारी व जनप्रतिनिधी का ध्यान नही है। छठ जैसे पर्व मे जहा ड्रेनेज के आसपास ब्लीचिंग का छिड़काव व शहर मे फागिग का छिड़काव होता था वो इस बार नही हुआ इसका मुख्य कारण है कि चिरकुंडा नगर परिषद मे फागिग मशिन का वर्षो से खराब पडा रहना। चिरकुंडा नगर परिषद मे एक वाहन चालित व एक हैन्डचालित फागिग मशिन था जो वर्षो से खराब पडी हुई है जिसके वजह से फागिग का छिड़काव नही हो पा रहा है इस संबध मे जैम पोर्टल से खरीदारी करने की बात भी अधिकारियो द्वारा की गयी थी पर अबतक यह खरीदारी नही हो सका बोर्ड की बैठक मे यह मांग प्रस्तावित थी पर अधिकारियो व जन प्रतिनिधियो के बिच आपसी सामजस्यता नही बनने के कारण यह खरीद नही हो सका है। वही वाहन चालित फागिग के मशिन सहित अन्य पार्टस भी खोलकर कर्मियो द्वारा कबाड मे फेंक दिया गया है। इस संबध मे सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन ने जानकारी देते हुए बताया कि करीब 12 लाख रूपया विभाग स्वीकृत कर दी है चार दिनो के अंदर फागिग मशिन नगर परिषद को मिल जाएगा एक सप्ताह के अंदर छिड़काव प्रारंभ कर दिया जाएगा।

## बीआईएसएसएस-2सी और 3 में एथिक्स क्लब का गठन

**बोकारो।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत व बच्चों को नैतिक मूल्यों के प्रति जागरूक करने हेतु बीआईएसएसएस.2सी तथा बीआईएसएसएस.3 में श्एथिक्स क्लबश् का गठन किया गया। मौके पर बीएसएल के अधिशासी निदेशक ;कार्मिक एवं प्रशासनद्ध संजय कुमारए मुख्य महाप्रबंधक ;सतर्कताद्ध एवं एसीवीओ अरुण कुमारए उप महाप्रबंधक ;सतर्कताद्धएएस बिसेनए सहायक महाप्रबंधक ;सतर्कताद्ध शनि रंजन सहित सतर्कता विभाग तथा शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारीए शिक्षक एवं छात्र उपस्थित थे। संजय कुमार ने समाज में नैतिकता को बढ़ावा देने के लिए एथिक्स क्लब के गठन को पहला कदम बताया। अरुण कुमार ने विद्यालयों में एथिक्स क्लब की प्रासंगिकता को बताते हुए इसके महत्ता पर प्रकाश डाला।

# शराब कारोबारी की गला रेत कर हत्या

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा जायेगा शव

घटना की जांच के लिए फोरेंसिक टीम को बुलाया गया है घर के अंदर से फिंगर प्रिंट भी लिया जा रहा है। ताकी अपराधियों का पता लगाया जा सके। वहीं मृतक हरिया भुइयां की पत्नी पिंकी देवी ने बताया कि माल बेचने के कारण वह साथ मे नही रहती थी। दिवाली में आई थी और तीन दिन बाद वापस धनसार चली गई थी। बुधवार को बात हुआ था। घर मे पहले भी चोरी की घटना हुई थी। जिसमे दरवाजा तोड़ कर चोर लगभग चालीस हजार रुपया चोरी हो गया था। सम्भवना जताई जा रही है कि शराब पीने पिलाने को लेकर किसी ने हरिया भुइयां का गला काट दिया, क्योंकि हथियार घरेलू चाकू ही है। यह भी संभावना जताया जा रहा है कि चोरी के नियत से आये चोर को देखने के बाद हुई हाथापाई में हरिया की गला रेत दिया। जांच के बाद जी स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**निचितपुर।** भुली डी ब्लॉक सेक्टर 6 आवास संख्या 86 में अहले सुबह पड़ोसी ने कुछ ऐसा देखा कि सभी के होश उड़ गए। अवैध शराब बेचने वाला हरिया भुइयां अपने ही आवास में मृत पाया गया। हरिया भुइयां को तेजधार चाकू से गला रेत दिया गया। हरिया भुइयां के पड़ोस में रहने वाला ईश्वर भुइयां ने अहले सुबह हरिया भुइयां को मृत अवस्था मे देखा और इसकी जानकारी हरिया भुइयां की पत्नी पिंकी देवी को दी। पिंकी देवी ब्राइट कुसुंडा धनसार में अपने तीन बच्चो के साथ रहती है। हरिया भुइयां अवैध शराब बेचने का कार्य करता था जिसके कारण उसकी पत्नी साथ मे नही रहती थी। हरिया अकेले भुली डी ब्लॉक के आवास में रहता था और इसके आमदनी का मुख्य जरिया शराब बेचना था। ब्राइट कुसुंडा धनसार से पत्नी पिंकी देवी के आने के बाद घर के अंदर का दृश्य साफ हुआ। जिसमें हरिया भुइयां की गला रेतकर चाकू बगल में छोड़ दिया गया था।। शव के बगल में एक चाकू बरामद हुआ है जो घरेलू उपयोग करने के लिए होता है। संभव है कि इसी चाकू से हरिया भुइयां का गला काटा गया। घटना की सूचना पाकर भुली पुलिस के एसआई धनंजय कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे व शव का पंचनामा किया। घटना स्थल पर बैंक मोड़ थाना इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार सिंह भी मौजूद थे। घटना स्थल से ब्लड सेम्पल लिया गया।

## सीआईएसएफ के छापे में 40 टन कोयला जब्त

**लोयाबाद।** लोयाबाद थाना क्षेत्र के बाँसजोडा 12 नम्बर मे केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने दोपहर तीन बजे के लगभग छापेमारी कर अवैध कोयला डिपो का भण्डाभोड किया ।जंहा लगभग 40 टन कोयला जब्त किया। लोयाबाद बॉसजोड़ा मे इन दिनो अवैध कोयला का करोबार अपने चरम सीमा पर चल रहा है पुलिस प्रशासन और सी० आइ० एस ० एफ लाख कोशिश करले अवैध कोयला का करोबार रूकने का नाम नही ले रही है, इसका कारण राजनीतिक संरक्षण है। कई लोग तो कोयला का करोबार अपनी बेरोजगारी को दुर करने के लिए कर रहा है तो कई लोग अपने वर्चस्व को स्थापित करने के लिए कोयला का करोबार कर रहा है। वहीं वर्चस्व स्थापित करने को लेकर पिछले दिनो वासुदेवपुर कोलियरी ,मोदीडीह कोलडम्प ,बॉसजोड़ा में दो दलो के बीच काफी हिंसक झड़प हो चुकी है ।इस झड़प में पुलिस प्रशासन और सी० आई०एस० एफ० राजनीतिक संरक्षण के कारण असहाय नजर आई। जहाँ पर सरकारी एजेंसीया ने छापेमारी की है वहां के लोगो ने कहा कि अगर पुलिस और सी० आई० एस० एफ० को छापेमारी करनी है तो थाना क्षेत्र के बड़े समाजसेवी बनते है, उसके अवैध कोयला करोबार पर पुलिस अंकुश लगाके देखे हमलोग तो अपनी गरीबी को दुर करने के लिए करोबार करते है पर सफेदपोश समाजसेवी किस लिए ये करोबार करते है। सी० आई० एस० एफ० और पुलिस में दम है तो लोयाबाद थाना क्षेत्र के बड़े कोयला करोबारी को पकड़ कर दिखावे।

# सड़क किनारे झाड़ियों में मिला बाइक सवार का शव

### सुबह में लोगों ने झाड़ी में देखा शव



खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो/फुसरो।** पेटरवार थाना क्षेत्र अंतर्गत फुसरो . जैनामोड़ मुख्य मार्ग के पिछरी टाटा मोटर ईनार वर्क सोप के समीप घुमावदार सड़क पर बीती गुरुवार की रात्रि अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार की मौत हो गयीण सुबह ग्रामीणों की नजर पड़ीए तो झाड़ियों के बीच मृतक का शव पड़ा थाण इसके पश्चात पेटरवार पुलिस को सूचना दी गयीण इधर स्थानीय लोगों ने आक्रोशित होकर कुछ समय के लिए मुख्य मार्ग को जाम भी किया थाण मृतक की पहचान गौतम कुमार दे ;35 वर्षीयद्ध बोकारो पाचोरा निवासी हैण बताया जाता है कि मृतक पिछरी अपने ससुराल आया थाण ससुर प्रदीप पाल ने बताया कि उनके तीन पुत्री है जिन्हें देखने पिछरी ससुराल आते रहते थेण रात को अपने बच्चों से मिलकर अपने घर जा रहा थाण रात लगभग 9 बजे ससुराल से निकला थाण दुर्घटना कब हुई किसी को जानकारी नहीं हैण सुबह ग्रामीणों ने शव को देखाण गाड़ी के नम्बर से नाम का पता चलने के बाद लोगो ने प्रदीप पॉल को सूचित कियाण प्रदीप पाल शव को देखकर गौतम दे कि पुष्टि कीण जुलाई माह में मृतक की पत्नी झूमा देवी की बीमारी से मौत हो गयी थीण सूचना मिलते ही घटनास्थल में ग्रामीणों की भीड़ लग गयीण मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव;एम आर द्ध का काम करता हैण हेलमेट पहने हुए थाण बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयाण पेटरवार थाना के एएसआई कालीचरण सुंडी व साजिद हुसैन दलबल के साथ घटना स्थल पहुँचकर शव को कब्जे में लियाणभाई माणिक दे सहित परिजनो का रो रोकर बुरा हाल हो गया।

## 14 पंचायत और 3 वार्ड में आज पहुंचेगी आपकी सरकार

**धनबाद।** राज्य सरकार के तीन वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आपकी योजना - आपकी सरकार - आपके द्वार कार्यक्रम के द्वितीय चरण में शनिवार को 14 पंचायत व 3 वार्ड में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शनिवार को टुण्डी के पुरनाडीह पंचायत भवन, कलियासोल में लेदाहरिया मध्य विद्यालय, निरसा में पाण्ड्रा पूर्व खेल मैदान व पाण्ड्रा पश्चिम बालिका मध्य विद्यालय, तोपचांची में लेदाटांड व लोकबाद पंचायत भवन, बाघमारा में फटामहल, रघुनाथपुर व हाथुडीह पंचायत भवन, बलियापुर में जगदीश में कार्यक्रम होंगे।

# ललपनिया में सरना धर्म महासम्मेलन आठ को, डीसी-एसपी ने किया स्थल निरीक्षण



खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/गोमिया।** बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया प्रखंड के ललपनिया स्थित लुगू बुरू घंटाबाड़ी धोरोमगढ स्थल में 07 और 08 नवंबरए 2022 को संथालियों का दो दिवसीय 22वां अंतरराष्ट्रीय महोत्सव होने जा रहा है। इसमें देश.विदेश के आदिवासी यहाँ पूजा करने आते है। दो दिवसीय राजकीय महोत्सव को लेकर उपायुक्त इस बाबत डीसी कुलदीप चौधरी एवं एसपी चंदन कुमार झा ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया। पदाधिकारियों एवं पूजा समिति के साथ श्यामली गेस्ट हाउस में बैठक कर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिये। तैयारी पर संतोष व्यक्त करते हुए उपायुक्त ने कहा कि मुख्यमंत्री का 8 नवंबर को पवित्र धार्मिक स्थल पर आगमन होना है जहाँ पूजा अर्चना की जाएगी। उन्होंने कहा कि लुगुबुरु पहाड़ी के ऊपर श्रद्धालु भारी संख्या मे पवित्र गुफा मे पूजा अर्चना के लिए पहुंचेंगे जिनके स्वास्थ्य सम्बंधी ख्याल हेतु पहाड़ी ऊपर मेडिकल टीम की तैनाती होगी। स्ट्रेचर भी रहेंगे जबकि नीचे कार्डियक एम्बुलेंस एवं सामान्य एम्बुलेंस के साथ साथ कई जगहों पर मेडिकल टीम की तैनाती रहेगी। नीचे स्थित मंदिर में मुख्यमंत्री एवं अन्य विशिष्ट अतिथि गण पूजा करेंगे। पर्याप्त संख्या मे सीसीटीवी कैमरे लगाए जा रहे है। वहीं यात्रा व्यवस्था हेतु सात जगहों पर बस पड़ाव बनाया गया है तथा दो जगहों पर भव्य टेंट सिटी बनाया गया है ताकि श्रद्धालुओं को आराम करने मे दिक्कत का सामना न करना पड़े। जगह.जगह अलाव की व्यवस्था का निर्देश भी दिया गया है।

## सरकार आपके द्वारः 2650 आवेदनों का ऑन द स्पॉट हुआ निष्पादन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बोकारो/कसमार।** आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम के दूसरे चरण के तहत कसमार प्रखंड अन्तर्गत टांगटोना पंचायत सचिवालय में आयोजित शिविर में कुल 2900 आवेदन प्राप्त हुआ जिसमें 2650 ऑन द स्पॉट ऑन लाइन किया गया। शिविर में कुल 21 विभागों की ओर से स्टॉल लगाए गए थेए जिसमें वन विभाग के स्टॉल में कोई भी पदाधिकारी या कर्मी उपस्थित नहीं थे। आयोजन शिविर के मुख्य अतिथि बोकारो जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ए विशिष्ट अतिथि कसमार प्रमुख नियोति कुमारीए टांगटोना मुखिया सुमित्रा कुमारी ए पंसस प्रिया देवी व ज्योत्सना झाए उपमुखिया रामविलास महतो ए पंचायत सचिव शांति राम मोदी ए रोजगार सेवक सुरेन्द्र सहगलए डॉव मोहम्मद नवाबए डॉवसंतोष महतोए प्रखंड सहायक अरविंद कुमार शांडिल्य एअंचल कर्मी किशोर कांतए अनुज कुमार दे मुख्य रूप से शिविर में उपस्थित थे। मुख्य अतिथि बबीता कुमारी व विशिष्ट कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने संयुक्त रूप से लगभग सभी स्वास्थ्यए आपूर्ति ए सामाजिक सुरक्षा पेंशन एकल्याण आदि स्टॉलों में जाकर स्थिति का जायजा लिया। मुख्य अतिथि जिप उपाध्यक्ष बबीता कुमारी ने कहा कि सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण लाभुक अवश्य उठायें । कसमार प्रमुख नियोति कुमारी ने कहा कि शिविर में ही अधिकांश लोगों का निष्पादन करने का भरपूर प्रयास करें तथा जो समस्याएं जिनका निष्पादन ऑन द स्पॉट संभव नहीं है।

## बेरमोः अनूप सिंह के आवास के बाहर केंद्र सरकार के खिलाफ समर्थकों ने किया प्रदर्शन

खबर मन्त्र संवाददाता

**बेरमो।** यह आयकर विभाग ;प्ज्द्ध की रेड नहींए भारतीय जनता पार्टी ;भाजपाद्ध की रेड हैण वे जो भी पूछ रहे हैंए मैं उनका जवाब दे रहा हूं सभी कांग्रेसी विधायकों को तोड़ने की कोशिश की जा रही हैण ये बातें बेरमो से कांग्रेस विधायक कुमार जयमंगल सिंह ने अपने आवास पर हुई छापेमारी की प्रतिक्रिया में कहींण उनके समर्थक लगातार आवास के बाहर प्रदर्शन और नारेबाजी कर रहे हैंण प्रदर्शन और नारेबाजी की खबर मिलने के बाद पुलिस वहां पहुंची और विधायक के समर्थकों को शांत करवाया।

अनूप सिंह के आवास के बाहर पहुंचे बेरमो के थाना प्रभारी.

कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह के बेरमो स्थित आवास पर उनके समर्थकों द्वारा नारेबाजी की खबर मिलते ही बेरमो के थाना प्रभारी रवींद्र कुमार सिंह दल.बल के साथ पहुंचे और लोगों को शांत करवायाण इससे पहले विधायक श्री सिंह ने कार्यकताओं से फोन पर वीडियो कॉल पर बातचीत करके उनका हालचाल लियाण विधायक श्री सिंह के आवास पर उनके छोटे भाई कुमार गौरव और उनकी मां रानी सिंह मौजूद हैं।

## गंगा गौशाला कतरास में भव्य कवि सम्मेलन

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद/कतरास।** श्री गंगा गौशाला कतरास करकेन्द में गोपाष्टमी मेले के अवसर पर भव्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया. कवि सम्मेलन की अध्यक्षता डॉ नेहा प्रियदर्शनी ने की।कार्यक्रम की शुरूआत कवि पंडित अशोक नागर ने सरस्वती वंदना से की। उज्जैन से आए हास्य कवि दिनेश दिग्गज ने ना हो दीवार तो ये खिड़कियां क्या काम आएगी, अगर जो पढ़ नहीं पाए किसी आंख के आंसू तुम्हारे नाम की यह डिग्रियां क्या काम आएगी ...कविता सुनाये. आगरा से आयी कवित्री योगिता चौहान ने इस धरती से उस अंबर तक हर घर अलख जगानी है, जान हथेली पर रखकर हम को गाय बचानी है... चूड़ी तेरे बगैर ना कंगना तेरे बगैर, भाता नहीं है मुझको यह दर्पण तेरे बगैर.सुनी मेरी हथेली है मौका हिना का है,कैसे बनूं बता दूं मैं दुल्हन तेरे बगैर..कविता सुनाकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया.दिल्ली से आयी कवित्री रजनी सिंह अवनि ने ना राधा हूं ना मीरा हूं इसे स्वीकार करती हूं, मगर हर शय मोहन मैं तेरा दीदार करती हू.मेरे आंखों की भाषा ही मेरे मन की थी भाषा है,कभी फुर्सत से पढ़ लेना यही मनुहार करती हूं। मौके पर गौशाला के अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल सचिव महेश अग्रवाल राजेश खंडेलवाल विनोद तुलसियान कमलेश सिंह कृष्ण कन्हैया राय विष्णु चौरसिया जिला परिषद अध्यक्ष शारदा सिंह पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल बजरंग डोकानिया प्रदीप कुमार डा मधुमाला, पूर्व मेयर चंद्रशेखर अग्रवाल वरिया भाजपा नेता पंकज सिन्हा डॉ उमाशंकर सिंह डॉ शिवानी झा यूथ फोर्स के प्रधान संयोजक दीप नारायण सिंह डॉक्टर बी एन चौधरी आदि मौजूद रहे।

# गौशाला ओपी क्षेत्र में नाव घाट से हो रही कोयला तस्करी

### प्रशासन चुप, सेल तस्करी रोकने के लिए दे रहा पत्र




### करोड़ों रुपये के कोयले की हो रही तस्करी

सेल टासरा प्रोजेक्ट से प्रत्येक दिन लाखों रुपए के अवैध कोयला पर तस्करी कर तस्कर करोड़ों रुपए की आसामी बनते नजर आ रहे हैं। जानकारों के अनुसार रात दस बजे से सुबह नौ बजे तक नाव से तस्करी जारी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तस्करी की जानकारी गौशाला ओपी प्रभारी को देने के बाद छापेमारी नहीं कर तस्करों के द्वारा धमकाया जाता है। उन्होंने नाम छुपाते हुए कहा कि प्रकाश महतो, दीपक महतो, तारकनाथ महतो, निरंजन महतो, किशोर महतो भी शामिल है। उन्होंने बताया कि अवैध कोयला तस्करों को गौशाला ओपी प्रभारी व पाथरडीह थाना प्रभारी अभय कुमार का शह प्राप्त है और इसकी सूचना देने पर सूचनादाता को पकड़कर डाँट पिलाई जाती है।

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** गौशाला ओपी क्षेत्र के टासरा प्रोजेक्ट से अवैध कोयला खनन कर दामोदर नदी के नाव घाटों से पश्चिम बंगाल कोयला की तस्करी बदस्तूर जारी है और प्रशासन मूकदर्शक बनकर इसे बढ़ावा दे रही है। इन क्षेत्रों में गौशाला व कांड्रा के दामोदर नदी घाट अवैध तस्करों का पनाहगाह बना हुआ है। इन तस्करों में प्रकाश महतो, दीपक महतो, तारकनाथ महतो, मुकेश महतो सहित दर्जनों चर्चित नाम शामिल है। सेल प्रबंधन के अधिकारी बताते हैं कि अवैध कोयला तस्करी को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन को प्रत्येक दो दिनों में पत्र दिया जा रहा है। सेल चासनाला की महत्वाकांक्षी परियोजना टासरा प्रोजेक्ट से अवैध खनन कर कोयला तस्करी दामोदर नदी के सहारे नाव के द्वारा व साइकिल और वेस्पा के जरिए सड़क के माध्यम से लगातार तस्करी जारी है। सिन्दरी बस्ती करगली घाट, डोमगढ़ इच्छर घाट, दामोदर नदी 5 नंबर, 4 नंबर, 3 नंबर, दामोदर नदी चूड़ी पट्टी छठ घाट, कांड्रा के श्मशान घाट, चासनाला फिल्टर प्लांट घाट, माँ कल्याणेश्वरी के पीछे नदी घाट से लगातार कोयला तस्करी जारी है। इसे पूरा करने के लिए गरीब महिलाओं, स्थानीय लोगों व बंगाल से तस्करों को बुलाकर तस्करी की जा रही है।

## एक नजर में

## काला बिल्ला लगाकर किया शैक्षणिक कार्य

**बाघमारा।** अपने 4 सूत्री लंबित मांगों को पाने के लिए अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर क्षेत्र के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने काला बिल्ला लगाकर सरकार के दोहरी नीतियों पर आक्रोश जताया। संघ के विनय रंजन तिवारी एवम् प्रवीण कुमार लाला ने कहा है कि कल भी शिक्षक काला बिल्ला लगाकर अपना विरोध जारी रखेंगे। 7 से 12 नवंबर तक स्थानीय विधायक को ज्ञापन सौंपा जाएगा। आंदोलन को सफल बनाने में विनय रंजन तिवारी, मदन मोहन महतो, प्रवीण कुमार लाला, बिजेंद्र मिश्रा,संजय कुमार सुमन,पंकज कुमार मंडल,राकेश कुमार, धनंजय कुमार, राजेन्द्र कुमार, ब्रजेश भट्ट, मो०उस्मानी,रेखा कुमारी, सरला,रामानंद पासवान,अकलू मोहली, शैलेश,देवानंद सिंह,कामु प्रसाद, बिरेंद्र मिस्त्री,रूपेश वर्मन,राखी कुमारी, अजय कुमार पांडेय,रेखा कुमारी,देवानंद पासवान, दीपक कुमार सिन्हा,दीपक कुमार वर्णवाल, माणीक चन्द्र दास,विजय चौरसिया ,अनिता कुमारी, सुभाष वर्णवाल, रामेश्वर महतो आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## ईडी एमएम कांफ्रेंस हॉल में वेंडर मीट

बोकारो। बोकारो संयंत्र में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत ईडी ;एमएमद्ध के कांफ्रेंस हाल में आपूर्तिकताओं के लिए वेंडर मीट का आयोजन किया गया ।इस दौरान कार्यकारी अधिशासी निदेशक ;सामग्री प्रबंधनद्ध सह मुख्य महाप्रबंधक ;सामग्री प्रबंधनद्ध अनिल कुमारए सीजीएम ;विजिलेंसद्धव एसीवीओ अरुण कुमारएजीएम ;इंस्पेक्शनद्ध के भट्टाचार्यए जीएम ;सतर्कताद्ध एम के दुबे सहित सामग्री प्रबंधन विभाग के अन्य अधिकारी तथा आपूर्तिकर्ता उपस्थित थे। अरुण कुमार ने एक प्रस्तुतीकरण के माध्यम से सतर्कता से जुड़ी विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी। धन्यवाद ज्ञापन एम के दुबे ने किया।

## छापामारी टीम की गाड़ी पर लगा था भाजपा का स्टीकर, वीडियो वायरल

**बेरमो।** शुक्रवार को अहले सुबह से आयकर विभाग की टीम छापामारी करने जिन गाड़ी से विधायक जी के आवास पर पहुचे उसमे से एक गाड़ी पर बीजेपी का स्टीकर लगा हुआ थाण बीजेपी के स्टीकर वाली गाड़ी का वीडियो .फोटो वायरल हो रहा है। यह गाड़ी कांग्रेस विधायक अनूप सिंह के आवास में छापेमारी करने गये अधिकारियों को लेकर आई थी। आनन.फानन में निकाला गया स्टीकर .जेएच01एल 5626 नंबर की इनोवा गाड़ी में बीजेपी का स्टीकर लगा हुआ था।

## पेज एक का शेष

### आदिवासी सीएम के खिलाफ ...

आने वाले समय में राजनीतिक अखाड़ा में शेष बचे हुए लोगों को फेंकने का काम किया जाएगा। इनके व्यापारी मित्र जनता का पैसा लेकर विदेश में भाग जाते हैं। और यह लोग चुप बैठे रह जाते हैं। देश में महंगाई बेलगाम है। भाजपा वाले फ्री गैस सिलेंडर देकर गरीब जनता से पैसा वसूलने का काम कर रहे है।

**24 योजनाओं का उद्घाटन-शिलान्यास :** सीएम हेमंत सोरेन ने पलामू में आपकी योजना आपकी सरकार आपके द्वार कार्यक्रम में 24 योजनाओं का उदघाटन और 33 योजनाओं की आधारशिला भी रखी।इस दौरान 142 करोड़ रुपये का परिसंपत्तियों का वितरण किया। इस दौरान उनकी सुरक्षा काफी कड़ी थी।

### कांग्रेस के दो विधायकों ...

गैर भाजपा शासित सरकारों को अस्थिर करने की कोशिश की जा रही है। प्रदीप यादव पौड़ैयाहाट से कांग्रेस विधायक हैं, वहीं कुमार जयमंगल सिंह बेरमो से विधायक हैं। कोयला व्यवसायी अजय कुमार सिंह के घर पर भी इडी की टीम ने दबिश दी। अजय कुमार सिंह, विधायक अनूप सिंह के करीबी हैं। शिवशंकर यादव के यहां भी छापे पड़े हैं। कांग्रेसी नेताओं के अलावा रांची स्थित न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल के ठिकानों पर भी छापेमारी चल रही है। रांची में टीमें आठ गाड़ियों से पहुंची हैं। टीम के अधिकारी दोनों विधायकों के गोड्डा, रांची के कांके रोड और डोरंडा स्थित नौ ठिकानों पर छापामारी कर रही है।

**न्यूक्लियस मॉल के विष्णु अग्रवाल और शाह ब्रदर्स पर भी शिकंजा :** झारखंड के रियल स्टेट कारोबारी विष्णु अग्रवाल, चाईबासा के लौह अयस्क कारोबारी राजकुमार शाह (शाह ब्रदर्स) और बेरमो के कोयला कारोबारी अजय सिंह के यहां भी छापेमारी हुई है। इनकम टैक्स के अधिकारियों ने राजकुमार शाह के जमशेदपुर के बिष्टुपुर सर्किट स्थित आवास, पोटका स्थित शाह स्पंज कंपनी और आदित्यपुर इंडस्ट्रियल एरिया स्थित स्कोडा शोरूम में एक साथ दबिश दी है। चाईबासा में शाह ब्रदर ग्रुप के आवास व कार्यालय में शुक्रवार की सुबह लगभग 7:30 बजे आयकर अधिकारियों की टीम ने कार्रवाई शुरू की है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता और रांची से 6 वाहनों से आये अधिकारियों की संयुक्त टीम ने आदित्यपुर, हाता, कोलकाता और चाईबासा के आवास और कार्यालयों में आयकर से संबंधित अपनी जांच शुरू की। कंपनी का पश्चिम सिंहभूम जिला के नोवामुंडी प्रखंड में आवंटित करमपदा लौह अयस्क खदान है, इसके साथ ही पूर्वी सिंहभूम में स्पांज प्लांट भी संचालित है। कंपनी के नाम से एक खदान नोवामुंडी प्रखंड के करमपदा शाह ब्रदर लौह अयस्क खदान नाम से आवंटित थी, जिसकी लीज अवधि समाप्त हो चुकी है, कोर्ट के आदेश के बाद लगभग 6 महीने पहले तक खनन किये गए लौह अयस्क का उठाव चल रहा था। मामले में आयकर अधिकारी फिलहाल कुछ भी बोलने से मना कर रहे हैं।

### रिम्स में मरीजों...

**स्क्रिनिंग के बाद होगा इलाज :** झारखंड सरकार और गुजरात के अहमदाबाद के सत्य साई हृदय अस्पताल के द्वारा तीन दिवसीय राज्य स्तरीय निःशुल्क हृदय जांच शिविर रिम्स में लगाया गया है। हृदय रोग से ग्रसित मरीजों की पहले स्क्रीनिंग की गयी। जांच के बाद मरीजों को प्रशांति मेडिकल सर्विसेज एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा राजकोट एवं अहमदाबाद में संचालित सत्य साईं हृदय अस्पताल में रेफर किया जायेगा, जहां मरीजों का पूरा इलाज मुफ्त में किया जाएगा। दस हजार रुपये आने जाने में खर्च सरकार देगी।

### झारखंड विस स्थापना...

स्पीकर ने कहा कि झारखंड विधानसभा देश का पहला विधानसभा हैए जो किसी विधि विश्वविद्यालय के साथ मिलकर इस तरह का कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

**24 छात्र चलायेंगे सदन :** स्पीकर ने कहा कि 24 नवंबर को छात्र संसद का आयोजन किया जा रहा है। झारखंड के विभिन्न विश्वविद्यालयों से चुने गये 24 छात्र 24 नवंबर को सदन चलायेंगे। छात्र इसमें स्पीकर और विधायक की भूमिका में रहेंगे। उन्होंने बताया कि राज्यभर के यूनिवर्सिटी से निर्धारित विषयों पर छात्रों से आलेख मांगा गया था। इसके बाद वर्चुअल माध्यम से छात्रों के द्वारा दी गयी प्रस्तुति के आधार पर 24 छात्रों का चयन किया जायेगा। इस बार छात्र संसद में चर्चा की थीम यूथ फोर रोड सेफ्टी रखा गया है। पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के सहयोग से झारखंड विधानसभा यह कार्यक्रम आयोजित कर रहा है।

**छात्र संसद पूरी तरह एकेडमिक होगा : चक्षु राय :** पीआरएस लेजिस्लेटिव रिसर्च के प्रमुख चक्षु राय ने कहा कि छात्र संसद में रोड सेफ्टी का विषय इसलिए रखा गया है, यह ज्वलंत मुद्दा है। आंकड़ों पर गौर करें तो साल 2020 में झारखंड में 4000 लोग रोड एक्सीडेंट में घायल हुये। इनमें से 3000 की जान चली गई। युवाओं को जागरूक करने से सड़क हादसों में काफी कमी आ सकती है। वहीं संघ व राज्यों के संबंधों पर आयोजित सम्मेलन को लेकर उन्होंने कहा कि किसी भी मुद्दे पर संविधान क्या कहता है और उस पर विशेषज्ञों की क्या राय है, वह इस कार्यक्रम के जरिये जाना जायेगा। यह पूरी तरह एकेडमिक कार्यक्रम होगा। मौके पर कई गणमान्य उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### पंजाब में शिवसेना नेता सुधीर सूरी की हत्या



**अमृतसर।** अमृतसर में मजीठा रोड स्थित गोपाल मंदिर के पास शुक्रवार शाम कुछ अज्ञात हमलावरों ने हिंदू नेता सुधीर सूरी की गोली मारकर हत्या कर दी। हमले के वक्त वे अपने साथियों के साथ मंदिर के बाहर मूर्तियों की हुई बेअदबी को लेकर रोष प्रदर्शन कर रहे थे।

### भाजपा विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द

**मुजफ्फरनगर।** मुजफ्फरनगर जनपद में खतौली से भाजपा विधायक विक्रम सैनी की सदस्यता रद्द हो गई है। अदालत ने उन्हें दो साल की सजा सुनाई थी। साथ ही 10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया था।

### हाजी अली दरगाह पर आतंकी हमले की धमकी

**मुंबई।** मुंबई की हाजी अली दरगाह पर गुरुवार को आतंकी हमले की धमकी मुंबई पुलिस के कंट्रोल रूम को दी गई। पूरी जांच करने पर मौके पर कुछ नहीं मिला। पड़ताल करने पर फोन करने वाला मानसिक रूप से विक्षिप्त पाया गया।

### कुपवाड़ा में बारूदी सुरंग में विस्फोट, महिला जख्मी

**श्रीनगर।** कुपवाड़ा के उड़ी सेक्टर में विस्फोट की घटना सामने आई में इसमें एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई है।

### दिल्ली में आज से प्राइमरी स्कूल बंद

**नयी दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर एलान किया कि आज से दिल्ली में प्राइमरी स्कूल बंद रहेंगे।

### उबरा शेयर बाजार

**मुंबई।** शुक्रवार को सेंसेक्स 113.95 अंक की छलांग लगाकर 60950.36 अंक और निफ्टी 76.75 अंक चढ़कर 18129.45 अंक पर रहा।

### राष्ट्रीय सुरक्षा को बर्बाद कर रही है मोदी सरकार : राहुल-खडगे

**नयी दिल्ली।** मल्लिकार्जुन खडगे तथा राहुल गांधी ने मोदी सरकार पर राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि वह न सैनिकों का सम्मान कर पा रही है और न सेना में भर्ती के इच्छुक युवाओं को सम्मान दे रही है। कांग्रेस नेताओं ने जवानों के लिए मोदी सरकार की नीति को विफल बताया।

## इमरान खान पर हमले के बाद पाकिस्तान में गृहयुद्ध जैसे हालात

# पहली बार सेना के खिलाफ प्रदर्शन

एजेंसी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पर हुए हमले के बाद पूरे देश में बवाल चल रहा है। इमरान खान के समर्थकों ने अलग-अलग शहरों में आगजनी और तोड़फोड़ शुरू कर दी है। सत्ताधारी पार्टी पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन, पाकिस्तान पीपल्स पार्टी और गठबंधन की अन्य पार्टियों के कार्यकर्ताओं पर हमले हो रहे हैं। लोग सेना के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। ये पहली बार है, जब पाकिस्तान के लोग खुलकर सेना के खिलाफ खड़े हो गए हैं।



### सेना के खिलाफ आम लोग सड़कों पर

इमरान समर्थकों ने शुक्रवार को दिनभर पूरे पाकिस्तान में घूम-घूम कर अपने नेता पर हुए हमले के खिलाफ प्रदर्शन किया। इमरान समर्थक कई स्थानों पर उग्र भी हो गये। फैजाबाद में इमरान समर्थकों ने पुलिस पर पथराव कर दिया। इसके जवाब में पुलिस ने भी आंसू गैस के गोले छोड़ने के साथ बल प्रयोग भी किया। उग्र इमरान समर्थकों ने पथराव करने के साथ आगजनी भी की। पुलिस ने लाठी चार्ज कर इन्हें खदेड़ा। इस घटनाक्रम के बाद सरकार ने रावलपिंडी पुलिस को उग्र प्रदर्शनकारियों के साथ सख्ती से पेश आने और उन्हें कानून हाथ में न लेने देने के निर्देश दिए हैं।

इमरान समर्थक सेना पर भी अपना गुस्सा उतार रहे हैं। भारी संख्या में लोग सड़कों पर उतरकर पाकिस्तानी सेना के खिलाफ नारेबाजी कर रहे हैं। पेशावर के कोर कमांडर मेजर जनरल फैसल के खिलाफ खुल कर प्रदर्शन किये जा रहे हैं। इमरान खान की ओर से जिन लोगों पर हमले की साजिश का आरोप लगाया है उनमें मेजर जनरल फैसल का भी नाम है। इन आरोपों के बाद खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के पेशावर जिले में स्थित मेजर जनरल फैसल के घर के बाहर भारी संख्या में लोग एकत्र हो गए। ये लोग फैसल के खिलाफ नारे लगा रहे थे। इस प्रदर्शन का वीडियो भी इमरान की पार्टी द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है।

### कैसे बने पाकिस्तान में ये हालात

पाकिस्तान में सियासी संकट की शुरूआत अक्तूबर 2021 से हुई। जब, प्रधानमंत्री रहते हुए इमरान खान और सेना के बीच आइएसआइ प्रमुख की नियुक्ति को लेकर अनबन हुई।

उस वक्त पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान चाहते थे कि लेफ्टिनेंट जनरल फैज हमीद आइएसआइ प्रमुख बने रहें। वहीं, सेना नदीम अंजुम को नया आइएसआइ चीफ बनाना चाहती थी। इसे लेकर मतभेद शुरू हो गया।

इमरान को न चाहते हुए भी नदीम अंजुम को आइएसआइ चीफ नियुक्त करना पड़ा।

### सेना को सौंपी जा सकती है कमान

डॉन की रिपोर्ट के अनुसार पीटीआई को निशाना बनाकर किए गए इस हमले की सभी राजनीतिक दलों ने व्यापक निंदा की है। पाकिस्तान में इमरान खान को गोली लगने के बाद माहौल और ज्यादा गरम हो गया है। पाकिस्तान में अब आने वाले कुछ दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है। इमरान खान के समर्थक और उग्र हो सकते हैं। वहीं पाकिस्तान में मौजूदा हालात को देखते हुए सेना अपने हाथों में कमान ले सकती है। पाकिस्तान में मार्शल लॉ और इसी तरह के कुछ और उपाय किए जा सकते हैं। जिससे कुछ वक्त तक सेना के हाथों में पूरी ताकत आ सकती है।

## शर्लिन चोपड़ा ने राखी सावंत पर किया पलटवार

मीटू के आरोपों में घिरे बिग बॉस 16 के कंटेस्टेंट साजिद खान को लेकर राखी सावंत और शर्लिन चोपड़ा के बीच विवाद दिन पर दिन गहराता जा रहा है। दरअसल शर्लिन चोपड़ा –साजिद खान के बिग बॉस में जाने से काफी नाराज हैं और उनका कहना है साजिद खान को इस शो का हिस्सा नहीं होना चाहिए। दरअसल, शर्लिन चोपड़ा ने साजिद खान पर मीटू के आरोप लगाए थे। इस बीच ड्रामा क्वीन के नाम से मशहूर राखी सावंत ने हाल ही में अपने एक बयान में शर्लिन चोपड़ा को खूब खरी–खरी सुनाईं थी। राखी सावंत ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा था–कोई केस नहीं लेगा क्योंकि साजिद कसूरवार नहीं हैं। तुम 4 किलो का मेकअप लगाकर, साड़ी पहन कर, मीडिया के सामने दूसरों पर आरोप लगा रही हो..शर्म नहीं आती है तुम्हें? चुल्लू भर पानी में डूब क्यों नहीं जातीं तुम?' वहीं अब शर्लिन चोपड़ा ने राखी सावंत पर पलटवार करते हुए उन्हें करारा जवाब दिया है। शर्लिनने कहा कि राखी सावंत क्या करती है। वो लग्जरी होटल में जाकर प्राइवेट इंवेट करती हैं और करवाती भी हैं। इसके अलावा वो सब्सक्रिप्शन बॉयफ्रेंड और हसबैंड बनाती हैं। इसके साथ ही वो एक साल में इन भाड़े के पति और बॉयफ्रेंड को चूस–चूसकर कंगाल कर देती हैं कि वो उसे छोड़कर भाग जाते हैं। यही है उसकी असलियत।'



## सेना ने पांच मेक II परियोजना के लिए पीएसओ को दी मंजूरी

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** अपनी चल रही परियोजनाओं को और बढ़ावा देने के लिए सेना ने अब पांच मेक II परियोजनाओं के परियोजना स्वीकृति आदेश (पीएसओ) को मंजूरी दे दी है। मेक II परियोजनाएं उद्योग द्वारा वित्त पोषित परियोजनाएं हैं जिनमें प्रोटोटाइप के विकास के लिए भारतीय विक्रेताओं द्वारा डिजाइन, विकास और नवाचार शामिल हैं। इससे पहले भारतीय सेना ने गुरुवार को भारत सरकार द्वारा रक्षा बलों को दी गई आपातकालीन खरीद शक्तियों के तहत फास्ट-ट्रैक प्रक्रियाओं के जरिए तहत 120 लॉयटरिंग म्यूनिशंस यानी सुसाइड ड्रोन के साथ हवा में मार करने में सक्षम प्रणाली के 10 सेट की खरीद के लिए निविदा जारी की है। भारतीय सेना के एक अधिकारी ने इसके बारे में जानकारी दी। इससे पहले सेना ने 750 ड्रोन्स की खरीद के लिए एक निविदा जारी की है। वहीं, कुछ दिनों पहले 1,000 निगरानी कॉप्टरों की खरीद के लिए भी निविदा जारी हुई थी। साथ ही सेना ने चीन से लगी एलएसी पर अपनी ताकत बढ़ाने के लिए रिमोट से चलने वाली 80 मिनी विमान प्रणाली की खरीद के लिए भी टेंडर जारी किए थे।

## दिल्ली एमसीडी चुनाव के लिए 4 दिसंबर को होगा मतदान, 7 को परिणाम

**नयी दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम चुनाव 2022 के लिए 4 दिसंबर को मतदान होगा और 7 दिसंबर को इसका परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। दिल्ली राज्य निर्वाचन आयोग के आयुक्त विजय सिंह देव ने शुक्रवार को चुनाव की तारीख का ऐलान किया। इसके साथ ही दिल्ली में चुनाव आचार संहिता भी लागू हो गई है। दिल्ली नगर निगम के ताजा परिसीमन के मुताबिक, इस बार 250 सीटों पर मतदान होगा। दिल्ली नगर निगम के एकीकरण के बाद 272 की जगह 250 वार्ड हो गए हैं। लंबे समय के इंतजार के बाद दिल्ली नगर निगम के चुनाव की घोषणा हुई।

# एससी ने कर्मचारी पेंशन योजना-2014 को वैध ठहराया

### योजना का लाभ लेने के लिए 15000 वेतन की सीमा रद्द

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने ईपीएफ पेंशन मामले में अपना महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। कोर्ट के इस फैसले का असर देश भर के कर्मचारियों पर पड़ेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना 2014 की वैधता को बरकरार रखा है लेकिन कोर्ट ने पेंशन फंड में शामिल होने के लिए 15,000 रुपये मासिक वेतन की सीमा को रद्द कर दिया है। 2014 के संशोधन ने अधिकतम पेंशन योग्य वेतन (मूल वेतन प्लस महंगाई भत्ता) को 15,000 रुपये प्रति माह पर सीमित कर दिया था।

संशोधन से पहले अधिकतम पेंशन योग्य वेतन 6,500 रुपये प्रति माह था।

**15 हजार से अधिक वेतन पर अतिरिक्त योगदान देने का शर्त भी हटाया**



पीठ ने इसके साथ ही 2014 की योजना की उस शर्त को भी अमान्य करार दिया है जिसके तहत कर्मचारियों को 15,000 रुपये से अधिक के वेतन पर 1.16 प्रतिशत का अतिरिक्त योगदान देना होता था। पीठ ने यह भी कहा कि सीमा से अधिक वेतन पर अतिरिक्त योगदान करने की शर्त स्वेच्छिक होगी, लेकिन यह भी जोड़ा कि निर्णय के इस हिस्से को छह महीने के लिए निलंबित रखा जाएगा ताकि अधिकारियों को धन जेनरेट करने में सक्षम बनाया जा सके।

**चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली बेंच ने दिया फैसला**

सीजेआइ जस्टिस यूयू लिलित, जस्टिस अनिरुद्ध बोस और जस्टिस सुधांशु धुलिया ने अपने फैसले में कई जरूरी बातें कही है। कोर्ट ने अपने फैसले में कहा है कि कर्मचारी पेंशन (संशोधन) योजना, 2014 के प्रावधान कानूनी और वैध हैं। पीठ ने कहा कि जिन कर्मचारियों ने पेंशन योजना में शामिल होने के विकल्प का इस्तेमाल नहीं किया है, उन्हें छह महीने के भीतर ऐसा करना होगा।

**अलग-अलग हाईकोर्ट के निर्णयों में नहीं थी स्पष्टता**

सुप्रीम कोर्ट की ओर से कहा गया है कि पात्र कर्मचारी जो कट-ऑफ तारीख तक योजना में शामिल नहीं हो सके हैं उन्हें एक अतिरिक्त मौका दिया जाना चाहिए, क्योंकि केरल, राजस्थान और दिल्ली के उच्च न्यायालयों की ओर से पारित निर्णयों के मद्देनजर इस मुद्दे पर स्पष्टता की कमी थी।

### नीतीश के राष्ट्रीय महागठबंधन को बदरुद्दीन का समर्थन

**गुवाहाटी।** अखिल भारतीय संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (एआइयूडीएफ) के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने शुक्रवार को कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा बनाए जा रहे राष्ट्रीय महागठबंधन का हमने स्वागत किया है। हम चाहते हैं कि यह महागठबंधन असम में भी सफल हो। उन्होंने बताया नीतीश कुमार एक महीने में यहां आएंगे। एआइयूडीएफ प्रमुख ने कहा, हमें उम्मीद है कि ममता बनर्जी और कांग्रेस इस महागठबंधन में शामिल होंगे। अजमल ने कहा कि इस गठबंधन का गठन भाजपा को केंद्र की सत्ता से हटाने के लिए किया गया है।

## एलन मस्क का फैसला : ट्विटर ने भारत में पूरी मार्केटिंग और कम्युनिकेशन टीम को किया बर्खास्त

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** ट्विटर ने शुक्रवार को भारत में बड़े पैमाने पर छंटनी की घोषणा की। दुनिया के सबसे अमीर आदमी एलन मस्क द्वारा कंपनी खरीदे जाने के बाद कई देशों में ट्विटर छंटनी कर रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, ट्विटर ने भारत में अपनी पूरी मार्केटिंग और कम्युनिकेशन टीम को बर्खास्त कर दिया है। ट्विटर ने वैश्विक स्तर पर वर्कफोर्स में कमी करने की योजना के तहत भारत में कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर की है। मस्क ने पिछले हफ्ते ट्विटर के सीईओ पराग अग्रवाल के साथ ही मुख्य वित्त अधिकारी



(सीएफओ) और कुछ अन्य शीर्ष अधिकारियों को निकाल दिया था। उन्होंने ट्विटर का अधिग्रहण करने के तुरंत बाद ऐसा किया। इसके बाद शीर्ष प्रबंधन के कई लोगों ने इस्तीफा दिया। मस्क ने अब कंपनी के वैश्विक कार्यबल को कम करने के लिए बड़े पैमाने पर छंटनी शुरू की है। ट्विटर इंडिया के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया, 'छंटनी शुरू हो गई है। मेरे कुछ सहयोगियों को इस बारे में ईमेल से सूचना मिली है।'

एक अन्य सूत्र ने कहा कि छंटनी ने भारतीय टीम के महत्वपूर्ण हिस्से को प्रभावित किया है। हालांकि, अभी छंटनी का पूरा ब्योरा नहीं मिला है।

### यूरोपियन नियामकों ने भारत के छह प्रमुख संस्थानों को अयोग्य ठहराया

**नयी दिल्ली।** यरोप के वित्तीय नियामकों ने छह प्रमुख भारतीय आर्थिक संस्थानों को अयोग्य ठहरा दिया है। यूरोपीय संघ (ईयू) की फाइनेंशियल मार्केट्स अथॉरिटी (ईएसएमए) और बैंक ऑफ इंग्लैंड ने जिन प्रमुख भारतीय संस्थाओं की मान्यता समाप्त कर दी है उनमें क्लियरिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआईएल), एनएसई क्लियरिंग लिमिटेड (एनएससीसीएल) और इंडियन क्लियरिंग कॉर्प (आईसीसीएल) जैसे बड़े नाम शामिल हैं। बता दें इन संस्थानों के माध्यम से फॉरेन एक्सचेंज, डेरिवेटिव्स, सरकारी बॉन्ड और प्रतिभूतियों के ट्रेड का निपटान किया जाता है।

## किम जोंग ने दक्षिण कोरिया की सीमा पर भेजे 180 लड़ाकू विमान



एजेंसी

**सियोल।** रूस और यूक्रेन के बीच जारी जंग ने पहले ही दुनिया का बड़ा नुकसान किया है और ऐसे में एक और युद्ध तबाही मचा सकता है। मामला दक्षिण कोरिया और उत्तर कोरिया का है। दोनों देश एक बार फिर से युद्ध के मुहाने पर खड़े हैं। दक्षिण कोरिया की सेना ने कहा कि उसके पड़ोसी देश उत्तर कोरिया ने उसकी सीमा पर करीब 180 लड़ाकू विमान भेजे। दक्षिण कोरिया ने 180 उत्तर कोरियाई युद्धक विमानों का पता लगाने के बाद अपने लड़ाकू विमानों को मैदान में उतार दिया। दक्षिण कोरियाई सेना ने एक बयान में कहा, उत्तर कोरियाई विमान ने तथाकथित सामरिक माप रेखा के उत्तर में उड़ान भरी। उत्तर कोरिया के जवाब में दक्षिण कोरिया ने एफ-35ए स्टील्थ फाइटर्स सहित 80 विमानों को उतारा। सेना ने कहा कि अमेरिका के साथ विजिलेंट स्टॉर्म हवाई अभ्यास में भाग लेने वाले लगभग 240 विमानों ने अपना अभ्यास जारी रखा है।

किम जोंग इसी अभ्यास के खिलाफ हैं और इसीलिए दक्षिण कोरिया को धमका रहे हैं। वैसे ये पहला मौका नहीं है जब किंम ने अपने विमानों को दक्षिण कोरियाई सीमा के पास भेजा है। पिछले महीने 10 उत्तर कोरियाई युद्धक विमान सीमा के पास आए थे।




## हारते-हारते जीता ऑस्ट्रेलिया, अफगान को चार रन से हराया न्यूजीलैंड सेमीफाइनल में जगह बनाने वाली पहली टीम



**श्रीलंका सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर**

**एडिलेड।** टी20 वर्ल्ड कप का 38वां मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और अफगानिस्तान के बीच एडिलेड में खेला गया। अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। उसे चार रन से हार का सामना करना पड़ा। मैच में ऑस्ट्रेलिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट पर 168 रन बनाए। उसके लिए ग्लेन मैक्सवेल ने 54 और मिचेल मार्श ने 45 रन बनाए। जवाब में अफगानिस्तान की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 164 रन ही बना सकी। राशिद खान ने 23 गेंद पर 48 रनों की नाबाद पारी खेली, लेकिन वह टीम को जीत नहीं दिला सके। आखिरी ओवर में अफगानिस्तान को जीत के लिए 22 रन बनाने थे, लेकिन वह 17 रन ही बना सका।

अफगानिस्तान के खिलाफ हारते-हारते बचा ऑस्ट्रेलिया इस जीत के साथ ही उसने सेमीफाइनल की अपनी उम्मीदों को कायम रखा है। उसने अफगानिस्तान को हराने के साथ-साथ श्रीलंका को सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया के पांच मैच में सात अंक हो गए हैं। न्यूजीलैंड के भी पांच मैच में सात अंक हैं। वह बेहतर नेट रनरेट के आधार पर ऑस्ट्रेलिया से आगे है। ऑस्ट्रेलिया को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए अब शनिवार को इंग्लैंड के खिलाफ श्रीलंका की जीत की दुआ मांगनी होगी। अगर लंकाई टीम मैच जीत जाती है तो वह इंग्लैंड को बाहर कर देगी। वहीं, इंग्लैंड जीतता है तो उसके सात अंक हो जाएंगे और वह बेहतर नेट रनरेट के आधार पर सेमीफाइनल में पहुंचा जाएगा।

### न्यूजीलैंड ने जीत के साथ सेफा के लिए क्वालिफाई किया



**एडिलेड।** न्यूजीलैंड ने केन विलियमसन (61) के विस्फोटक अर्द्धशतक और लोकी फर्ग्यूसन (22/3) की अगुवाई में गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शुक्रवार को टी20 विश्व कप 2022 के सुपर–12 मुकाबले में आयरलैंड को 35 रन से मात देकर सेमीफाइनल के लिये क्वालीफाई किया। न्यूजीलैंड ने ग्रुप–1 मैच में आयरलैंड के सामने 186 रन का लक्ष्य रखा, जिसके जवाब में आयरलैंड 150 रन ही बना सकी।

## जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच के लिए मेलबर्न पहुंची टीम इंडिया



**मेलबर्न।** भारत और जिम्बाब्वे के बीच टी20 वर्ल्ड कप का 42वां मुकाबला मेलबर्न में रविवार (छह नवंबर) को खेला जाएगा। यह सुपर-12 राउंड का आखिरी मैच होगा। दोनों टीमें टी20 वर्ल्ड कप के इतिहास में पहली बार आमने-सामने होंगी। एक तरफ, भारतीय टीम इस समय शानदार फॉर्म में चल रही है तो दूसरी ओर जिम्बाब्वे उलटफेर करने में माहिर है। ऐसे में टीम इंडिया को उसके खिलाफ सावधान रहना पड़ेगा। भारतीय टीम चार मैच में तीन जीत के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर है। उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए एक जीत की तलाश है। वहीं, जिम्बाब्वे के खिलाफ हार के बाद टीम टूर्नामेंट से बाहर भी हो सकती है। इधर, टीम इंडिया मैच के लिए मेलबर्न पहुंच गई है। फैन्स ने इंडिया-इंडिया के नारे लगाए। साथ ही लोग अपने फेवरेट स्टार की तस्वीर लेने में मशगूल रहे।

VERMA PRESS

वर्मा प्रेस प्रा० लि० रॉंची

Verma's® Today®

शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 120 | Hindi | ₹ 100 |
| English | ₹ 120 | English | ₹ 120 |
| Mathematics | ₹ 120 | Mathematics | ₹ 120 |
| Science | ₹ 120 | Science | ₹ 120 |
| Social Science | ₹ 120 | Social Science | ₹ 120 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 80 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 | Hindi Vyakaran – II | ₹ 100 |
| English Grammar – II | ₹ 100 | English Grammar – II | ₹ 100 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 70 |
| Hindi Practical | ₹ 50 | Hindi Practical | ₹ 50 |
| English Practical | ₹ 50 | English Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 60 | Science Practical | ₹ 55 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | S. Science Practical | ₹ 60 |
| Sanskrit Practical | ₹ 50 | Sanskrit Practical | ₹ 50 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !